e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com
रांची संस्करण
हिन्दी दैनिक
# प्रभात मंत्र
वर्ष 10, अंक 130
रविवार
14.05.2023
RNI No. - JHAHIN/2014/59110
taja खबरों के लिए देखें prabhatmantra.com
पृष्ठ 12 | मूल्य 4 रुपये
पोस्टल रजिस्ट्रेशन : आरएन /257/2021-23

**सुविचार**

कमजोर व्यक्ति तब रूक जाते हैं जब वो थक जाते हैं और आगे नहीं चल पाते, लेकिन एक विजेता तभी रूकता है जब वो विजय हो जाता है।

असर्फी हॉस्पीटल
आपका अपना सुपर स्पेशिएलिटी हॉस्पिटल
कैंसर रोग विभाग
धनबाद में पहली बार
Full Time
Medical Oncologist
उपलब्ध
Dr Parag Roy
MD, DrNB
(Medical Oncology)
दिन: सोमवार से शनिवार
समय: सुबह 10AM से 4PM
09297970030

**रांची का तापमान**

अधिकतम 30°
न्युनतम 18°

## क्विक न्यूज

### सेना ने उड़ी सेक्टर में आतंकियों के घुसपैठ करने की कोशिश विफल की

**बारामूला** : बारामूला जिले में नियंत्रण रेखा पर उड़ी सेक्टर में सेना के सतर्क जवानों ने शनिवार को आतंकवादियों के घुसपैठ करने की कोशिश को विफल कर दिया। अधिकारियों ने कहा कि अब सेना ने इलाके में तलाशी अभियान शुरू किया है। इस क्षेत्र में घना जंगल है। अधिकारियों ने कहा कि आतंकियों और सेना के बीच संक्षिप्त गोलीबारी के बाद पाकिस्तान द्वारा घटनास्थल पर एक क्वाड कॉप्टर उड़ाया गया। जवानों द्वारा गोलीबारी किए जाने के बाद पाकिस्तान ने क्वाड कॉप्टर को वापस ले लिया। अधिकारियों ने कहा कि क्वाड कॉप्टर का इस्तेमाल घुसपैठ की कोशिशों के दौरान सहायता प्रदान करने में आतंकियों और पाकिस्तानी सेना के बीच मिलीभगत को सामने लाता है।

### समीर वानखेड़े के घर पर 13 घंटे तक चली सीबीआई की रेड, अहम दस्तावेज बरामद

**मुंबई** : नार्कोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो (एनसीबी) के पूर्व जोनल डायरेक्टर समीर वानखेड़े के मुंबई स्थित आवास पर केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) की टीम ने लगातार करीब 13 घंटे तक छापेमारी की। सीबीआई के 12 अधिकारियों की टीम शुक्रवार शाम करीब साढ़े 04 बजे समीर वानखेड़े के गोरेगांव स्थित आवास पर पहुंची थी और शनिवार सुबह साढ़े 05 बजे रेड खत्म किया। सीबीआई ने उनके घर से एक प्रिंटर सहित कई महत्वपूर्ण दस्तावेज बरामद किए गए हैं। हालांकि सीबीआई ने अभी तक इस कार्रवाई की जानकारी मीडिया के साथ साझा नहीं की है। दरअसल समीर वानखेडे सहित चार लोगों के विरुद्ध सीबीआई ने भ्रष्टाचार का मामला शुक्रवार को दर्ज किया था। इसके बाद सीबीआई की टीम ने देश में 29 ठिकानों पर छापेमारी शुरू किया था। इसी के तहत समीर वानखेड़े के घर पर सीबीआई ने छापेमारी शुरू की थी, जो आज सुबह खत्म हुई है।

### नीति आयोग की बैठक में शामिल होने दिल्ली जाएंगी ममता

**कोलकाता** : आगामी 27 मई को दिल्ली में नीति आयोग की बैठक होनी है। उसमें शामिल होने के लिए पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी दिल्ली जाने वाली हैं। राज्य सचिवालय सूत्रों ने बताया है कि उसी बैठक में बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार, अरविंद केजरीवाल समेत गैर भाजपा शासित राज्यों के मुख्यमंत्रियों के शामिल होने की संभावना है। सूत्रों ने बताया है कि वहां बैठक से पहले या बाद में 2024 के लोकसभा चुनाव केन्द्रित विपक्षी एकता को लेकर बैठक हो सकती है। गौरतलब है कि बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार विभिन्न राज्यों में घूम कर गैर भाजपा पार्टियों के प्रमुखों को एक करने में जुटे हुए हैं।

## कांग्रेस ने पार किया बहुमत का आंकड़ा, बीजेपी का सत्ता में वापसी का टूटा सपना, कुमारस्वामी नहीं बन पाए किंगमेकर

# कांग्रेस बनी कर्नाटक का किंग

### जोश व उमंग में डूबे देश भर के कांग्रेसी नेता-कार्यकर्ता

एजेंसी

**बेंगलुरु** : 224 सदस्यीय कर्नाटक विधानसभा चुनाव में कांग्रेस ने धमाकेदार जीत दर्ज की है. पार्टी को राज्य में स्पष्ट बहुमत मिल गया है. इसी के साथ कांग्रेस ने सत्ताधारी बीजेपी को बाहर का रास्ता दिखा दिया. कांग्रेस ने रणनीति के तहत इस चुनाव में जीत हासिल की. कांग्रेस ने ना सिर्फ स्थानीय मुद्दों पर फोकस किया, बल्कि भ्रष्टाचार को चुनाव का प्रमुख मुद्दा भी बनाया. चुनाव आयोग की ओर से जारी परिणाम व रुझान के अनुसार कांग्रेस को 136, भाजपा को 65, जेडीएस को 19 व अन्य को 4 सीटें मिलने की संभावना है। इस तरह कांग्रेस ने बहुमत का आंकड़ा पार कर लिया। कर्नाटक विधानसभा चुनाव में कांग्रेस की जीत के उपलक्ष्य में कांग्रेस नेताओं डीके शिवकुमार और सिद्धारमैया ने पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे को सम्मानित किया। कर्नाटक कांग्रेस के अध्यक्ष डी.के. शिवकुमार ने कनकपुरा सीट से जेडीइस के बी. नागराजू को 1,22,392 मतों से हराया। उन्होंने कहा कि मैं अपने कार्यकर्ताओं और अपनी पार्टी के नेताओं को श्रेय देता हूं कि जिन्होंने इतनी मेहनत की। मैंने राहुल गांधी, सोनिया गांधी और प्रियंका गांधी को जीत का आश्वासन दिया था। मैं भूल नहीं सकता, जब सोनिया गांधी मुझसे जेल में मिलने आई थी। पार्टी को मुझपर इतना भरोसा था। कांग्रेस विधायक दल की बैठक कल सुबह बेंगलुरु में बुलाई गई है।



### बंद हुआ नफरत का बाजार : राहुल

कर्नाटक में कांग्रेस की बंपर जीत के बाद पार्टी नेता राहुल गांधी ने पत्रकारों से बात की। कहा कि इन चुनावों में हमें जीत दिलाने के लिए कर्नाटक की जनता को शुक्रिया। कर्नाटक में नफरत का बाजार बंद हुआ। उन्होंने कहा कि यह सबकी जीत है और सबसे पहले यह कर्नाटक की जनता की जीत है. हमने कर्नाटक की गरीब जनता से चुनाव प्रचार के दौरान पांच वादे किए थे. खड़गे जी, प्रियंका जी और मैंने कहा कि हम इन पांच वादों को पहली कैबिनेट मीटिंग में पूरा करेंगे. मैं फिर से कर्नाटक की जनता को दिल से धन्यवाद देना चाहता हूं. उन्होंने कहा कि कर्नाटक में हमारे कार्यकर्ताओं ने जो काम किया है, मैं उसके लिए उन्हें और राज्य की जनता को धन्यवाद देना चाहता हूं.

### सरकार के कई मंत्री हारे

कर्नाटक में अब तक रुझानों में बीजेपी को करारी हार मिलती दिख रही है. बसवराज बोम्मई के नेतृत्व वाली बीजेपी सरकार के कई निवर्तमान मंत्री और विधानसभा अध्यक्ष भी चुनाव हार गए हैं. विधानसभा अध्यक्ष विश्वेश्वर हेगड़े कागेरी के अलावा बी. श्रीरामुलु, के सुधाकर, जे. सी. मधुस्वामी, गोविंद करजोल, एम. टी. बी नागराज और के. सी. नारायण गौड़ा को हार का सामना करना पड़ा.

### मुख्यमंत्री ने ली हार की जिम्मेवारी

कर्नाटक के मुख्यमंत्री बसवराज बोम्मई ने चुनाव में मिली हार की जिम्मेदारी लेते हुए कहा है कि बीजेपी कर्नाटक में पीएम मोदी और कार्यकर्ताओं की मेहनत के बाद भी छाप नहीं छोड़ पाई. मैं इस हार की जिम्मेदारी लेता है. बसवराज बोम्मई की सरकार के कई मंत्री जरूर हार गए हैं, लेकिन सीएम ने शिग्गांव निर्वाचन क्षेत्र से अपने निकटतम प्रतिद्वंद्वी कांग्रेस के यासिर अहमद खान पठान को हराकर लगातार चौथी बार जीत दर्ज की है.

### पीएम मोदी ने कांग्रेस पार्टी को दी बधाई



पीएम ने कहा कि कर्नाटक विधानसभा चुनाव में जीत के लिए कांग्रेस पार्टी को बधाई. लोगों की आकांक्षाओं को पूरा करने के लिए मेरी तरफ से शुभकामनाएं. प्रधानमंत्री ने कहा कि मैं उन सभी को धन्यवाद देता हूं जिन्होंने कर्नाटक चुनाव में हमारा समर्थन किया है. मैं बीजेपी कार्यकर्ताओं की कड़ी मेहनत की सराहना करता हूं. हम आने वाले समय में और भी अधिक जोश के साथ कर्नाटक की सेवा करेंगे.

## कर्नाटक : सब पर भारी पड़े राहुल

# जो जीता वही सिकंदर



**रविन्द्र उपाध्याय-संपादक @ प्रभात मंत्र**

**त्वरित टिप्पणी**

कर्नाटक का महाभारत आखिरकार कांग्रेस ने जीत ही लिया। पार्टी ने यहां पूर्ण बहुमत प्राप्त कर इतिहास रच दिया। यहां के चुनाव में भाजपा और कांग्रेस में खूब जोर आजमाइश हुआ। एक दूसरे पर दोनों ने जी भर के शब्दों का बाण चलाया। लेकिन हुआ वही जो नियति ने चाहा। भाजपा और केंद्र सरकार के सर्वेसर्वा नरेंद्र मोदी-अमित शाह व जेपी नड्डा से लेकर दिल्ली-कर्नाटक के पूरे कुनवा पर कांग्रेस का एक सिपाही राहुल गांधी भारी पड़ गए। राहुल द्वारा किए गए भारत जोड़ो यात्रा के सामने भाजपा का पूरा मंत्र और जादू फेल कर गया। कर्नाटक में कांग्रेस की जीत में भारत जोड़ो यात्रा का अहम रोल रहा। बजरंग दल और बजरंग बली जैसे चुनावी मुद्दों से पहले हुई भारत जोड़ा यात्रा कर्नाटक के विधानसभा चुनावों में कांग्रेस के लिए रामबाण साबित हुई। कर्नाटक चुनाव में भारत जोड़ो यात्रा कांग्रेस के लिए सकारात्मक परिणाम लाया। कर्नाटक की सड़कों पर राहुल गांधी ने अपनी छोटी बहन और कांग्रेस नेता प्रियंका गांधी के साथ खूब मेहनत की थी और जमकर पसीना बहाया था। यात्रा के दौरान कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और पूर्व सीएम सिद्धारमैया राहुल गांधी का हाथ पकड़कर दौड़ लगाए थे। डीके शिवकुमार और सिद्धारमैया ने राहुल के साथ मिलकर ढोल भी बजाया था। इन कवायदों का फायदा चुनाव परिणामों में कांग्रेस के पक्ष में दिखा। राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा के बाद पहले हिमाचल और अब कर्नाटक में कांग्रेस ने अपनी जीत का पताका फहराया है। कर्नाटक की जीत हिमाचल से भी अहम है। क्योंकि यह राज्य भाजपा के हार्डलाइन हिंदुत्व का अखाड़ा बना हुआ था। इसके बावजूद राहुल गांधी भारत जोड़ो यात्रा के दौरान अपनी बात वोटरों तक पहुंचाने में सफल रहे। कांग्रेस को आरक्षण का वादा भी फायदा पहुंचाया। कर्नाटक चुनाव में भाजपा ने चार प्रतिशत मुस्लिम आरक्षण खत्म करके लिंगायत और अन्य वर्ग में बांट दिया। पार्टी को इससे फायदे की उम्मीद थी, लेकिन ऐन वक्त में कांग्रेस ने बड़ा पासा फेंक दिया। कांग्रेस ने अपने चुनावी घोषणा पत्र में आरक्षण का दायरा 50 प्रतिशत से बढ़ाकर 75 फीसदी करने का एलान कर दिया। आरक्षण के वादे ने कांग्रेस को बड़ा फायदा पहुंचाया। लिंकायत वोटर्स से लेकर ओबीसी और दलित वोटर्स तक ने कांग्रेस का साथ दिया। वहीं, दूसरी ओर कांग्रेस ने ये भी वादा कर दिया कि जो चार प्रतिशत मुस्लिम आरक्षण भाजपा ने खत्म किया है, उसे फिर से शुरू कर दिया जाएगा। इसके चलते एक तरफ जहां कांग्रेस को मुसलमानों का साथ मिला, वहीं 75 प्रतिशत आरक्षण के वादे ने लिंगायत, दलित और ओबीसी वोटर्स को भी पार्टी से जोड़ दिया। पार्टी के राष्टीय अध्यक्ष खड़गे का कर्नाटक के दलित समुदाय से संबंध रखना भी कांग्रेस के लिए हितकर साबित हुआ।कांग्रेस को भाजपा की अंदरूनी लड़ाई का भी फायदा मिला। टिकट बंटवारे से भाजपा के कई नेता नाराज हुए और बागी हो गए थे। इसका फायदा कांग्रेस ने उठाया। कांग्रेस ने भाजपा के बागियों को अपने साथ कर लिया। चुनाव में इसका पार्टी को फायदा भी मिला। साथ ही कांग्रेस ने बजरंग दल पर बैन की बात करके मुस्लिम वोटों को अपने पाले में कर लिया। इधर चुनाव प्रचार में कांग्रेस ने स्थानीय मुद्दों को फोकस किया। इनमें बेरोजगारी, भ्रष्टाचार, पुरानी पेंशन बहाली का वादा और स्थानीय मुद्दे शामिल रहे। बता दें कि 1947 में देश की आजादी के बाद से कांग्रेस का कर्नाटक में 10 वीं बार सरकार बनने जा रही है। राज्य में पार्टी की पहली सरकार 1952 में के. चेंगलराय रेड्डी के नेतृत्व में बनी थी। पार्टी ने 1957 और 1962 में भी सरकार बनाई। बाद में, 1972 में, कांग्रेस पार्टी ने राज्य में बहुमत हासिल किया। पार्टी ने 1980 और 1985 में भी सरकार बनाकर कर्नाटक में अपनी जीत बरकरार रखा। कांग्रेस ने 1999 और 2013 में बहुमत हासिल किया। कांग्रेस ने 2018 के चुनाव में राज्य में लगातार दूसरी बार जीत हासिल की लेकिन जनता दल (सेक्युलर) के साथ गठबंधन कर सरकार बनाई। इधर कांग्रेस का यह जीत पार्टी के लिए किसी वरदान से कम नहीं है। देश में होने वाले लोकसभा और कई राज्यों के विधान सभा चुनाव में कर्नाटक का यह चुनाव परिणाम जरूर प्रभाव डालेगा। देश की राजनीति में जरूर प्रभाव डालेगा।

## 3 करोड़ रुपये की ई-सिगरेट बरामद

**यह ई-सिगरेट 40 फुट लंबे कंटेनर में लाया गया था। इस मामले की गहन छानबीन जारी है।**

एजेंसी

**मुंबई** : नवी मुंबई के जेएनपीटी बंदरगाह पर सीमा शुल्क विभाग की टीम ने छापा मारकर तीन करोड़ रुपये कीमत के ई-सिगरेट बरामद किया है। यह ई-सिगरेट 40 फुट लंबे कंटेनर में लाया गया था। इस मामले की गहन छानबीन जारी है। सूत्रों के अनुसार सीमा शुल्क विभाग की टीम को जेएनपीटी बंदरगाह पर कंटेनर में तस्करी का सामान लाए जाने की जानकारी मिली थी। इसी जानकारी के आधार पर सीमा शुल्क विभाग की टीम ने शुक्रवार को देर रात जेएनपीटी बंदरगाह पर पहुंचकर कंटेनर की तलाशी ली। बताया जा रहा था कि इस कंटेनर में पानी की बोतलें, मैग्नेटिक बटन, बेल्ट के बकल लाए गए हैं। लेकिन सीमा शुल्क विभाग की टीम की तलाशी में इस कंटेनर में 45,686 ई-सिगरेट मिली, जिसे जब्त कर लिया गया। यहां जब्त की गई ई-सिगरेट की कीमत तीन करोड़ रुपये अंतरराष्ट्रीय बाजार में आंकी गई है। सीमा शुल्क विभाग की टीम इस मामले की गहन छानबीन कर रही है।

## बांग्लादेश के और करीब पहुंचा चक्रवात मोचा

एजेंसी

**कोलकाता** : बंगाल की खाड़ी में उठा चक्रवाती तूफान मोचा और प्रभावी हो गया है। शनिवार तड़के पांच बजे यह चक्रवात भारत से दूर तथा बांग्लादेश के कॉक्स बाजार और म्यांमार के सीतवे समुद्र तटीय इलाके की ओर आठ किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से बढ़ रहा था। फिलहाल यह पोर्ट ब्लेयर से 565 किलोमीटर उत्तर पश्चिम और बांग्लादेश के कॉक्स बाजार से 760 किलोमीटर दक्षिण दक्षिण पश्चिम में अवस्थित था। यह म्यांमार के समुद्र तट से 690 किलोमीटर दक्षिण पश्चिम में है। मौसम विज्ञान विभाग ने बताया कि यह रविवार दोपहर 150 से 175 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से बांग्लादेश और म्यांमार के समुद्र तटीय क्षेत्रों में लैंडफॉल करेगा।



इस वजह से जानमाल के भारी नुकसान की आशंका है। पश्चिम बंगाल के साथ आंध्र प्रदेश और ओडिशा पर इसका बहुत अधिक असर नहीं होगा। भारी बारिश होने के साथ तेज हवा चल सकती हैं। इसलिए सतर्कता बरतते हुए इन राज्यों में एसडीआरएफ के साथ एनडीआरएफ की तैनाती की गई है। इधर चक्रवात के प्रभाव के बावजूद पश्चिम बंगाल के तापमान में लगातार बढ़ोतरी हो रही है। यहां एक दिन पहले अधिकतम तापमान 35.6 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम 28.8 डिग्री सेल्सियस रिकार्ड किया गया था। यह सामान्य से दो डिग्री सेल्सियस अधिक है। कोलकाता के अलावा हावड़ा, हुगली, उत्तर और दक्षिण 24 परगना तथा पूर्व और पश्चिम मेदिनीपुर के साथी पुरुलिया बांकुरा आदि क्षेत्रों में भी तापमान 39 डिग्री सेल्सियस के करीब है।

## शासन की रीढ़ है सिविल सेवाएं, सरकारी नीतियों के कार्यान्वयन में अहम भूमिका : उपराष्ट्रपति

एजेंसी

**नई दिल्ली** : उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने कहा कि सिविल सेवाएं शासन की रीढ़ हैं और देश में सरकारी नीतियों के कार्यान्वयन में एक मौलिक भूमिका निभाई है। वह शनिवार को अपने सरकारी निवास में भारतीय प्रशासनिक सेवा (आईएएस) के 1984 बैच के अधिकारियों द्वारा सह-लिखित पुस्तक रिफ्लेक्शंस ऑन इंडियाज पब्लिक पॉलिसीज के विमोचन के अवसर पर वरिष्ठ अधिकारियों और अन्य गण्यमान्य व्यक्तियों को संबोधित कर रहे थे। उपराष्ट्रपति ने कहा कि भारत का शासन मॉडल, पारदर्शिता, जवाबदेही, डिजिटलीकरण, नवाचार और उद्यमिता पर केंद्रित है।इससे दुनिया ईर्ष्या करती है। उन्होंने कहा- ÷कमजोर वर्गों का सशक्तिकरण और उत्थान सफल योजनाओं से प्रभावित हुआ है, यह सुनिश्चित करते हुए कि सबसे हाशिये पर रहने वाले नागरिकों की भी आवश्यक सेवाओं तक पहुंच है।÷ उपराष्ट्रपति धनखड़ ने लोकसेवकों से गर्व के साथ राष्ट्र की सेवा करने का आह्वान किया। उन्होंने बताया कि व्यक्तिगत पक्षपात के बिना सार्वजनिक सेवा, जमीनी स्तर पर लागू कानून का शासन, जनता के साथ व्यवहार में ईमानदारी, कर्तव्य के प्रति समर्पण और नीतिगत लक्ष्यों को प्राप्त करने में दक्षता का तात्पर्य है।धनखड़ ने उस भूमिका पर भी प्रकाश डाला जो सेवानिवृत्त सिविल सेवकों द्वारा एक अद्वितीय मूल्यवान राष्ट्रीय मानव संसाधन के रूप में निभाई जा सकती है।



उपराष्ट्रपति ने रेखांकित किया- सेवानिवृत्त सिविल सेवकों को हमारे संवैधानिक संस्थानों और लोकतांत्रिक मूल्यों को गलत तरीके से कलंकित करने और विकृत करने की कोशिश करने के भीतर और बाहर से, झूठे और राष्ट्र-विरोधी आख्यानों को बेअसर करने के लिए तैनात किया गया है। उपराष्ट्रपति ने माना कि लोकतांत्रिक शासन की अपनी अनूठी चुनौतियां हैं। उन्होंने सिविल सेवकों से कानून और संविधान के शासन के प्रति अटूट और दृढ़ प्रतिबद्धता प्रदर्शित करने का आह्वान किया। उन्होंने प्रकाश डाला- देश के कुछ हिस्सों में सत्तारूढ़ व्यवस्था के साथ अधिकारियों की राजनीतिक घुसपैठ संघवाद की उच्चता को गंभीर रूप से प्रभावित कर रही है। यह सभी संबंधितों द्वारा प्रणालीगत ध्यान देने का आह्वान करता है।

## ऑपरेशन कवच के तहत 100 इलाकों में छापेमारी, 31 गिरफ्तार

एजेंसी

**नई दिल्ली** : भारत को नशा मुक्त बनाने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व गृहमंत्री अमित शाह के निर्देशों पर दिल्ली पुलिस लगातार काम कर रही है। नशे का धंधा करने वालों के खिलाफ शुक्रवार रात को दिल्ली पुलिस एक्शन मोड में नजर आई। दिल्ली पुलिस की अपराध शाखा की करीब 80 टीमों ने स्थानीय पुलिस के साथ मिलकर राजधानी के करीब 100 इलाकों में छापेमारी की। अपराध शाखा की एंटी नारकोटिक्स टास्क फोर्स ने छापेमारी के दौरान मादक पदार्थ का धंधा करने वाले 31 लोगों गिरफ्तार किया। वहीं शराब तस्करी में शामिल 12 लोगों को दबोचा गया। इनके पास से 957 ग्राम हेरोइन, 57.88 किलोग्राम गांजा और करोड़ से भी ज्यादा की अवैध शराब बरामद की है। पुलिस ने ऑपरेशन 'कवच' के तहत यह कार्रवाई की। अपराध शाखा के विशेष आयुक्त रविंद्र सिंह यादव ने शनिवार को बताया कि गृहमंत्रालय के आदेश पर देशभर में एंटी नारकोटिक्स टास्क फोर्स का गठन किया गया था। टास्क फोर्स प्रधानमंत्री और गृहमंत्री के नशा मुक्त भारत के सपने को साकार करने में जुटी है। दिल्ली में उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना और दिल्ली पुलिस आयुक्त संजय अरोड़ा के मार्ग दर्शन में इसका काम जारी है। इसी कड़ी में शुक्रवार रात को एंटी नारकोटिक्स टास्क फोर्स (एएनटीएफ) ने 80 टीमें बनाकर लोकल पुलिस के साथ मिलकर रातभर दिल्ली के करीब 100 स्थानों पर छापेमारी की।



## पलामू में दोबारा विदेशी जैसा छात्र नेता होना नामुमकिन : रुचिर तिवारी



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर :** एआईएफएफ पलामू जिला सह भाकपा जिला कमेटी सदस्य अध्यक्ष सुजीत पांडेय उर्फ विदेशी पांडेय की शुक्रवार की रात अंतिम संस्कार की गई। सर्वप्रथम ठाकुरबाड़ी स्थित परशुराम सेना युवा वाहिनी कार्यालय से शव यात्रा भाकपा जिला कार्यालय ले जाया गया जहां उन्हें भाकपा और एआईएफएफ का झंडा और पुष्पांजलि अर्पित कर आखरी सलामी दी गई। उसके पश्चात पांकी रोड होते हुए गगनभेदी नारे के साथ वीर विदेशी को लाल सलाम, विदेशी पांडेय अमर रहे, विदेशी तेरे अरमानों को मंजिल तक पहुंच जाएंगे शव को बारालोटा स्थित उनके आवास लाया गया। शुक्रवार की रात करीब 10:00 बजे उनके पिता राम पुकार पांडेय जो सेना में गुजरात में पदस्थापित थे, वो बारालोटा स्थित आवास पहुंचे और अपने इकलौते पुत्र का पार्थिव शरीर देख बेसुध हो गए। रात्रि 11:00 बजे टेढ़वा स्थित घाट पर अंतिम संस्कार किया गया जहां उनके पिता ने मुखाग्नि दी। बताते चलें कि सुजीत पांडे उर्फ विदेशी पांडे अपने माता-पिता के इकलौते पुत्र थे। जिसके चले जाने के बाद पूरे गांव में मातम का माहौल है। वहीं माता पिता, पूरे परिवार, भाकपा जिला सचिव सहित एआईएफएफ कार्यकर्ताओं का रो-रो कर बुरा हाल है और सभी के मन मे एक ही ख्याल है, विदेशी तुम लौट आव। शवयात्रा में सैकड़ों लोग शामिल थे। जिसमें भाकपा जिला सचिव रुचिर कुमार तिवारी,परशुराम सेना युवा वाहिनी के जिला अध्यक्ष देवेंद्र तिवारी, पिंकू तिवारी, नवीन तिवारी, पूर्व मंत्री के एन त्रिपाठी, पूर्व नगर परिषद उपाध्यक्ष मनोज सिंह, इंडियन रोटी बैंक के कोऑर्डिनेटर दीपक तिवारी, वरिष्ठ कम्युनिस्ट नेता सूर्यपत सिंह, केडी सिंह, जिला परिषद संग्राम सिंह, भाजपा पूर्व जिला अध्यक्ष नरेंद्र पांडेय, माटीकला बोर्ड के सदस्य अविनाश देव, मृत्युंजय शर्मा, उपेंद्र मिश्रा, चंद्रशेखर तिवारी, अनुज तिवारी प्रेम प्रकाश, रविशंकर, प्रेमशंकर, भोला सुरेश सिंह, सुशील कुमार, सुरेश ठाकुर, जितेंद्र सिंह, नसीम राइन, सोनू अहमद आलोक तिवारी, अशोक तिवारी,श्रधानंद तिवारी, जफर पठान, कौशल किशोर, रिंकू कुमार, राजू सिंह, राजू रंजन, संजीव कुमार संजू, दिव्या भगत, उमेश सिंह चेरो, रंजीत सिंह चेरो, गौतम दांगी, त्रिलोकीनाथ आदि सैकड़ों लोग शामिल थे।

## गैर पंजीकृत न्यूज यूट्यूब चैनल पर रोक लगाए पलामू पुलिस : अवधेश शुक्ला



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर :** गैर पंजीकृत न्यूज यूट्यूब चैनलों पर पलामू पुलिस रोक लगाएं। उक्त बातें झारखंड पत्रकार संगठन के केंद्रीय अध्यक्ष अवधेश शुक्ला ने कहा। वह शनिवार को जारी प्रेस विज्ञप्ति में पलामू के पुलिस अधीक्षक से अनुरोध किया है कि गृह विभाग के विशेष शाखा द्वारा निर्गत पत्र के आलोक में गैर सूचीबद्ध न्यूज यू ट्यूब चैनल, न्यूज वेबसाइट का सत्यापन कर विधि सम्मत कार्रवाई करे। बिशेष शाखा ने झारखंड के सभी जिलों के पुलिस अधीक्षक भेजें गए पत्र में कहा है कि इस तरह के जो सोशल मीडिया न्यूज चैनल जो सूचना एवं जनसंपर्क विभाग से सूचीबद्ध नही है उसे तुरंत बंद कराया जाए। क्योंकि ऐसे चैनलो का कोई कार्यालय नही होता ओर ये अक्सर भ्रामक और निराधार खबर भी चलाते है। साथ ही कई बार इन चैनलो के द्वारा विधि व्यवस्था में लगे पदाधिकारियों पर दबाव डालने का भी आए दिन कंप्लेन आती है। इसी वजह से सूचना मंत्रालय ने रजिस्टर्ड चैनलो की सूची थाने के लिए भी उपलब्ध करा दी है ताकि कार्रवाई करने में आसानी हो। अवधेश शुक्ला ने कहा कि ऐसे कथित लोगों के कारण ही वास्तविक पत्रकारों को काम करने में परेशानी होती है।

## पांडू प्रमुख के पहल पर दो उप स्वास्थ्य केंद्रों में एएनएम हुए प्रतिनियुक्त

**पांडू, पलामू (प्रभात मंत्र संवाददाता):** जिले के पांडू प्रखंड प्रमुख नीतू देवी का प्रयास लाया रंग। डाला कला एवं मुरमा कला उपस्वास्थ्य केंद्र में एएनम हुए प्रतिनियुक्त बताते चले की पांडू प्रखंड में कई ऐसे उपस्वास्थ्य केंद्र हैं जहां उपस्वास्थ्य केंद्र तो बन गए परंतु उसमें स्वास्थ्य कर्मी की प्रतिनियुक्ति नहीं की गई। पांडू प्रखंड के कई ऐसे पंचायत हैं जो प्रखंड मुख्यालय से काफी दूर होने के कारण लोगों को इलाज हेतु सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पांडु आना काफी मुश्किल हो जाता है, जिसे देखते हुए पांडू प्रमुख नीतू देवी ने पांडू प्रखंड के सभी उपस्वास्थ्य केंद्रों में एएनएम की प्रतिनियुक्ति हेतु पहल करना शुरू कर दी है. इस सिलसिले में कुछ दिन पूर्व प्रमुख महोदया ने बिश्रामपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचकर प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ लिली स्टेला पूर्ति से मुलाकात कर अपनी समस्या से अवगत कराई थी जिसका प्रतिफल है कि आज डाला कला एवं मुरमा कला में एएनएम की प्रतिनियुक्ति हेतु चिट्ठी निर्गत कर दी गई है। प्रमुख द्वारा किए गए इस कार्य के लिए क्षेत्र में काफी सराहना की जा रही है। आगे उन्होंने कहा बहुत जल्द सभी पंचायत के उप स्वास्थ्य केंद्रों में एएनएम की प्रतिनियुक्ति की जाएगी। इसके लिए प्रयास जारी है।

## कंकारी गांव में विधायक ने नाली निर्माण का किया शिलान्यास



**चैनपुर, पलामू (प्रभात मंत्र संवाददाता):** कंकारी में विधायक आलोक चौरसिया ने विधायक निधि से बन रही नाली निर्माण कार्य का किया शिलान्यास। डाल्टनगंज चैनपुर भंडरिया विधानसभा क्षेत्र से भारतीय जनता पार्टी के विधायक आलोक चौरसिया ने चैनपुर प्रखंड अंतर्गत कंकारी गांव में विधायक निधि के राशि से बन रहे नाली निर्माण कार्य का शिलान्यास किया। विधायक आलोक चौरसिया ने नारियल फोड़ कर और फीता काटकर इस निर्माण कार्य का शिलान्यास किया इस मौके पर उनके साथ स्थानीय मुखिया पंचायत समिति से सदस्य कई गन्नेवान लोग भी उपस्थित रहे। विधायक आलोक चौरसिया ने लोगो से बात चित करते हुवे क्षेत्र के अन्य समस्यायों की जानकारी ली लोगो ने बताया की इस नाली को बनने से उन्हें काफी सहूलियत मिलेगी।

## राष्ट्रीय लोक अदालत में 11 हजार 215 मामले का निस्तारण

### 14 करोड़ 74 लाख 20 हजार 848 रुपए का मामला सेटल




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर :** पलामू जिला विधिक सेवा प्राधिकार के तत्वावधान में आयोजित राष्ट्रीय लोक अदालत में खबर लिखे जाने तक 11 हजार 216 मामले का निपटारा किया गया था। वहीं 14 करोड़ 74 लाख 20 हजार 848 रुपये का मामला खबर लिखे जाने तक सेटल किया जा चुका था। लोक अदालत में मामले निस्तारण को ले 13 पीठो का का गठन किया गया था। प्रि लिटिगेशन के 9 हजार 7 सौ 65 मामले का निस्तारण किया गया था। वही कोर्ट में लंबित एक हजार 4सौ 50 मामले का निस्तारण किया गया। समाचार लिखे जाने तक लोक अदालत की कार्यवाही चल रहा था। वही कई लाभुकों के बीच दो करोड़ से अधिक की राशि का डमी चेक पी डी जे प्रदीप कुमार चौबे ने प्रदान किया।

## बालू के अभाव में प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण का कार्य बाधित



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चैनपुर, पलामू :** चैनपुर प्रखंड के विभिन्न पंचायतों में चल रहे प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण का कार्य बाधित। मिली जानकारी के अनुसार चैनपुर प्रखंड के विभिन्न पंचायतों में कुछ ऐसे आवास योजना के लाभुक है जिनका छत ढलाई के लिए सैंटरिंग लग चुका है परंतु बालू के अभाव में छत ढालना मुश्किल लग रहा है। एक तरफ जहां सरकार प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण का कार्य ससमय पूर्ण करने की बात करती है तथा नहीं पूर्ण करने पर घर-घर नोटिस भेजवाती है, तो दूसरी तरफ पूरे झारखंड में बालू रोक दी गई है। आखिर बिना बालू के कार्य कैसे पुरे होंगे। सरकार ऐसे योजनाओं के लिए वैकल्पिक व्यवस्था क्यों नहीं ढूंढ रही। पुलिस प्रशासन एवं खनन विभाग के पदाधिकारियों द्वारा लगातार छापेमारी एवं ट्रैक्टर पकड़े जाने से लोग दहशत में है. कोई भी ट्रैक्टर मालिक नदी में ट्रैक्टर ले जाने से बचते नजर आ रहे हैं। जो नदी में चोरी छिपे बालू लेने जा भी रहा है उसे पकड़ लिया जा रहा है। अब सोचने वाली बात यह है कि आखिर आवास योजना का कार्य कैसे पूर्ण होंगे। जो लोग कच्ची मिट्टी के घर तोड़कर पक्का बना रहे थे और आज बालू के अभाव में घर अधूरा पड़ा हुआ है तो वे बरसात के दिनों में कहां जाएंगे। आखिल उनका पूरा परिवार बरसात के दिनों में अपना जीवन बसर कैसे करेंगे. जबकि क्षेत्र वासियों की माने तो ग्रामीण क्षेत्र में कई छोटी-छोटी नदियां सूखी पड़ी है जिससे बालू उठाया जा सकता है. अगर सरकार प्रखंड स्तर पर कुछ सरकारी शुल्क के साथ बालू उठाने का आदेश देती है तो लोग बरसात से पूर्व अपने कार्य के लिए बालू इकट्ठा कर लेंगे और कार्य भी चलता रहेगा। आवास योजना के लाभुकों ने उपायुक्त पलामू से आग्रह करते हुए कहा है की कुछ दिनों के लिए ग्रामीण क्षेत्र के छोटी छ्ठ छोटी नदियों से बालू उठाव कराने हेतु आदेश दिया जाए ताकि अधूरे पड़े आवास को पूरा किया जा सके एवं बरसात में अपना पूरे परिवार को लेकर घर में रह सके। कई आवास योजना के लाभुक बरसात के दिनों में हो जाएंगे बेघर, बरसात के दिनों में तिरपाल के अंदर रहने को होंगे मजबूर।

## कर्नाटक में कांग्रेस की जीत बीजेपी के तोड़फोड़ कर सरकार बनाने का नतीजा हैं : के एन त्रिपाठी



**मेदिनीनगर (प्रभात मंत्र संवाददाता):** कर्नाटक चुनाव में कांग्रेस के प्रचंड जीत पर झारखंड सरकार के पूर्व मंत्री के एन त्रिपाठी ने कहा कि जिस तरह से भाजपा के सीट से दुगने के अंतर से भी ज्यादा बहुमत से कांग्रेस विजयी हुई हैं ये जनता जनार्दन का कांग्रेस के प्रति विश्वास की झलक हैं। श्री त्रिपाठी ने कहा कि बीजेपी के किसी भी कीमत पर तोड़करके सरकार बनाने से जनता ऊब गयी हैं, अगला चुनाव मध्यप्रदेश में भी कर्नाटक की तरह पार्टी तोड़कर सरकार बनाने का जवाब मध्यप्रदेश की जनता देगी। कर्नाटक के लोगों भाजपा की बात माना और जय बजरंग बली बोलकरके विकाश करने वाली पार्टी को वोट दिया। कर्नाटक की जनता बजरंगबली व बजरंग दल का अंतर बीजेपी को बताया हैं।

## चोरहट में टीएसपीसी कमांडर महेश सिंह के मुठभेड़ कांड को लेकर सीआईडी की टीम ने किया अनुसंधान




**चैनपुर, पलामू (प्रभात मंत्र संवाददाता):** रामगढ़ थाना क्षेत्र के चोरहाट में 24 फरबरी 2021 को टीएसपीसी के इनामी कमांडर महेश सिंह उर्फ महेश भुईया के मुठभेड़ कांड को लेकर सीआईडी की टीम ने अनुसंधान किया। डीएसपी और उनके रीडर के साथ अन्य पुलिस बल ने घटना स्थल का दौरा किया और ग्रामीणों के साथ तत्कालीन थाना प्रभारी प्रभात रंजन रॉय का ब्यान दर्ज किया। मुठभेड़ कांड के बाद सीआईडी केस को टेकओवर करती है और रूटीन जांच के तहत किसी भी केस की जांच विधवत करती है इसी चीज को लेकर आज सीआईडी की टीम ने इस चोरहट गांव का दौरा किया और महेश सिंह मुठभेड़ कांड का गेहन अनुसंधान किया। आतंक का प्राय माने जाने वाले महेश सिंह उर्फ महेश भुईया मुठभेड़ कांड को लेकर तत्कालीन एसडीपीओ के विजय शंकर और थाना प्रभारी प्रभात रंजन रॉय समेत आधा दर्जन पुलिस कर्मियों को केंद्र सरकार की और से पुलिस बिरता पदक से नवाजा गया है।

## झामुमो पार्टी के नीति और सिद्धांत से प्रभावित होकर हुए हैं शामिल : कलेंदर



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**केतार (गढ़वा) :** भाजपा समर्थक परसोडीह पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि कलेंदर पासवान ने झामुमो के कद्दावर नेता जनाब ताहिर अंसारी के सुपुत्री के विवाह प्रीतिभोज के अवसर पर केतार प्रखंड अध्यक्ष कामेश्वर सिंह के नेतृत्व में झारखंड मुक्ति मोर्चा के हेमंत सरकार पर आस्था एवं विश्वास कर पूर्व विधायक अनंत प्रताप देव के उपस्थिति में पार्टी में शामिल हुए। इस दौरान श्री पासवान ने कहा कि वर्तमान झारखंड राज्य के हेमंत सरकार गरीब, दलित, पिछड़ा, शोषित एवं वंचितो के हक व अधिकार को ख्याल रखते हुए उनका आवाज बन कर अच्छा कार्य कर रही है जिससे मैं प्रभावित होकर पार्टी का दामन थामा है। इस मौके पर खरौंधी जिला परिषद सदस्य धर्मराज पासवान, मुखिया प्रतिनिधि मनोरंजन प्रसाद गुप्ता, हिफाजत अंसारी, युवा नेता छोटन कुमार सिंह, जय माल साह, सहित अन्य लोग शामिल थे।

### अंचल ने तथ्यों को छुपाकर भेजी एक ही दिनांक पत्रांक से दो एलपीसी

## प्रतिबंधित भूमि की हो गयी रजिस्ट्री

➲ एलएंडटी कंपनी ने पंप हाउस के लिये 70 लाख में जलपथ के ईई के नाम कराई रजिस्ट्री



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बंशीधर नगर :** भवनाथपुर अंचल कार्यालय से निर्गत एलपीसी में कथित तथ्यों को छुपाये जाने के कारण उक्त अंचल के कैलान गांव की प्रतिबंधित प्लॉट की रजिस्ट्री होने की खबर है। प्रतिबंधित प्लॉट वन भूमि की प्रकृति के रूप में भारत सरकार की ओर से जारी गजट में अंकित है। उक्त भूमि की खरीद बिक्री के लिये अंचल कार्यालय से निर्गत एलपीसी में बहुत बड़ा खेला हुआ है। अंचल कार्यालय की ओर से जारी एलपीसी में कथित तथ्यों को छुपाकर जमीन की खरीद बिक्री करने वाले को फायदा पहुंचाने का आरोप है।मजे की बात है कि भवनाथपुर अंचल कार्यालय ने एक ही पत्रांक दिनांक के तहत उक्त भूमि से संबंधित दो-दो एलपीसी निर्गत की है। एक एलपीसी में भूमि का पुराना और नया खाता और प्लॉट और एक एलपीसी में भूमि का सिर्फ नया प्लॉट का उल्लेख किया गया है।अंचल की ओर से रजिस्ट्री ऑफिस को मेल से भेजे गये एलपीसी में उल्लेखित सिर्फ नये प्लॉट होने और पुराने प्लॉट से जुड़े तथ्यों को छुपा देने से प्रतिबंधित जमीन की रजिस्ट्री हुई है। अब मामला सामने आने पर भवनाथपुर सीओ समेत सारे कर्मियों के हाथ पांव फूल गये हैं। अंचल कार्यालय के लोग बे सिर पैर की दलील दे रहे हैं और मामले की लीपापोती में जुट गये हैं। **क्या है जमीन रजिस्ट्री का पूरा मामला :** नगर ऊंटारी रजिस्ट्री ऑफिस में गत 27 अप्रैल 2023 को भवनाथपुर अंचल अंतर्गत कैलान गांव की दो एकड़ 80 डिसमिल जमीन की रजिस्ट्री हुई है। उक्त जमीन को कैलान गांव निवासी राम चरितर महतो ने जलपथ प्रमंडल गढ़वा के ईई नवीन महली के नाम पर बिक्री की है।सोन कनहर अंडरग्राउंड पाईप लाईन प्रोजेक्ट पर काम रही एलएंडटी कंपनी ने पंप हाउस निर्माण के लिये विक्रेता को 70 लाख रूपये भुगतान कर जमीन की रजिस्ट्री जलपथ प्रमंडल गढ़वा के ईई नवीन महली के नाम पर करायी है। उक्त केवाला में बिक्री की जा रही जमीन का पुराना खाता और प्लॉट का जिक्र बिल्कुल नहीं है।गड़बड़ी में हुई हड़बड़ी के परिणामस्वरूप केवाला में मालिक झारखंड सरकार द्वारा अंचल पदाधिकारी भवनाथपुर के बजाय अंचल पदाधिकारी रंका दर्ज है। उक्त जमीन की बिक्री के आवश्यक एलपीसी जो केवाला के साथ संलग्न है, उसमें भी पुराना खाता प्लॉट का जिक्र नहीं है। सिर्फ नया खाता प्लॉट भरकर निर्गत है। जिससे तथ्य सामने नहीं आया और प्रतिबंधित जमीन की रजिस्ट्री हो गई। **क्या हुआ है जमीन रजिस्ट्री में खेल :** गत 27 अप्रैल को कैलान गांव की दो एकड़ 80 डिसमिल जमीन में दो प्लॉट की जमीन रजिस्ट्री हुई है। जिसमें पुराना खाता संख्या 1 प्लॉट संख्या 981, नया खाता संख्या 10 प्लॉट संख्या 2141 रकबा 34 डिसमिल और पुराना खाता संख्या 1 प्लॉट संख्या 1404, नया खाता संख्या 10 प्लॉट संख्या 2142 रकबा 2 एकड़ 46 डिसमिल जमीन शामिल है।

## सीबीएसई बोर्ड परीक्षा में आरके पब्लिक स्कूल अधौरा के छात्रों ने किया शानदार प्रदर्शन



**बंशीधर नगर (प्रभात मंत्र संवाददाता):** केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड द्वारा आयोजित माध्यमिक विद्यालय परीक्षा (दसवीं कक्षा) 2023 में आरके पब्लिक स्कूल अधौरा श्री बंशीधर नगर के प्रथम बैच के छात्रों ने शानदार प्रदर्शन किया है। विद्यालय का परीक्षा परिणाम बहुत ही सराहनीय है। सभी विद्यार्थियों ने परीक्षा उत्तीर्ण कर विद्यालय का शत-प्रतिशत परिणाम सुनिश्चित किया है।निखिल राज गुप्ता ने सर्वाधिक 84 प्रतिशत, तनिष्क जायसवाल ने 82 प्रतिशत, स्वीटी कुमारी ने 81 प्रतिशत, अंजली कुमारी ने 73 प्रतिशत एवं निखिल राज ने 72 प्रतिशत अंक प्राप्त कर शानदार प्रदर्शन किया है। स्कूल के निदेशक अलखनाथ पाण्डेय एवं प्राचार्य लक्ष्मीकांत ओझा ने सभी विद्यार्थियों को उनकी मेहनत और लगन के लिये बधाई दी है।उन्होंने सभी शिक्षकों को उनकी अपार मेहनत और मार्गदर्शन के लिये भी बधाई दी है। उन्होंने कहा कि उन्हें अपने छात्रों और शिक्षकों पर बहुत गर्व है और यह सुनिश्चित किया कि आने वाले वर्षों में परिणाम बेहतर होते रहेंगे।

## तेजस्विनी परियोजना से जुड़े लोगों ने 120 पोस्ट कार्ड भेजकर मुख्यमंत्री से अवधि बढ़ाने का किया मांग



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर :** नावा बाजार प्रखंड क्षेत्र में चल रही 2019 से तेजस्विनी परियोजना अब 25 अगस्त 2023 तक बंद होने की चिठ्ठी तेजस्विनी परियोजना के कमर्चारियों को मिल गया है ।बंद को लेकर अब तेजस्विनी परियोजना के कमर्चारियों में हलचल मच गई है और इस योजना से जुड़े सभी कर्मचारियों ने झारखंड सरकार माननीय मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन जी के नाम से नावा बाजार क्षेत्र से 120 बाई पोस्ट कार्ड के माध्यम से भेज कर अवगत कराते हुए इस योजना को संचालित रखने की मांग किया है। लोगों ने बताया कि तेजस्विनी परियोजना विगत 2019 से सभी जुड़ी है। और तेजस्विनी परियोजना के माध्यम से लोगों को मशरूम उत्पादन, लोन के माध्यम से दुकान खोलना, सिलाई करना, जैसे विभिन्न स्वरोजगार कर आय दोगुनी करना साथ ही व्यवसाय के लिए कौशल प्रशिक्षण के लिए उनका नाइ सीलिंग भी कराया गया है। जिसके प्रशिक्षण कर वह प्रतीक्षा में है । साथ ही व्यवसाय के लिए भी कौशल का प्रशिक्षण लेकर स्वयं रोजगार करने के लिए प्रतीक्षा में है। उन्होंने बताया कि युवा उत्प्रेरक दीदी से पता चला है कि परियोजना अब 25 अगस्त 2023 को बंद हो जाएगा। अगर ऐसा हुआ तो इस विभाग से जुड़े सभी बेरोजगार हो जाएंगे। इस लिए माननीय मुख्यमंत्री जी से उस कार्ड के माध्यम से परियोजना को अवधि आगे बढ़ाने की मांग किया है। साथ ही लोगों ने बताया कि इससे जुड़कर जो आगे बढ़ना आय दोगुनी करना का लक्ष्य प्राप्त किया उसे अब अवसर नहीं मिल पाएगा। और सारे लोग अब बेरोजगार हो जाएंगे। इसलिए झारखंड सरकार इस योजना को आगे बढ़ाते हुए सभी को रोजगार मुहैया कराया जाए। पोस्टकार्ड भेजने में प्रखंड अस्तर से सभी क्लस्टर सम्यनक, क्षेत्रीय सम्यनक, प्रखंड समन्वयक और युवा उत्प्रेरक भी शामिल है। लोगों ने बताया कि माननीय मुख्यमंत्री जी का जो सपना है कि महिलाओं एवं किशोरियों को सशक्त करने का उसे पूर्ण करने की जरूरत है। और इस योजना का अवधि बढ़ाते हुए महत्वकांक्षी परियोजना का संचालित रखने की जरूरत है।

## प्रखंड संसाधन केन्द्र अधौरा में शनिवार को बीआरपी-सीआरपी की बैठक संपन्न



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बंशीधर नगर :** प्रखंड संसाधन केन्द्र अधौरा में शनिवार को बीआरपी-सीआरपी की बैठक बीआरपी श्रीकांत चौबे की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में बीआरपी ने विभागीय कार्यों की समीक्षा के बाद आवश्यक दिशा निर्देश दिया.बैठक में बीआरपी ने कहा कि शैक्षणिक सत्र 2022-23 में कक्षा 1 से 7 तक के विद्यार्थियों हेतु वार्षिक योगात्मक परीक्षा का मूल्यांकन कार्य 19 मई तक सभी प्रधानाध्यापक पूरा कर लेंगे। श्री चौबे ने कहा कि आगामी 10 जून तक परीक्षाफल एवं प्रगति पत्रक का कार्य अवश्य पूरा कर लेंग। बीआरपी श्री चौबे ने प्रगति पत्रक का वितरण आगामी 12 जून को छात्रों एंव अभिभावकों की संगोष्ठी बुलाकर करने का निर्देश दिया। उन्होंने 12 जून को रिजल्ट घोषित करने के बाद अपने विद्यालय के आंकड़ो को समेकन करते हुए। सीआरपी को देना सुनिश्चित करेंगे तथा सभी सीआरपी प्राप्त आंकड़ों का संग्रह करते हुए कंप्यूटर कोडिनेटर मुकेश कुमार के पास जमा करने का निर्देश दिया ताकि 20 जून तक डाटा को कंप्यूटर पर अपलोड किया जा सके। उन्होंने कंप्यूटर कोडिनेटर मुकेश कुमार को निर्देश दिया कि 20 जून तक प्राप्त आंकड़ों का डाटा अपलोड कर ससमय जिला कार्यालय को भेज देंगे.बीआरपी श्री चौबे ने कहा कि कक्षा 01 से कक्षा 07 तक के सभी बच्चों को वर्ग प्रोन्नत मानते हुए दिनांक 01 जून 2023 से शैक्षणिक सत्र प्रारंभ करेंगे। श्री चौबे ने कहा कि सभी विद्यार्थियों का खाता खोलना अनिवार्य हैं, इसलिए सभी प्रधानाध्यापक अपने -अपने नजदीकी के डाकघर से संपर्क स्थापित कर शत प्रतिशत खाता खोलना सुनिश्चित करेंगे। बीआरपी श्रीकांत चौबे ने कहा कि प्रखंडाधींन विद्यालयों में जहां पर निःशक्त बच्चे हैं वहां के प्रधानाध्यापक उन बच्चों का दिव्यांगता प्रमाण पत्र का रिपोर्ट नहीं दिये हैं, बीआरसी में रिसोर्स शिक्षक शशिकांत पाल को 24 घँटे के अंदर उपलब्ध करायें।

## चहारदीवारी कार्य में किया जा रहा सामग्री का प्रयोग

**खरौंधी (प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड के प्लस टू उच्च विद्यालय राजी के निर्माणाधीन चहारदिवारी में घटिया सामग्री का प्रयोग किया जा रहा है। नवनिर्माणित चहारदिवारी में घटिया इट, दो नंबर के सीमेंट,बालू सहित सभी में घटिया सामग्री का जैम कर प्रयोग किया जा रहा है। ग्रामीणों सहित विद्यालय के प्रधानाध्यापक ने कई बार इसका शिकायत संवेदक से किया।लेकिन संवेदक द्वारा मनमानी किया जा रहा है। इस विद्यालय में नौ मई को स्थानीय विधायक भानु प्रताप शाही के द्वारा लगभग 47 लाख की लागत से बनने वाला चहारदिवारी का निर्माण का शिलान्यास किया गया था। जिसको लेकर विधायक ने ठीकेदार के द्वारा गिराया गये घटिया ईट को देखकर भड़क गए थे। उन्होंने गुणवत्तापूर्ण ईट का प्रयोग करने का निर्देश दिया था। लेकिन विधायक के कहे जाने के बावजूद भी ठेकेदार के द्वारा घटिया ईट का प्रयोग किया जा रहा है। साथ ही इस चहारदीवारी के निर्माण मे पानी भी नहीं पटाया जा रहा है। जिससे चहार दीवारी का निर्माण काफी कमजोर हो रहा है इस मौके पर उपस्थित प्रधानाध्यापक मनोज कुमार ने बताया कि विद्यालय के भवन से लेकर चहार दीवारी निर्माण तक घटिया काम किया गया है। उन्होंने कहा कि इससे पहले भी विद्यालय के भवन का निर्माण कराया गया है। जो की बहुत ही घटिया है। चहार दीवारी का निर्माण भी बहुत कमजोर कराया जा रहा है। जिससे आने वाले समय में कभी भी कुछ हो सकता है।

# झारखंड से हज यात्रियों के लिए रांची से नहीं है फ्लाइट, इरफान ने भी साध रखी है चुप्पी

परवेज कुरैशी @ प्रभात मंत्र

**रांची ।** कोविड 19 महामारी के बाद इस बार हज करने की तमन्ना रखने वाले आजमीन ए हज की संख्या में थोड़ा इजाफा हुआ है, उत्साह भी देखने को मिल रहा है। झारखंड से आजमीन ए हज के लिए 21 मई 2023 से गो फर्स्ट की एयरलाइंस से उड़ान भरना था, लेकिन किसी तकनीकी कारणों से गो फर्स्ट एयरलाइंस रद्द हो चुका है। अब नए सिरे से नए फ्लाइट से उड़ान भरना है इसको लेकर झारखंड हज कमेटी के अध्यक्ष इरफान अंसारी ने महिला और बाल विकास, अल्पसंख्यक मामलों की केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी, रांची एयरपोर्ट के निर्देशक से लगातार बातचीत कर रहें हैं, लेकिन अभी तक जो सूचनाएं आ रही है कि 15 मई 2023 तक सभी आजमीन ए हज को उनके उड़ान की तिथि संबंधित जानकारी उपलब्ध करा देनी चाहिए थी, लेकिन खबर लिखे जाने तक ऐसी किसी भी आजमीन ए हज को इसकी जानकारी नहीं दी गई है।

### एयरपोर्ट निदेशक को भी पता नहीं

यहां तक कि रांची बिरसा मुंडा एयरपोर्ट के निदेशक से भी जब बात हुई तो उन्होंने भी अनभिज्ञ जताते हुए कहा कि अभी तक उड़ान भरने के लिए कोई अपडेट नहीं है, यदि कुछ अपडेट होगा ,इसकी जानकारी आप सभी को दी जाएगी।

### इस बार क्या है स्थिति

इस बार 21 मई 2023 को झारखंड से करीब 2786 आजमीन ए हज रांची स्थित बिरसा मुंडा एयरपोर्ट से जद्दा के लिए उड़ान भरेंगे । इसमें 1214 महिलाएं और 1572 पुरुष शामिल है और रांची से सबसे अधिक 426 और खूंटी जिला से सबसे कम 2 आजमीन ए हज ने हज में जाने के लिए रजिस्ट्रेशन कराया है। इस बार 3,69 , 696 रुपया हज के लिए फ्लाइट सहित अन्य खर्च किया जाएगा। हालांकि इस खर्च में कुर्बानी को नहीं जोड़ा गया है यदि अगर कोई कुर्बानी देना चाहते हैं तो उसके लिए अलग से 20, 000 और लगेंगे ।

### तीन किस्तों में जमा करना है पैसा

तीन किस्तों में पैसे जमा करना है, पहला किस्त 1लाख 81000 दूसरी किस्त 1,7000 और तीसरा किस्त 87,800 0 देना है।




### 21 मई से 6 जून तक

आजमीन ए हज 21 मई से 6 जून तक के लिए समय तय किया गया है। जिसमें मदीना में 8 से 10 दिन रुकेंगे और इसके बाद मक्का के लिए रवाना होंगे। सऊदी सरकार के अनुसार बच्चे और 65 साल से अधिक उम्र के लोग आजमीन ए हज में नहीं जा पाएंगे लेकिन इस बार ऐसा नहीं है।

### पूर्व में हज पर जाने वाले की सूची

हज यात्री 2018 में 1966 हाजी झारखंड से गए थे, 2019 में 2115 हाजी , 2022 में 1433 हाजी झारखंड से गए थे और इस साल 2023 में 2786 हज यात्रा में जाने वालों की संख्या लगभग में दर्ज किया गया हैं।

### कोलकाता एयरपोर्ट से भरेंगे उड़ान

यदि समय पर आजमीन ए हज को हज में जाने के लिए कोई फ्लाइट रांची बिरसा मुंडा एयरपोर्ट से नहीं हो पाता है, तो संभवतः कोलकाता एयरपोर्ट से ही पहले की तरह आजमीन ए हज के लिए रवाना होंगे, हालांकि अभी तक इसकी आधिकारिक पुष्टि नहीं की जा रही है।

### हज कमेटी के अध्यक्ष इरफान ने साधी चुप्पी

आजमीन ए हज में जाने वालों के लिए कौन सी फ्लाइट है, और क्या सुविधाएं उपलब्ध रहेगी, इन सब बातों को लेकर जामताड़ा से कांग्रेस विधायक सह हज कमेटी के अध्यक्ष इरफान अंसारी लगातार दावा करते रहे कि है वे केंद्रीय मंत्री स्मृति इरानी से बात करके आजमीन ए हज को हज पर भेजने की पूरी कोशिश करेंगे। लेकिन बता दें कि अभी तक रांची एयरपोर्ट से ऐसी कोई फ्लाइट नहीं है । इस संबंध में डॉक्टर इरफान अंसारी को दो बार फोन किया गया ,लेकिन वे फोन नहीं उठाएं, तीसरी बार उन्होंने फोन उठाया, लेकिन वे इस पर स्पष्ट जवाब नहीं दिए, और टालमटोल करते हुए चुप्पी साधे रहे।

### क्या हुआ गो फर्स्ट एयरलाइंस का

जैसा कि बताया गया था आजमीन ए हज में हाजियों को भेजने के लिए रांची एयरपोर्ट से गो फर्स्ट एयरलाइंस की बुकिंग की गई थी, लेकिन किसी कारणवश गो फर्स्ट की ओर से इन फ्लाइट्स को परिचालन कारणों से रद्द किया गया है। कंपनी ने पहली बार 12 मई तक फ्लाइट्स को कैंसिल किया था। परिचालन 23 मई तक निर्धारित गो फर्स्ट की सभी उड़ानें रद्द कर दी गई हैं।

### मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को करना होगा पहल



आजमीन ए हज को हज पर भेजने के लिए अभी तक हज कमेटी असफल साबित हुई है । ऐसे में हज कमेटी को चाहिए कि एक प्रतिनिधि मंडल मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से मिलकर वस्तु स्थिति से अवगत करा दें, ताकि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन इस पर पहल कर सके।

## संक्षिप्त खबरें

### प्रेमी ने खुद को मार ली गोली, जांच में जुटी पुलिस

**रांची।** शुक्रवार को शाम अरगोड़ा थाना क्षेत्र के पटेल पार्क पर प्रेमिका निवेदिता की हत्या कर ने वाले 25 वर्षीय प्रेमी अंकित कुमार को रांची पुलिस खोज रही थी। लेकिन वह पुलिस के हाथ नहीं लगा, शनिवार की शाम को पुलिस को सूचना मिली कि एक युवक की सदर थाना क्षेत्र में शव पड़ा हुआ है । पुलिस वहां पहुंची और शिनाख्त की और पाया कि युवक अंकित है जिसे पुलिस खोज रही थी। बताया जा रहा है कि उसने खुद से खुदको गोली मार ली।गोली अंकित के सिर में गोली मारकर आत्महत्या कर ली। घटना सदर थाना क्षेत्र के अयोध्यापुरी में मैदान के पास की है। पुलिस ने युवक के हांथ में पिस्टल है और सिर में गोली लगी हुई है। बता दे कि अंकित की तलाश रांची पुलिस कर रही थी और कुछ पुलिस के टीम बिहार भी गई, लेकिन अंकित पुलिस के हाथ नहीं आया। वहीं अब पुलिस अंकित के साथ जो साथी था उसे पुलिस तलाश कर रही है।

### कर्नाटक की जनता ने फासिस्ट भाजपा सरकार को हराया : भाकपा

**रांची।** भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के वरिष्ठ नेता पूर्व सांसद भुवनेश्वर प्रसाद मेहता, राज्य सचिव महेंद्र पाठक, जिला सचिव अजय कुमार सिंह, ने संयुक्त रूप से बयान जारी कर कर्नाटक की जनता को बधाई देते हुए कहा कि देश के सबसे बड़ी फासिस्ट पार्टी के कारवां को कर्नाटक की जनता ने रोक दिया ,झूठ, फरेब, धर्मांधता, धार्मिक उन्माद फैलाकर देश की सत्ता पर आई भारतीय जनता पार्टी लगातार देश में फासीवाद को बढ़ावा दे रहा है। उन्माद फैलाकर नफरत के माहौल बनाने की कोशिश भारतीय जनता पार्टी ने की जिसे कर्नाटक की जनता ने नकार दिया, नेताओं ने कहा कि कर्नाटक में 40,40 हेलीकॉप्टर अदानी अंबानी की पुंजी के बल पर कर्नाटक पर सत्ता कब्जा करने की कोशिश को जनता ने नकार दिया । 2024 में भाजपा को हराने के लिए देश की तमाम विपक्षी पार्टियां कर्नाटक की जनता से सीख लेकर आगे आएगी और जन आंदोलन के माध्यम से भाजपा को सत्ता से बेदखल करेगी।

# मदर्स डे स्पेशल: मातृत्व के बदलते चित्रण की कहानियां



प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची।** वर्षो से, भारतीय टेलीविजन धारावाहिकों ने मातृत्व के चित्रण को समय के साथ उसके बदलते रूप में प्रस्तुत किया है। उन्होंने आत्म- बलिदानी और विनम्र माताओं की पारंपरिक रूढ़िवादिता को दूर करते हुए उन्हें अधिक प्रगतिशील और प्रेरक दिखाया। स्टार प्लस के शो अनुपमा की हालिया कहानी के जरिए हमने अनुपमा और अनुज के माध्यम से पालन-पोषण की कई चुनौतियों और उनकी खुशियों के साक्षी बने, जो छोटी अनु नाम की एक बच्ची को अपने घर ले जाते हैं। शो में जरूरतमंद बच्ची के पालन-पोषण और उनके लिए एक अपना घर उपलब्ध कराने के महत्व की खूबसूरती पर प्रकाश डाला गया है साथ ही उपेक्षा और दुर्व्यवहार का सामना करने वाले बच्चे की देखभाल और उसकी समस्याओं को हल करने वाली समस्याओं पर भी जोर डालता हो। जानने के लिए देखिए अनुपमा शो हर सोमवार से रविवार, रात 10 बजे, सिर्फ स्टार प्लस पर।

# रेड सी इंटरनेशनल स्कूल में समर कैम्प का हुआ आयोजन

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची।** रेड सी इंटरनेशनल स्कूल, आजाद बस्ती रांची में बच्चों के लिए एक समर कैम्प का आयोजन किया है। इस कैम्प का उद्देश्य बच्चों को खेल और शैली के माध्यम से सीखने का मौका देना है।इस समर कैम्प में आर्ट एंड डिजाइनिंग, पेंटिंग, स्क्रैप वर्क, नॉन फायर कुकिंग, फैंसी ड्रेस, ड्राइंग, सिंगिंग, डांसिंग, वाटर फन आदि थीम पर एक्टिविटी कराई गई।बच्चों ने यह एक्टिविटी कर खूब एन्जॉय किया। इसके साथ ही उन्हें आपस मे एक दूसरे साथियों से मिलने और नए फ्रेंडशिप बनाने का भी मौका मिला।स्कूल की प्रधानाध्यापिका सोनी लकड़ा ने




बताया कि ÷यहसमर कैम्प की अवधि एक सप्ताह होगी और इसमें बच्चों को प्रतिदिन सुबह 8 बजे से 11 बजे दिन तक विभिन्न कार्यक्रम और एक्टिविटी माध्यम से हर दिन कुछ नया सीखेंगे। स्कूल के निदेशक अजीजुल , शिक्षक, शिक्षिकाएं सहित तमन्ना, अरसला, सना, सादिया नाज, नासरीन, फरिया अतिका, सईमा, चंदा, खुशनुमा, शगुफ्ता और शाहमा सर आदि शामिल थे।

# जेएसएसयू को विधायक सांसद का मिला समर्थन

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची।** झारखंड स्टेट स्टूडेंट्स यूनियन द्वारा पूर्व घोषित विधायक समर्थन प्राप्त कार्यक्रम के तहत जेएसएसयू हजारीबाग टीम द्वारा महेंद्र प्रसाद और संजय मेहता के नेतृत्व में बरकट्ठा विधायक अमित कुमार यादव से 60/40 नाय चलतो , खतियान आधारित संवैधानिक नियोजन नीति लागू कर नियुक्ति प्रक्रिया शुरू करने की माँग पर सहमति प्राप्त कर लिया गया है द्यविधायक अमित कुमार यादव ने लिखित रूप से समर्थन देते हुए , छात्रों के आंदोलन के साथ सदैव खड़ा रहने का वादा करते हुए कहा कि झारखंड स्टेट स्टूडेंट्स यूनियन का मांग जायज है, छात्रों की माँग को सरकार तत्काल पूरा करे द्य नेतृत्व कर रहे महेंद्र प्रसाद और संजय मेहता ने कहा कि आंदोलन के नेतृत्वकर्ता क्रान्तिकारी देवेन्द्र नाथ महतो के दिशा निर्देश पर 25 मई तक सभी विधायक/सांसद से समर्थन हर हाल में पूरा करना है, जेएस एसयू द्वारा 60/40 हकमार नियोजन नीति के विरुद्ध 10 मई से 11 जून तक 31 दिवसीय महा जन आंदोलन का ऐलान किया है । समर्थन प्राप्त करने के मौके पर महेंद्र प्रसाद, संजय महतो ,गंगाधर प्रसाद ,ऋषि कुमार ,देवानंद प्रसाद ,चन्दन कुमार ,रुपेश कुमार ,पवन कुमार ,गोपाल कुमार ,राजेश कुमार महतो, दीपक साव , जाबिर अंसारी नितीश कुमार ,मुन्ना कुमार, शिव प्रसाद शामिल हैं।

# अवैध वसूली के आरोप में चार यातायात पुलिसकर्मी निलंबित

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची।** रांची में इन दिनों हेलमेट के नाम पर चेकिंग, ठेला-खोमचा व ऑटो चालकों से अवैध वसूली करने वाले यातायात पुलिस की शिकायत यातायात एसपी हारिश बिन जमॉ से की गई थी। इस मामले को गंभीरता से लेते हुए यातायात एसपी ने यातायात पुलिस पर कार्रवाई करते हुए चार पुलिसकर्मियों को निलंबित कर दिया है। निलंबित होने वाले पुलिसकर्मियों में आरक्षी राजेश




कुमार रंजन, एएसआई लवकेश कुमार, संजय कुमार यादव और मनोज कुमार सिंह शामिल हैं। ट्रैफिक एसपी ने निलंबित सभी पुलिसकर्मियों पर विभागीय कार्रवाई की अनुशंसा की है। यातायात एसपी ने सभी पुलिसकर्मियों से कहा है कि उसे बॉडी ऑन कैमरा दिया गया है, किसी से नहीं उलझन है और सभी चौक चौराहों में ट्रैफिक सिग्नल और सीसीटीवी कैमरा काम कर रहा है । इस बीच किसी तरह का कोई भी अवैध वसूली की शिकायत नहीं मिलनी चाहिए , इस बात का सभी को ध्यान रखना है।

# अपराध गोष्ठी सह सम्मान समारोह का हुआ आयोजन

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची।** राँची पुलिस अधीक्षक ग्रामीण, के द्वारा अपराध गोष्ठी सह सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। उक्त अपराध गोष्ठी में ग्रामीण क्षेत्र के सभी पुलिस उपाधीक्षक /पुनि एवं थाना/ओपी, प्रभारी रांची उपस्थित हुए । गोष्ठी के प्रारंभ में ईद पर्व को शांतिपूर्वक संपन्न कराया गया, जिसके लिए सभी को धन्यवाद दिया गया । साथ ही सभी पुलिस उपाधीक्षक, पुलिस निरीक्षक एवं थाना प्रभारी/ ओपी प्रभारी को अपने-अपने क्षेत्र में विधि व्यवस्था



संधारण हेतु दिशा निर्देश दिया गया।

**अपराध नियंत्रण में :** पिछले 02 वर्षों में जेल से छूटे अपराधकर्मियों का सत्यापन, संपत्तिमूलक कांडों के उद्भेदन, जुआ/ शराब के अड्डेबाजी पर छापामारी, क्षेत्र में पैसों के आवागमन मे थाना स्तर से बल को प्रतिनियुक्त करना/ संवेदनशील चौक चौराहों पर सीसीटीवी कैमरा स्थापित कराना। मौके पर ख्रिस्टोफर केरकेट्टा, पुलिस उपाधीक्षक सिल्ली, अनिमेष नैथानी, पुलिस उपाधीक्षक खलारी, पु0नि0 महेंद्र करमाली थाना प्रभारी टाटीसिल्वे, पुअनि विनय यादव थाना प्रभारी मांडर, पुअनि ब्रजेश कुमार तत्कालीन थाना प्रभारी अनगड़ा, पुअनि सुकुमार हेंब्रम थाना प्रभारी लापुंग, पुअनि दीपक कुमार सिंह, थाना प्रभारी तमाड़ एवं पुअनि आकाश दीप थाना प्रभारी सिल्ली को प्रशस्ति पत्र के साथ डायरी पेन देकर सम्मानित किया गया।

# मौलाना सैयद बिलाल होस्नी नदवी दारुल उलूम पहुंचे रांची

**मस्जिद जाफरिया रांची के मौलाना सैयद तहजिबुल हसन रिजवी इमाम मस्जिद जाफरिया ने भी स्वागत किया**

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची :** हजरत मौलाना सैयद बिलाल अब्दुलहई हस्नी नदवी पायम इंसानियत कन्वेंशन में हिस्सा लेने के लिए रांची के दारुल उलूम इस्लामनगर जाड़ी बना पीढ़ी पहुंचे। मौलाना आफताब आलम नदवी, मौलाना जियाउल होदा इस्लाही के नेतृत्व में हजरत का गर्मजोशी से स्वागत किया गया। मस्जिद जाफरिया रांची के मौलाना सैयद तहजिबुल हसन रिजवी इमाम मस्जिद जाफरिया ने भी स्वागत किया। कार्यक्रम के संयोजक हजरत मौलाना आफताब आलम नदवी व मौलाना जियाउल होदा इस्लाही ने पायम इंसानिया कन्वेंशन को लेकर जानकारी दी। मौके पर मौलाना साबिर हुसैन मजाहिरी, अध्यक्ष मर्क्जी मजलिस उलेमा झारखंड, उपाध्यक्ष मौलाना शरीफ अहसन मजहरी, महासचिव मुफ्ती तल्हा नदवी, सदस्य मुफ्ती इमरान नदवी ईरबा, मौलाना हस्सान नदवी, मुफ्ती सलमान कासमी, मौलाना रिजवान कासमी नदवी, मौलाना बाकिर रजा दानिश, मौलाना जमशेद आलम नदवी, मौलाना अब्दुल जब्बार कासमी और दारुल उलूम इस्लामनगर जाड़ी बना पीढ़ी के शिक्षक व छात्र शामिल थे।

### रांची पुलिस ने नाइजीरिया निवासी को किया गिरफ्तार

**रांची।** बरियातू थाना की पुलिस द्वारा नाइजीरिया का रहने वाला एक व्यक्ति मॉरिश को गिरफ्तार किया है। मॉरिस की गिरफ्तारी की जानकारी नाइजीरिया के घाना स्थित दूतावास को दे दी गई है। जानकारी के मुताबिक, मॉरिश के खिलाफ एक महिला के द्वारा रुपये की धोखाधड़ी करने से संबंधित मामले की शिकायत बरियातू थाना में की गई थी, जिसके बाद पुलिस ने कार्रवाई करते हुए मॉरिस को गिरफ्तार कर लिया, उससे पूछताछ की जा रही है।

# कर्नाटक की जनता ने 40 प्रतिशत रिश्वतखोरी वाली सरकार को शिकस्त दी है : कांग्रेस

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची।** कर्नाटक विधानसभा चुनाव का परिणाम कांग्रेस के पक्ष में आने के बाद झारखंड प्रदेश कांग्रेस के मुख्यालय रांची में जश्न का माहौल था। ढोल नगाड़े पटाखों के साथ कांग्रेस के नेता एवं कार्यकर्ता खुशी से झूम उठे। इस मौके पर प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर, विधायक दल के नेता आलमगीर आलम, कार्यकारी अध्यक्ष शहजादा अनवर, विधायक दीपिका पांडे सिंह, अनूप सिंह, पूर्व विधायक ममता देवी, महासचिव विनय सिंहा दीपू, राकेश सिन्हा, रविंदर सिंह, राजीव रंजन प्रसाद, डॉ एम तौसीफ रमा खलखो, गजेंद्र सिंह मुख्य रूप से उपस्थित थे।झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने कहा कि कर्नाटक की जनता ने 40 प्रतिशत रिश्वतखोरी



वाली भाजपा की सरकार को शिकस्त दी है। एक बार फिर वहां की जनता ने कांग्रेस पार्टी के ऊपर विश्वास जताया है, पूर्ण बहुमत की सरकार बनाने के लिए कर्नाटक की जनता का आभार। कर्नाटक का परिणाम यह साबित कर दिया कि राहुल गांधी ने जो भारत जोड़ो यात्रा कन्याकुमारी से जम्मू कश्मीर तक लगभग 4000 किलोमीटर पैदल चल कर देश की जनता को मोहब्बत का पैगाम दिया, नफरत की बाजार में मोहब्बत की दुकान खोलना है जैसी बातों का असर देखने को इस चुनाव में मिला है।कर्नाटक के चुनाव के परिणाम आने के बाद कांग्रेस मुख्यालय के जश्न में शशि भूषण राय, शमशेर आलम, सूर्यकांत शुक्ला, कमल ठाकुर, नरेश वर्मा, बेलश तिर्की, राखी कौर, नीतू देवी, कविता देवी, सुभद्रा महली, नीलम सहाय, सनिता सिन्हा, रेखा सनगा, सगीता कुमारी, जयनाथ साहू, अजय जैन, केदार पासवान, पप्पू अजहर, आलोक तिवारी, मेहुल प्रसाद, गौरव सिंह, राखी प्रियदर्शिनी, डॉ समीर निरंजन, सलीम खान, निरंजन पासवान, वारिश कुरैशी, पप्पू अजहर, रजनीश साहू, प्रिंस बट्ट, सदाब खान, अख्तर अली, सहित काफी संख्या में कांग्रेसजन शामिल थे।

# मेरी लाइफ मेरा स्वच्छ शहर कार्यक्रम की हुई शुरूआत

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची।** केंद्र सरकार के आवास एवं शहरी मामले का मंत्रालय द्वारा मेरी लाइफ मेरा स्वच्छ शहर कार्यक्रम की शुरूआत की गई है। जिसके तहत रांची नगर निगम द्वारा 15 मई 2023 से इस कार्यक्रम का शुभारंभ किया जाएगा। जिसके तहत ट्रिपल आर (आर आर आर) यानि रिड्यूस, रियूज और रिसाइकल को अपनाकर पूरे शहर में अभियान चलाया जाएगा और आमजन को इससे जोड़ा जाएगा। अभियान के तहत 18- मई 2023 को रांची नगर निगम के अधिकारीगण, पदाधिकारी एवं कर्मी खुद के सामान का आआरआर की मूल भावना के तहत जमा करेंगे। इस कार्यक्रम के तहत् आम नागरिकों के पुराने कपड़े. जूते, किताबें खिलौने, प्लास्टिक की वस्तुओं और इलेक्ट्रॉनिक सामान जैसी गैर जरूरी इस्तेमाल की चीजों को लिया जाएगा, ताकि उन्हें रिसाइकल कर शहर को कचरा मुक्त बनाया जा सके।अभियान 5 जून 2023 यानि विश्व पर्यावरण दिवस तक सभी वार्डो में चलाया जाएगा। बैठक में सहायक लोक स्वास्थ्य पदाधिकारी के द्वारा बताया



गया कि उपयोग किए गए उत्पादों को कम करना ही मिशन का उद्देश्य है। इसके लिए शहर की भिन्नभिन्न लोकेशन पर रिड्यूस, रियूज और रिसाइकल यानि आरआरआर केंद्र खोले जाएंगे। उन्होंने बताया कि इसे सफल बनाने के लिए एनजीओ एवं एस एचजीस की महिलाओं का सहयोग लिया जाएगा, ताकि बड़ी संख्या में आमजन को मिशन से जोड़ा जा सके।सहायक लोक स्वास्थ पदाधिकारी द्वारा बताया गया कि कार्यक्रम को लेकर पूरे शहर में जागरूकता अभियान चलाई जाएंगी। इसके अतिरिक्त शहर की विभिन्न जगहों पर ट्रिपल आर केंद्र खोले जाएंगे जहां पर आमजन की पहुंच आसानी से हो सके। अभियान के तहत लोगों से अपील की जाएगी कि वे अपने गैर जरूरी सामान जैसे कि बेकार कपड़े, जूते, किताबें, खिलौने, प्लास्टिक की वस्तुओं तथा इलेक्ट्रॉनिक सामान को इन केंद्रों में दे बैठक में नगर प्रबंधक, नगर अभियान प्रबंधक वार्ड सुपरवाइजर एवं अन्य कर्मी उपस्थित थे।

# कर्नाटक में कांग्रेस की जीत देश के लिए एक सीख है : जितेंद्र गुप्ता

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची।** झारखंड मुक्ति मोर्चा रांची महानगर के पूर्व प्रवक्ता जितेंद्र गुप्ता ने कहा कि कर्नाटक में जिस तरह से कांग्रेस बहुमत के साथ जीतकर सरकार बना रही है , यह भाजपा के नेताओं और विधायकों, सांसदों के लिए एक बहुत बड़ी हार है। क्योंकि अब देश की जनता जागरुक हो चुकी है। कर्नाटक की जनता जिस तरह से जागरूकता दिखाया है इसी तरह अब देश के



बाकी राज्यों में होने वाले विधानसभा चुनाव में भी जागरूकता देखने को मिलेगी। एक ही स्वर पर एक ही भाषा,उन्माद, विवाद, धर्म को लेकर बहुत दिनों तक जनता को बेवकूफ बनाकर वोट हासिल नहीं कर सकते हैं। यह कर्नाटक की जनता ने भाजपा को बता दिया है और दिखा भी दिया है। कांग्रेस अब जिस शिद्दत से काम कर रही है, जनता उसे पसंद कर रही । बाकी राज्यों में भी कांग्रेस और उसके सहयोगी दलों को इसी तरह से जीत मिलेगी ऐसी कोई उम्मीद है।

# भाजपा सरकार में देशवासी त्रस्त है, चारो ओर हाहाकार मचा हुआ है : फैज सिद्दीकी

**रांची (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** कांग्रेस नेता फैज़ सिद्दीकी ने कर्नाटक चुनाव में पार्टी द्वारा एक बड़ी जीत हासिल करने के बाद एक प्रेस विज्ञप्ति ज़ारी कर कहा कि कर्नाटक विधानसभा चुनाव की जीत का पहला श्रेय मैं संकट मोचन भगवान् हनुमान को दूसरा श्रेय कर्नाटक की सम्मानित जनता को और तीसरा श्रेय पार्टी के सभी सम्मानित पदाधिकारी और कार्यकर्ताओं को दूंगा। पार्टी की इस शानदार जीत से एक बात तो स्पष्ट हो गई की बजरंगबली भी भाजपा के दोहरी नीति और कार्यशैली से बेहद नाराज़ थे। और इस चुनाव के शानदार परिणाम से उन्होंने स्पष्ट सन्देश दे दिया की देश अब गलत हाथों में नहीं रहेगा। भगवान् हनुमान भी अब यही चाहते हैं। कि देश की कमान अब एक ऐसे अनुभवी हाथ में हो जो देश को तरक्की की राह पर ले जा सके साथ ही देशवासियों के बीच आपसी सौहार्द और प्रेम स्थापित कर सके। श्री सिद्दीकी ने कहा कि शानदार जीत दर्ज कराने के लिए मैं संकट मोचन भगवान् हनुमान सहित कर्नाटक की सम्मानित जनता को कोटि कोटि नमन करता हूँ।भाजपा सरकार में देशवासी त्रस्त है , चारो ओर हाहाकार मचा हुआ है। और पुरे देश में अराजकता का माहौल है। कर्नाटक के वर्तमान परिणाम से यही प्रतीत होता है। कि संकट मोचन भगवन हनुमान ने सभी देशवासियों को भाजपा संकट से निकालने का मन बना लिया है। और मैं पूरी तरह से आश्वस्त हूँ की भगवान् राम का भी समर्थन आगामी लोकसभा चुनाव में कांग्रेस पार्टी को ही मिलेगा। देश की जनता आने वाले सभी चुनाव में भाजपा और उसके नफरत फैलाने वाले नेताओं को सबक सीखाएंगी। इसलिए अब देश में भाजपा का सफाया तय है।

## एक्यूप्रेशर प्रशिक्षण शिविर का आयोजन



**राँची(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** एक्यूप्रेशर परिषद झारखंड शाखा के द्वारा 11 मई 2023 से 26 मई 2023 तक चतुर्थ एक्यूप्रेशर पखवाड़ा मनाया जा रहा है, जिसके अंतर्गत संपूर्ण भारत वर्ष में 11 मई से 26 मई तक निशुल्क एक्युप्रेशर चिकित्सा प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया जा रहा है ,जिसका मुख्य कार्यक्रम 26 मई को राष्ट्रीय एकू प्रेशर दिवस के रूप में मनाया जाता है ।जिसका मुख्य कार्यक्रम बिहार की राजधानी पटना में होगा, इस पखवाड़े में एक्यूप्रेशर परिषद झारखंड शाखा के द्वारा टाटीसिल्वे पुनदाग साई धाम सेंटर ,मां एक्यूप्रेशर सेंटर हजारीबाग ,एक्युप्रेशर सेंटर बोकारो , रामगढ़ कुकड़ेश्वर सेंटर एको प्रेशर सेंटर गुमला, लोहरदगा इत्यादि ।सभी जिलों में प्रशिक्षण और इलाज किया जा रहा है जिसकी जानकारी प्रेस को डॉक्टर मधुसूदन पांडे एक्यूप्रेशर परिषद झारखंड शाखा सचिव के द्वारा दिया गया ।

## कांग्रेस पार्टी की जीत का जश्न मनाया गया



**सिल्ली (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** सिल्ली प्रखंड कांग्रेस कार्यालय में शनिवार को रांची जिला ग्रामीण कांग्रेस अध्यक्ष डॉ राकेश किरण महतो के नेतृत्व में कर्नाटक विधानसभा चुनाव में कांग्रेस पार्टी की जीत का जश्न मनाया गया। जीत की खुशी मे सभी कार्यकर्ताओं ने कार्यालय के समीप नाचते गाते पटाखे जलाते हुए एक दुसरे को अबीर गुलाल लगाकर एवं एक दुसरे को मिठाई खिलाकर जीत की खुशी जाहिर किया। जीत के जश्न के दौरान सोनिया गांधी जिंदाबाद, राहुल गांधी जिंदाबाद, कांग्रेस पार्टी जिंदाबाद के जोरदार नारे लगे। इस मौके पर सिल्ली प्रखंड अध्यक्ष राजकुमार महतो, जिला सचिव कार्तिक चंद्र महतो, युवा कांग्रेस विधानसभा अध्यक्ष विकास रजक, जिला उपाध्यक्ष नगेंद्र नाथ गोस्वामी, सोनाहातू प्रखंड अध्यक्ष अजगूत महतो,हरे कृष्णा महतो, पिनाकी बनर्जी, रबीन प्रमाणिक, सदानंद सोनार, मनोज स्वांसी, एस सी प्रकोष्ठ के राधा माधव सेठ, रमेश स्वांसी, तथा कांग्रेस पार्टी के सक्रिय कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## विनीता कच्छप ने किया घाघरा पंचायत के विकास कार्यों का निरीक्षण



**बेड़ो (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** प्रखंड के घाघरा पंचायत के गांवों में चल रहे विकास कार्यों का निरीक्षण प्रखंड प्रमुख विनीता कच्छप ने किया। सर्वप्रथम डुमरदोन स्थित समुदायिक भवन निरीक्षण किया। निरीक्षण में पाया की कार्य प्रगति में है। तत्पश्चात घाघरा गांव के आंगनबाड़ी केन्द्र से दोन तक बनने वाली पक्की नाली निर्माण का निरीक्षण किया। इस दौरान प्रमुख विनीता कच्छप ने कहा कि निर्माण कार्य गुणवत्ता पुर्ण और प्राक्कलन राशि अनुरूप करें। मौके पर रामदयाल प्रजापति, पंचायत समिति सदस्य निखत जहां, सब्दुल्ला मलिक, पूर्व समिति महेबुल ओहदार, खालिद अंसारी, शरिफ बड़ाईक साथ में थे।

## मदर जीरामणि टीचर्स ट्रेनिंग कॉलेज के छात्र-छात्राएं भ्रमण के लिए पहुंचे मनाली



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**ओरमांझी :** शनिवार को ओरमांझी के मदर जिरामणि टीचर्स ट्रेनिंग कॉलेज, गूंजा के छात्र-छात्राएं क्षणिक भ्रमण के लिए शैक्षणिक भ्रमण के लिए मनाली टूर में पहुंचे। सत्र 2021ङ्क22 के सभी छात्र छात्राएं एजुकेशनल टूर पर एक सप्ताह के लिए मनाली पहुंच चुकी है। छात्र छात्राओं ने वहां की हसीन वादियों की सैर करेंगे। हिमाचल के बारे में जानेंगे। इसके बाद ,अटल टनल और बर्फ के नजारा लेंगे। साथ में कॉलेज की वाइस प्रिंसिपल डा नाजिश नाज, मुबारक अंसारी, जगदीश करमाली और टूर मैनेजर संतोष कुमार आदि छात्र-छात्राएं मौजूद है।


## पूर्व मध्य रेल

### ई-निविदा सूचना

मंडल रेल प्रबन्धक (विद्युत) पूर्व मध्य रेल, धनबाद द्वारा भारत के राष्ट्रपति की तरफ से निम्नलिखित कार्यों के निष्पादन के लिए ई–निविदा आमंत्रित की जाती है : ई निविदा सं.: ईएल/09/खुली/2023–24

1. कार्य का नाम, स्थान एवं समापन अवधि : (ए) चोपन, रेनुकुट, नगर उंटारी और गढ़वा :– अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत चोपन, रेणुकूट, नगर उंटारी और गढ़वा स्टेशनों पर अंदरूनी, प्रतीक्षालय, शौचालय और पीएफ शेड के प्रावधान से संबंधित वैद्युतिक कार्य। (बी) चोपन, रेनुकुट नगर, उंटारी और गढ़वा :– अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत चोपन, रेणुकूट, नगर उंटारी और गढ़वा स्टेशनों पर पीएफ का उत्थान, विस्तार और फ्लोरींग से संबंधित वैद्युतिक कार्य। (सी) गढ़वा रोड, डाल्टनगंज और लातेहार:– अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत गढ़वा रोड, डाल्टनगंज और लातेहार स्टेशनों पर आंतरिक प्रतीक्षालय में सुधार, पीएफ शेड का प्रावधान और अन्य अनुसांगिक कार्य से संबंधित वैद्युतिक कार्य। (डी) गढ़वा रोड, डाल्टनगंज और लातेहार :– अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत पुराने डीटीओ एफओबी का उत्थान, विस्तार, फ्लोरींग, एक लेग रैंप का विस्तार और गढ़वा रोड, डाल्टनगंज और लातेहार स्टेशनों पर अन्य अनुसांगिक कार्य से संबंधित वैद्युतिक कार्य। (ई) कोडरमा, गोमो, पारसनाथ, पहाड़पुर और हजारीबाग रोड :– अमृत भारत स्टेशन योजना (एबीएसएस) के तहत कोडरमा, गोमो, पारसनाथ, पहाड़पुर और हजारीबाग रोड स्टेशनों पर आंतरिक सज्जा, प्रतीक्षालय, शौचालय और पीएफ शेड के प्रावधान से संबंधित वैद्युतिक कार्य। (एफ) कोडरमा, गोमो, पारसनाथ, पहाड़पुर और हजारीबाग रोड :– अमृत भारत स्टेशन योजना (एबीएसएस) के तहत कोडरमा, गोमो, पारसनाथ, पहाड़पुर और हजारीबाग रोड स्टेशनों पर पीएफ का उत्थान, विस्तार और फ्लोरींग से संबंधित वैद्युतिक कार्य। (जी) कतरासगढ़, बरकाकाना और चंद्रपुरा :– अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत कतरासगढ़, बरकाकाना और चंद्रपुरा स्टेशनों पर आंतरिक सज्जा, प्रतीक्षालय, शौचालय और पीएफ शेड के प्रावधान से संबंधित वैद्युतिक कार्य। (एच) कतरासगढ़, बरकाकाना और चंद्रपुरा:–अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत कतरासगढ़, बरकाकाना और चंद्रपुरा स्टेशनों पर पीएफ का उत्थान, विस्तार और फ्लोरींग से संबंधित वैद्युतिक कार्य। (कार्य समापन अवधि : छः माह) ।

2. कार्य के लिए प्राक्कलित राशि : ₹1,62,03,445.62, 3. विड सिक्युरिटी : ₹2,31,000/–, 4. ई निविदा बंद होने एवं खुलने की तिथि एवं समय : ई निविदा बंद होने की तिथि दिनांक 02.06.2023 को 11:00 बजे। ई निविदा खुलने की तिथि दिनांक 02.06.2023 को 11:00 बजे के बाद। 5. वेवसाईट का विवरण : वेबसाइट www.ireps.gov.in ई–निविदा के तहत मैन्युअल प्रस्ताव स्वीकार नहीं किये जायेंगें।

मंडल रेल प्रबंधक (विद्युत)/ पूमरे/धनबाद

पीआर/00305/डीएचएन/डीएचएनजीएस/टी/23–24/64



## कार्यपालक अभियन्ता का कार्यालय, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल, हजारीबाग

### –:: शुद्धि पत्र ::–

पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल, हजारीबाग अन्तर्गत आमंत्रित निविदा Construction of Cluster wise Single Village Water Supply Schemes based on Solar Energy Based Mini Rural Pipe Water Supply Schemes in **Chouparan& Daru** blocks of Hazaribagh District which are not included in MVS/Other Schemes to supply water and house connection with 05 Years Operation and Maintenance works on "Turn Key Basis" Under D.W.&S. Division, Hazaribagh for the Year 2023-24 (Head-JJM); P.R. No.:-296783 Drinking Water and Sanitation (23-24)#D के ग्रुप संख्या–**HZB/SVS_Cluster/DARU-42 & DARU-43** को अपरिहार्य कारणवश आशिंक संशोधन किया जाता है, जिसकी विवरणी निम्न है–

| Sl. No. | Particulars | After Amendment |
|---|---|---|
| 3 | Last date receipt of Bid | Date:- 18.05.2023 upto 05.00 PM |
| 4 | Last date submission cost of BOQ and EMD (in hard copy) | Date:- 19.05.2023 upto 03.00 PM in the office of the<br>1. Executive Engineer, Drinking Water & Sanitation Division, Hazaribag<br>2. Superintending Engineer, Drinking Water & Sanitation Circle, Hazaribag |
| 5 | Date of opening tender | Date:- 20.05.2023 at 11.00 AM |

कंडिका–23 Third party inspection of involved material will be essential according to the instructions given in department letter no.-664 (C.D.O.) dated-25.07.2022.

कंडिका–26 The conditions of department sanctioned order letter no.-254 (Loh0) dt-23.02.2023 will essentially follow and it will be part of agreement.

कंडिका–28 Bidder who have pending work in the department are not eligible to participate in said tender.

कंडिका–29 Bidder must mention tender reference number, name of work & Group No in affidavit and submit in original along withtender acknowledgement, tender cost,&EMD.

शेष सभी शर्तें यथावत रहेंगे।

कार्यपालक अभियन्ता
पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल, हजारीबाग।

PR.NO.297351 Drinking Water and Sanitation(23-24):D



## कार्यपालक अभियंता का कार्यालय भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमण्डल, खूँटी

### अल्पकालीन निविदा आमत्रंण सूचना संख्या –02 वर्ष 2023–2024 (2nd Call)

1. विभाग का नाम : भवन निर्माण विभाग।
2. विज्ञापनदाता का नाम : कार्यपालक अभियंता, भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमण्डल, खूँटी।
3. परिमाण विपत्र की बिक्री की तिथि एवं समय : दिनांकः **29.05.2023** को अपराह्ण 1.00 बजे तक।
4. मुहरबंद निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय : दिनांक **30.05.2023** को अपराह्ण 3.00 बजे तक।
5. मुहरबंद निविदा खोलने की तिथि एवं समय : दिनांकः **30.05.2023** को अपराह्ण 3.30 बजे तक।
6. परिमाण विपत्र की बिक्री का स्थान : 1. कार्यपालक अभियंता, भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमण्डल, खूँटी। 2. अधीक्षण अभियंता का कार्यालय, भवन निर्माण विभाग, छोटानागपुर अंचल, राँची।
7. परिमाण विपत्र की प्राप्ति का स्थान : 1. अधीक्षण अभियंता का कार्यालय, भवन निर्माण विभाग, छोटानागपुर अंचल, राँची। 2. कार्यपालक अभियंता, भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमण्डल, खूँटी।
8. कार्य की विवरणी–

| क्र0 | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य | अग्रधन की राशि | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | Construction of Weighbridge with Operator Room at Khunti, Dist khunti for the year 2022-23. | 35,66,537.00 | 5,000.00 | 71,400.00 | 02 माह |
| 2 | Construction of Weighbridge with Operator Room at Torpa, Dist khunti for the year 2022-23. | 35,66,537.00 | 5,000.00 | 71,400.00 | 02 माह |

नोट :- झारखण्ड सरकार, पथ निर्माण विभाग के संकल्प सह ज्ञापांकः 2148 (S) राँची, दिनांकः 09.09.2020 के आधार पर निविदा का निष्पादन किया जाएगा।

निविदा की शर्तें सूचना पट पर देखा जा सकता है। परिमाण विपत्र की राशि घट–बढ़ सकती है।

कार्यपालक अभियंता,
भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमण्डल, खूँटी

PR 297329 Building (23-24)_D



## झारखण्ड सरकार
## कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग
## प्रभाग - (भूमि संरक्षण)
## कार्यालय - भूमि संरक्षण पदाधिकारी, लातेहार

### –: आम सूचना :–

### वित्तीय वर्ष 2023–24 में डीपबोरिंग एवं परकोलेशन टैंक के निर्माण के लिए ''जलनिधि'' नामक योजना

झारखण्ड सरकार, कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग (कृषि प्रभाग) के राज्यादेश संख्या 10 दिनांक 04.05.2023 के आलोक मे झारखण्ड राज्यनान्तर्गत कृषि को बढ़ावा देने, बहुफसलीय कृषि के विकास, मानसुन पर कृषकों की निर्भरता कम करने हेतु विभिन्न श्रोतों से सिंचाई की समुचित व्यवस्था हेतु डीपबोर/परकोलेशन टैंक के निर्माण हेतु **''जलनिधि''** नामक एक नयी योजना वित्तीय वर्ष 2015–16 से प्रारंभ की गयी है। जिससे कृषि योग्य भूमि को सिंचित और बहुफसलीय कृषि को बढ़ावा दिया जा सके।

(योजना का स्वरूप)

**1. डीप बोरिंग की योजना**

| कार्य योजना | पात्रता | अनुदान की राशि: अनुमानित योजना लागत प्रति इकाई | अनुदान की राशि: अधिकतम अनुदान की राशि | अनुदान की राशि: पानी पंचायत अंशदान की राशि |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| योजनान्तर्गत 6 इंच Diameter deep boring submersible pump 1.5 Hp आवश्यक Accessories एवं संस्थापन (Installation) के साथ | योजना लघु एवं सीमांत कृषक समूहों के लिए लागू होगा। विभागीय मार्गदर्शन के आलोक में विधिवत पानी पंचायत का गठन कर इसका कार्यान्वयन कराया जायेगा। समिति के सदस्यों के पास कलस्टर में न्यूनतम 5 एकड़ भूमि होना अनिवार्य होगा। | 3.50 लाख (लक्ष्य–34) | 90 प्रतिशत (3.15 लाख) | 10 प्रतिशत (0.35 लाख) |

**2. परकोलेशन टैंक निर्माण की योजना (Percolation Tank)**

| कार्य योजना | पात्रता | अनुदान की राशि: अनुमानित योजना लागत प्रति इकाई | अनुदान की राशि: अधिकतम अनुदान की राशि | अनुदान की राशि: पानी पंचायत अंशदान की राशि |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| Length of Percolation Tank - 120ft. width of Percolation Tank -100 ft. Depth of Percolation Tank -12ft. Length of Bound - 370ft. Side Slope-1:1 | योजना लघु एवं सीमांत कृषक समूहों के लिए लागू होगा। विभागीय मार्गदर्शन के आलोक में विधिवत पानी पंचायत का गठन कर इसका कार्यान्वयन कराया जायेगा। समिति के सदस्यों के पास कलस्टर में न्यूनतम 10 एकड़ भूमि होना अनिवार्य होगा। | 4.30 लाख (लक्ष्य–129) | 90 प्रतिशत (3.87लाख) | 10 प्रतिशत (0.43 लाख) |

**डीप बोरिंग/परकोलेशन टैंक का आवदेन–पत्र जमा करने की अंतिम तिथि 30-05-2023 है।**

**कृषक/संस्था का चयन**

(i) अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति/लघु/सीमांत कृषक/महिला कृषकों/इच्छुक कृषक समूहों का चयन प्राथमिकता के आधार पर किया जायेगा।

(ii) जिन कृषक समूहों को पूर्व में डीप वेल बोरिंग, सिंचाई पम्प का लाभ प्राप्त हो चुका है, उनकी पात्रता **"जलनिधि योजना"** के लिए मान्य नहीं होगी।

(iii) योजना के कार्यान्वयन में त्रिस्तरीय पंचायती राज व्यवस्था की सहभागिता सुनिश्चित की जायेगी एवं ग्राम सभा द्वारा चयनित योजनाओं तथा माननीय स्थानीय विधायक की अनुशंसा को प्राथमिकता दी जायेगी।

**आवेदन की प्राप्ति**

(i) भूमि संरक्षण पदाधिकारी, लातेहार के लिए निर्धारित लक्ष्य के विरूद्ध सुपात्र कृषकों से विहित प्रपत्र–I में आवेदन प्राप्त किया जाएगा।

(ii) भूमि संरक्षण पदाधिकारी, लातेहार के कार्यालय से निशुल्क आवेदन–पत्र प्राप्त किया जा सकता है।

(iii) आवेदन–पत्र का प्रारूप विभागीय वेब साईट www.jharkhandsoil.gov.in पर भी उपलब्ध है।

**(iv) आवेदन–पत्र निम्न कागजातों के साथ भूमि संरक्षण कार्यालय, लातेहार में जमा लिया जायेगा:–**

1. संबंधित योजना ग्राम–सभा में पारित होनी चाहिए एवं पारित प्रस्ताव की छायाप्रति मुखिया/पंचायत सेवक द्वारा अभिप्रमाणित।
2. पानी–पंचायत गठित कर, रजिस्टर की छायाप्रति एवं क्षेत्रीय कर्मचारी एवं स्थानीय मुखिया की अध्यक्षता में पानी–पंचायत के गठन की फोटोग्राफी।
3. पानी–पंचायत का राष्ट्रीयकृत बैंक में बचत खाता खोलकर कृषक–अंशदान की राशि के साथ बचत खाता की छायाप्रति। (चयनित अध्यक्ष एवं सचिव का संयुक्त खाता)
4. लाभान्वित कृषकों की सूची विहित प्रपत्र में। (मूल प्रति)
5. गाँव के नक्शे पर संबंधित योजना को चिन्हित कर ट्रेंस नक्शा।
6. जमीन का अद्यतन रसीद /अंचलाधिकारी द्वारा निर्गत भू–धारिता प्रमाण पत्र एवं अध्यक्ष/सचिव का पहचान–पत्र।
7. अंचलाधिकारी के द्वारा निर्गत चेक स्लिप।
8. योजना स्थल के चयन में दोनों – I एवं III को प्राथमिकता प्रदान किया जायेगा।
9. योजना स्थल का पानी पंचायत के सदस्यों के साथ रंगीन फोटोग्राफ।

**उक्त योजना से संबंधित अन्य जानकारियों के लिए निम्न पत्ते पर संपर्क किया जा सकता है।**

**कार्यालय का पता:–** कार्यालय भूमि संरक्षण पदाधिकारी, लातेहार संयुक्त कृषि भवन किनामाड लातेहार

भूमि संरक्षण पदाधिकारी,
लातेहार

PR 297353 Agriculture(23-24).D



## Office of the Executive Engineer
### Drinking Water & Sanitation Division, CHATRA

**VERY SHORT TENDER e-Procurement Notice**

Tender Reference No. DWSD/RM TO DT/CTR/05/2023-24 (1st Call) DT : 12.05.2023

| Sl. No. | Particular | Details | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Name of Work | Outsourcing for supplying labour, vehicle with fuel & lubricants with all tools & plants for the repair & maintenance of Major and Minor drilled tube wells in the rural areas in different block of Chatra District for the Period June-2023 to December-2023 on "TurnKey Basis" Under D.W.&S. Division, Chatra for the Year 2023-24 | | | | |
| | Group No. | No. of RM to DT | Estimate Cost | Earnest Money | Cost of BOQ(Rs.) | Time of Completion |
| | RM/DT/SUB-DIV/CTR-01 (Major-840 Nos. and Minor-560 Nos.) | 1400 Nos. | 10,46,080/- | 21,000/- | 2500/- | 31.12.2023 |
| | RM/DT/SUB-DIV/SMR-02 (Major-840 Nos. and Minor-560 Nos.) | 1400 Nos. | 10,46,080/- | 21,000/- | 2500/- | 31.12.2023 |
| | RM/DT/SUB-DIV/HNT-03 (Major-840 Nos. and Minor-560 Nos.) | 1400 Nos. | 10,46,080/- | 21,000/- | 2500/- | 31.12.2023 |
| 2 | Date of Tender Uploading in Web site | 20.05.2023 at 5:00 PM | | | | |
| 3 | Last Date / Time for Submission of Tender Documents | 26.05.2023 upto 05:00 PM | | | | |
| 4 | Last Date & Time of Receiving EMD/Cost of BOQ (Hard Copy) | 27.05.2023 upto 03:00 PM In the Office of - Executive Engineer, D.W.&S. Division, Chatra and Superintending Engineer, D.W&S. Circle, Hazaribagh. | | | | |
| 5 | Date of Opening Tender | 27.05.2023 at 05:00 PM | | | | |
| 6 | Name & Address of Opening Officer | Executive Engineer, Drinking Water & Sanitation Division, CHATRA (Jharkhand) | | | | |
| 7 | Name & Address of Tender Inviting Authority | Executive Engineer, Drinking Water & Sanitation Division, CHATRA (Jharkhand) | | | | |
| 8 | Contact No. of Procurement Office | +91-7544099310, +91-9931972161 or 06541-253273 | | | | |
| 9 | Helpline No. of e-Procurement Cell | 0651-2480345 | | | | |

- Further details can be seen on & official website http://jharkhandtenders.gov.in.
- Estimated cost may increase or decrease.
- Undersign reserves the right to amend or withdraw any of the terms & conditions contained in the tender document or to accept or reject any or all the tenders without assigning any notice or reason thereof. The decision of the undersigned in this regard shall be find & binding on all.

Executive Engineer
D.W.&S. Division, CHATRA

PR 297326 Drinking Water and Sanitation (23-24)_D



## कार्यालय जिला परिषद, कोडरमा

### अति अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना संख्या – 04/2023–24

वित्तीय वर्ष 2022–23 में पंचायत सचिवालयों में सुदृढीकरण निधि से स्वीकृत क्रमांक–07 में ग्रुप संख्या 01 से ग्रुप संख्या 16 तक वर्णित कार्य के लिए झारखण्ड सरकार के समुचित श्रेणी में निविदा की क्रमांक–1 के अनुसार निबंधित संवेदको से F2 प्रपत्र पर मुहर बंद एकल बीड निविदा आमंत्रित की जाती है।

1. विज्ञापन दाता का नाम :– जिला अभियंता, जिला परिषद, कोडरमा।
2. परिमाण विपत्र बिक्री की तिथि :– दिनांक– 18.05.2023 से 22.05.23 तक (कार्यालय कार्य दिवस एवं समयावधि तक)
3. निविदा प्राप्त करने की तिथि :– दिनांक– 23.05.23 (अपराहन 3:00 बजे तक)
4. निविदा खुलने की तिथि :– दिनांक– 23.05.23 (अपराहन 04:00 बजे )
5. परिमाण विपत्र बिक्री का स्थान :– जिला परिषद, कार्यालय, डी0आर0डी0ए0 भवन, कोडरमा।
6. निविदा प्राप्ति एवं खोलने का स्थान :– डी0आर0डी0ए0 सभागार, कोडरमा।
7. कार्य की विस्तृत विवरणी :–

| ग्रुप सं0 | प्रखंड का नाम | क्र0 | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि (रूपये में) | अग्रधन की राशि (रूपये में) | परिमाण विपत्र का मूल्य (रूपये में) | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 01 | Koderma | 1 | Boundary wall of chhatarbar panchayat bhawan at vill chhaatarbar panchayat chhatarbar block koderma district koderma | 1152300 | 23100 | 2500 | 3 माह |
| 02 | Koderma | 1 | Boundary wall in panchayat bhawan jarga vill jarga panchayat jarga block koderma district koderma | 1381700 | 27650 | 2500 | 3 माह |
| 03 | Koderma | 1 | Boundary wall of panchayat bhawan pathaldiha vill pathaldiha panchayat pathaldiha block koderma district koderma | 2012900 | 40258 | 5000 | 3 माह |
| | | 2 | Repairing work of panchayat bhawan lokai with new Boundary wall at vill lokai panchayat lokai block koderma district koderma | | | | |
| | | 3 | Boundary wall of kharkota panchayat bhawan at vill kharkota panchayat kharkota block koderma district koderma | | | | |
| 04 | Koderma | 1 | Boundary wall of jhumari panchayat bhawan at vill jhumari panchayat jhumari block koderma district koderma | 1821800 | 36450 | 5000 | 3 माह |
| | | 2 | Boundary wall of karma panchayat bhawan at vill karma panchayat karma block koderma district koderma | | | | |
| 05 | Satgawan | 1 | construction of Boundary wall and repairing work of panchayat bhawan at campus of mirganj panchayat bhawan block satgawan dist koderma | 1255220 | 25200 | 2500 | 3 माह |
| | | 2 | Repairing and renovation of madhopur panchatat bhawan block satgawan dist koderma | | | | |
| 06 | Satgawan | | Boundary wall and repairing work of panchayat bhawan at campus of tehro panchayat bhawan block satgawan dist koderma | 2376930 | 47540 | 5000 | 3 माह |
| | | 1 | Boundary wall and repairing work of panchayat bhawan at campus of khuta panchayat bhawan block satgawan dist koderma | | | | |
| | | 2 | Reapairing and renovation of ambabad panchayat bhawan block satgawan dist koderma | | | | |
| | | 3 | construction of Boundary wall at campus of nawadih panchayat bhawan bhawan block satgawan dist koderma | | | | |
| 07 | Satgawan | 1 | Reapairing and renovation of samaldih panchayat bhawan block satgawan dist koderma | 1622510 | 32460 | 5000 | 3 माह |
| | | 2 | Reapairing and renovation of basodih panchayat bhawan block satgawan dist koderma | | | | |
| | | 3 | construction of Boundary wall at campus of kataiya panchayat bhawan block satgawan dist koderma | | | | |
| | | 4 | Reapairing and renovation of shivpur panchayat bhawan block satgawan dist koderma | | | | |
| 8 | Satgawan | 1 | construction of Boundary wall and repairing work of panchayat bhawan at campus of itai panchayat bhawan block satgawan dist koderma | 2056171 | 41125 | 5000 | 3 माह |
| | | 2 | construction of Boundary wall and repairing work of panchayat bhawan at campus of rajabar panchayat bhawan block satgawan dist koderma | | | | |
| | | 3 | construction of Boundary wall at campus of marchoi panchayat bhawan block satgawan dist koderma | | | | |
| 09 | Markacho | 1 | Reapairing and renovation of markacho north panchayat bhawan block markacho dist koderma | 2209083 | 44182 | 5000 | 3 माह |
| | | 2 | construction of Boundary wall and repairing and renovation of markacho south panchayat bhawan block markacho dist koderma | | | | |
| 10 | Markacho | 1 | Reapairing and renovation of jamu panchayat bhawan block markacho dist koderma | 2136762 | 42740 | 5000 | 3 माह |
| | | 2 | construction of Boundary wall and repairing and renovation of dasarokhurd panchayat bhawan block markacho dist koderma | | | | |
| 11 | Markacho | 1 | construction of Boundary wall and repairing and renovation of paplo panchayat bhawan block markacho dist koderma | 2412465 | 48250 | 5000 | 3 माह |
| | | 2 | construction of Boundary wall and repairing and renovation of markacho middle panchayat bhawan block markacho dist koderma | | | | |
| 12 | Markacho | 1 | construction of Boundary wall and repairing and renovation of chopnadih panchayat bhawan block markacho dist koderma | 1519716 | 30395 | 5000 | 3 माह |
| 13 | Markacho | 1 | Reapairing and renovation of mahugai panchayat bhawan block markacho dist koderma | 2049676 | 41000 | 5000 | 3 माह |
| | | 2 | construction of Boundary wall and repairing and renovation of kadodih panchayat bhawan block markacho dist koderma | | | | |
| 14 | Markacho | 1 | Reapairing and renovation of nawadih-2 panchayat bhawan block markacho dist koderma | 2115235 | 42305 | 5000 | 3 माह |
| | | 2 | Reapairing and renovation of devipur panchayat bhawan block markacho dist koderma | | | | |
| | | 3 | construction of Boundary wall and repairing and renovation of purnanagar panchayat bhawan block markacho dist koderma | | | | |
| 15 | Markacho | 1 | construction of Boundary wall and repairing and renovation of dagranwa panchayat bhawan block markacho dist koderma | 2246085 | 44925 | 5000 | 3 माह |
| | | 2 | construction of Boundary wall and repairing and renovation of murkmanai panchayat bhawan block markacho dist koderma | | | | |
| 16 | Markacho | 1 | construction of Boundary wall and repairing and renovation of simariya panchayat bhawan block markacho dist koderma | 1167315 | 23350 | 2500 | 3 माह |

निविदा की शर्तें WWW.koderma.nic.in एवं कार्यालय के सूचना पट्ट पर देखें।

जिला अभियंता
जिला परिषद् कोडरमा

PR 297308 Panchayati Raj (23-24)_D

# कर्नाटक की जनता ने नफरत के गाल पर मारा तमाचा : बन्ना गुप्ता



प्रभात मंत्र संवाददाता

**जमशेदपुर :** झारखंड सरकार के स्वास्थ्य एवं आपदा प्रबंधन मंत्री बन्ना गुप्ता ने कर्नाटक में कांग्रेस की शानदार जीत पर कहा कि, जनता ने अहंकारी और जुमले बाजी की सरकार को आईना दिखा दिया है, यह समय परिवर्तन का हैं, अब केंद्र सरकार की उल्टी गिनती शुरू हो गई हैं, देश की जनता और बजरंगबली जी का आशीर्वाद हम पर हैं यह स्पष्ट हो गया हैं। कर्नाटक की जनता ने नौटंकी और नफरत के गाल पर तमाचा मारा है, बजरंगबली ने भी भ्रष्टाचार में डूबी भाजपा सरकार की लंका में आग लगा दी है, यह चुनाव 2024 में होने वाले लोकसभा चुनाव का ट्रेलर है लोकसभा चुनाव में देश की जनता कांग्रेस को अपना पूर्ण समर्थन देगी, राहुल गाँधी जी, प्रियंका गाँधी जी , सोनिया गाँधी जी और मल्लिकाअर्जुन खड़गे जी के साथ झारखंड प्रभारी अविनाश पाण्डेय जी के कुशल नेतृत्व ने एक ऐतिहासिक जीत दर्ज की है।

## विभिन्न इलाकों में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने पटाखे फोड़ व लड्डू बांटकर मनाया जश्न

**जमशेदपुर :** कर्नाटक राज्य में विधानसभा चुनाव में कांग्रेस पार्टी के जीत में देश भर में कांग्रेस कार्यकर्ताओं में जश्न का माहौल है. इसको लेकर स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता के निर्देश पर सोनारी, कदमा कांग्रेस कार्यालय, कदमा बाजार, धतकीडीह, बिस्टुपुर, मानगो खुदीराम बोस चौक में कांग्रेस पार्टी के कार्यकर्ताओं ने जश्न मनाया. इस अवसर पटाखे फोड़ कर लड्डू बांटकर लोगों का मुंह मीठा करवाया गया. वक्ताओं ने बताया कि अब



देश समझ गया है कि मन की बात करने वाले नहीं बल्कि देश की बात सुनने वाले लोग को वोट देना है, इस चुनाव में कांग्रेस की जीत के बाद अब देश में भी माहौल कांग्रेस के पक्ष में जायेगा, इस जीत का पूरा श्रेय पार्टी नेतृत्व, हमारे नेता राहुल गाँधी, सोनिया गाँधी, प्रियंका गाँधी और मालिक्काअर्जुन खड़गे जी को जाता है. इस दौरान भोला गोस्वामी, मनोज झा, प्रभात ठाकुर, बबुआ झा कैलाश रजक, संजय तिवारी, माजिद अख्तर, जितेन, स्वरूप सिंह, प्रवीण साहू, मानस गिरी, दिनेश पोद्दार, विकी लाल, तुलादा, राम दरस राय, राजू दास, राकेश जसवाल, राजकुमार दास, सोंटी रजक, सावन मुखी, बिशु, संजीव झा, जय कुमार , कृष्णा शर्मा, राजेश रजक, वीरेंद्र पांडे, एन श्रीवास्तव, इरसाद हैदर, आगेस्टिंग विल्सन, रवि दुबे, बापी साहू, अशोक सिंह, राजेश गोराई , शिवा, ईश्वर सिंह ,जीतू सिंह, जयंत कुमार, अखिलेश सिंह, संजय शर्मा, अरविंद रजक, जितेंद्र गुप्ता ,राजेश दस,मदन साहू, आशीष, विनोद साहू, अख्तर ,दिनेश लोहार ,बलजीत सिंह,बबन शुक्ला, बंटीं शर्मा, सुकू चौहान, भरत गढेवाल, संतोष जैन, राजेश नाग, बिनोद रजक, संजय कुमार सिंह, भुनेश्वर प्रसाद, अरूप चक्रवर्ती, फाल्गुनी बनर्जी, अशोक सिंह, रवि साहु, संदीप शर्मा, केदारनाथ शर्मा, सुनीत ठाकुर,हरी दास, उषा यादव, शिल्पी चक्रवर्ती, बेबी मूंडा, सुलोचना, प्रेमी अंथोनी, अशोक अंथोनी, सविता रजक,गौरी रजक, कैलाश ठाकुर उपस्थित थे।

## कर्नाटक में बेरोजगारी, महंगाई, कमीशन वालों को जनता ने दिया जवाब : आनन्द बिहारी दुबे



**जमशेदपुर :** पूर्वी सिंहभूम जिला कांग्रेस कमिटी के तत्वावधान में साकची गोलचक्कर पर बड़े पैमाने पर लड्डू वितरण कार्यक्रम का आयोजन जिलाध्यक्ष आनन्द बिहारी दुबे के अगुवाई में कांग्रेसजनों एवं आम नागरिकों के साथ कर्नाटक जीत के उपलक्ष में जश्न मनाया। खुशी के अवसर पर जिला अध्यक्ष ने कर्नाटक के महान जनता को बधाई देते हुए भुरी भुरी प्रशंसा किया। अब कर्नाटक के आम जनता के सुख के दिन कांग्रेस सरकार के राज में प्रारंभ होगा और सम्पूर्ण देश में परिवर्तन की लहर फैलेगी। लड्डू वितरण कार्यक्रम में जिलाध्यक्ष आनन्द बिहारी दुबे, मो सलीम, रामाश्रय प्रसाद पूर्व जिलाध्यक्ष, ब्रजेन्द्र तिवारी, एल बी सिंह, परविंदर सिंह, के के शुक्ल, योगेंद्र सिंह यादव, अवधेश कुमार सिंह, संजय सिंह आजाद, अंसार खान, गुरदीप सिंह, आनन्द मय पात्रा, प्रभात रंजन श्रीवास्तव, संजय यादव, हन्ने भाई, रजनीश सिंह, पवन कुमार बबलू, रंजीत सिंह, सुदर्शन तिवारी, सूर्या राव, गीता सिंह, सुशीला पाण्डेय, रमन खान, ज्योति मिश्र, कैसर आलम अंसारी, अजय मिश्र, अमर कुमार मिश्र, राजकुमार वर्मा, सुनील प्रसाद, नलिनी सिन्हा, रंजीत झा, हरिहर प्रसाद, मो सगीर, सन्नी सिंह, शाहिद इकबाल आदि शामिल थे।

## देश बचाने वालों पर कर्नाटक जनता ने जताया भरोसा : फुलकान्त झा



**गम्हरिया :** कर्नाटक विधान सभा चुनाव में अप्रत्याशित जीत की खुशी में गम्हरिया में कांग्रेस कार्यकर्ताओं द्वारा जमकर जश्न मनाया गया। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने जमकर आतिशबाजी की और एक दूसरे से गले लगकर जीत की बधाई दी। इस मौके पर कार्यकर्ताओं और आम लोगों के बीच लड्डू वितरण भी किया गया। इस मौके पर कार्यक्रम का नेतृत्व कर वरिष्ठ कांग्रेसी नेता फुलकान्त झा ने कहा कि यह जीत कर्नाटक की जनता की जीत है जिन्होंने देश को बचाने वाले लोगों पर अपना भरोसा जताया है। उन्होंने कहा कि यह आगामी 2024 के आम चुनाव का ट्रेलर मात्र है। इस मौके पर प्रदेश सचिव छोटराय किस्कू, राजू रजक, अनामिका सरकार, अनिल ठाकुर, नरेश सिंह, श्याम सुंदर मालाकार, रासमणि देवी, होपना हेम्ब्रम, सुगंती देवी समेत काफी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## कर्नाटका की जीत एकता व अखंडता की जीत : बब्लू झा



**जमशेदपुर :** पूर्वी सिंहभूम जिला कांग्रेस कमेटी के जिला उपाध्यक्ष बब्लू झा ने कर्नाटक में कांग्रेस की शानदार जीत पर प्रतिकिया देते हुए कहा कि कर्नाटका की जीत सिर्फ कांग्रेस पार्टी की जीत नहीं, बल्कि यह एकता अखंडता और गंगा जमुना तहजीब को दर्शाता है। यह जीत है अहंकारियो के अहंकार को तोड़ने की जीत है। यह जीत है भय भूख भ्रष्टाचार पर। यह जीत ने मोदानी को नकारा है। यह जीत है नफरत के खिलाफ मोहब्बत का। इस देश मे नफरत की दुकाने बंद हुए है और मोहब्बत की दुकानें चल पड़ी है। कर्नाटका चुनाव में एक तरफ क्रोनो कैपिटल की ताकत थी और एक तरफ गरीब जनता की उम्मीद।

## सेंट मेरीज बिष्टुपुर के युवराज गुप्ता को साईंस में 85 प्रतिशत अंक



**जमशेदपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** सेंट मेरीज इंग्लिश स्कूल बिष्टुपुर के युवराज गुप्ता को साईस में 85 प्रतिशत अंक प्राप्त हुआ है। मैथ्स, फिजिक्स, केमेस्ट्री से युवराज को खास लगाव है। उक्त जानकारी देते हुए युवराज के पिता विवेक गुप्ता ने कहा कि युवराज आगे चलकर एक बेहतर इंजिनियर बनने का सपना ले कर चल रहा है।

## कुचाई के बंदोलोहर में विधायक दशरथ गागराई ने ट्रांसफार्मर का किया उद्घाटन



**खरसावां(प्रभात मंत्र संवाददाता):** कुचाई प्रखंड के बंदोलोर गांव में शनिवार को विधायक दशरथ गागराई ने 100 केवी ट्रांसफार्मर का उद्घाटन विधिवत फीता काटकर किया। उन्होंने कहा कि गांव में लगे ट्रांसफार्मर खराब होने की जानकारी गांव के लोगों ने उन्हें दी थी। वहीं प्रचंड गर्मी को देखते हुए उन्होंने विभाग के अधिकारियों से तत्काल संपर्क कर गांव में नया ट्रांसफर लगवाने का दिशा निर्देश दिया इसके बाद गांव में नया ट्रांसफार्मर लगाया गया। कही विधायक ने कहा कि वह ग्रामीणों के हर सुख दुख का साथी है उनकी समस्याओं का समाधान करना उनकी प्राथमिकताओं में से एक है। इस दौरान मुख्य रूप से वी एच पी जिला उपाध्यक्ष शीतल साहू विधायक प्रतिनिधि नायडू गोप तिलोपदा मुखिया राम सोय उप मुखिया धीरज प्रधान धनु मुखी उदित चंद्र प्रधान कमल साहू सुनील प्रधान रत्नाकर दास हरीश प्रधान भागीरथ कैवर्त अर्जुन बेहरा आशीष प्रधान पंडित ठाकुर समेत काफी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

## लेजर व म्यूजिकल फाउंटेन शो जुबली पार्क में फिर से शुरू

**जमशेदपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** टाटा स्टील यूटिलिटीज एंड



इंफ्रास्ट्रक्चर सर्विसेज लिमिटेड जुबली पार्क में अपने मंत्रमुग्ध कर देने वाले लेजर और म्यूजिकल फाउंटेन शो के फिर से शुरू होने की घोषणा की है। महीनों की मरम्मत और रखरखाव के काम के बाद शो इस अविश्वसनीय प्रदर्शन का अनुभव करने तथा आगंतुकों का स्वागत करने के लिए तैयार है। आज शाम 7 बजे से, शहरवासी और विजीटर्स समान रूप से एक बार फिर से जुबली पार्क अद्भुत लेजर और म्यूजिकल फाउंटेन शो का आनंद ले सकते हैं। अपने दर्शकों की सुविधा को पूरा करने के लिए, जुबली पार्क ने हर मंगलवार, शनिवार और रविवार को दो शो निर्धारित किए हैं। पहला शो शाम 7 बजे शुरू होगा, इसके बाद 7:45 बजे एक अतिरिक्त शो होगा। लेजर और म्यूजिकल फाउंटेन शो में प्रवेश शुल्क प्रति व्यक्ति 50 रुपये है।

## कर्नाटक जीत पर अंसार ने राहगीरों का मुंह मीठा कराया

**जमशेदपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** पूर्वी सिंहभूम जिला कांग्रेस



कमेटी के जिला उपाध्यक्ष मौलाना अंसार खान के नेतृत्व में कर्नाटक में कांग्रेस पार्टी की सरकार बनने की खुशी में सुबह 11:30 बजे से मानगो चौक पर टेंपो पैसेंजर, टू व्हीलर, और चार चक्का गाड़ियों, और राहगीरों के बीच 80 किलो लड्डू वितरण किया गया। श्री अंसार ने जनता से कहा आने वाले 2024 में कांग्रेस पार्टी को लाएं और राहुल गांधी को देश का प्रधानमंत्री बनाएं। लड्डू वितरण में जिला अध्यक्ष उषा यादव, जिला सचिव रेशमी निगार, बलदेव सिंह, मोहम्मद आकिब खान, मोहम्मद आदिल खान, मोहम्मद बाबू आदि थे।

## कर्नाटक में मोदी की हुई करारी हार, आगे भी ऐसा ही होगा : सुधीर कुमार पप्पू

प्रभात मंत्र संवाददाता

**जमशेदपुर :** कर्नाटक विधानसभा चुनाव में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और गृहमंत्री अमित शाह का अहंकार चकनाचूर हो गया और भाजपा की करारी हार हुई। वहां के मतदाताओं ने भाजपा को नकार दिया। देश में फिर एक बार धर्मनिरपेक्ष और सामाजिक न्याय के मानने वालों की जीत हुई आगे भी 2024 में होने जा रहे लोकसभा चुनाव में भाजपा की करारी हार होगी। अधिवक्ता सह राजद नेता सुधीर कुमार पप्पू ने कर्नाटक विधानसभा चुनाव में भाजपा की हार और कांग्रेस की जीत पर अपनी प्रतिक्रिया देते हुए उक्त बातें कहीं। उन्होंने कहा कि कर्नाटक चुनाव में कांग्रेस के प्रभारी रहे डॉ अजय



कुमार, अविनाश पांडे और डॉक्टर गौरव वल्लभ को बहुत-बहुत बधाई। आगे कहा कि कर्नाटक की जनता ने जिस प्रकार मोदी और शाह के धनबल और तिकड़म को नकारते हुए धर्मनिरपेक्ष सोच को आगे बढ़ाने वाली कांग्रेस पार्टी को विशाल बहुमत से जीता दी है। अहंकारी मोदी और शाह को सबक सिखाने का काम वहां के वोटरों ने किया है।

## नहीं रहीं पटमदा इंटर कॉलेज जाल्हा के प्राचार्य की माता बिंदु वासिनी देवी

प्रभात मंत्र संवाददाता

**पटमदा :** पटमदा इंटर कॉलेज जाल्हा के प्राचार्य डॉ तरुण कुमार महतो की माता बिंदु वासिनी देवी का 92 वर्ष की उम्र में शुक्रवार की रात करीब 9 बजकर 20 मिनट में निधन हो गया। वे अपने पीछे पांच पुत्रों, दो पुत्रियों एवं पोते-पोतियों समेत भरा पूरा संसार छोड़ गई हैं। उन्होंने जमशेदपुर प्रखंड के हीराचुनी गांव स्थित अपने घर में ही अंतिम सांस ली। इस संबंध में डॉ



तरुण कुमार महतो ने बताया कि शनिवार को गांव में ही अंतिम संस्कार कर दिया गया। उनके निधन से पटमदा इंटर कॉलेज परिवार एवं ग्रामीणों ने गहरा शोक व्यक्त किया है। वे गांव की सबसे उम्रदराज महिला थी।

## न्यायालय में लंबित लगभग 560 मामलों का हुआ निष्पादन

प्रभात मंत्र संवाददाता

**सरायकेला :** नालसा तथा झालसा के निर्देशन में शनिवार को जिला व्यवहार न्यायालय परिसर सरायकेला एवं अनुमंडल व्यवहार न्यायालय, चांडिल में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया गया। इस आयोजन में काफी बड़ी संख्या में लोग सम्मिलित हुए। मिली जानकारी अनुसार सरायकेला में अदालती कार्यवाही हेतु गठित छह पीठ में तथा चांडिल में गठित दो पीठ मे न्यायालय में लंबित लगभग पांच सौ साठ (560) मामलों का निष्पादन किया गया तथा प्री लिटिगेशन के करीब पांच हज़ार आठ सौ पचासी (5885) कुल छह हज़ार चार सौ पैंतालीस (6445) मामले निष्पादित किए



गए। करीब चार करोड़ सरकारी राजस्व की भी प्राप्ति हुई। निष्पादन होने योग्य मामलों में बैंक के मामले, एक्साइज एक्ट के मामले, बिजली विभाग के मामले तथा अपराधिक सुलहनीय तथा अन्य प्रकृति के मामले का निष्पादन किया गया। ज़िले के एक लाख से अधिक लाभुकों को चिंहित कर करीब 24 करोड़ की परिसंपत्ति का भी वितरण किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश, प्रधान न्यायाधीश कुटुंब न्यायालय, जिला जज प्रथम, जिला जज द्वितीय, मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी, अपर मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी, अनुमंडल न्यायिक दंडाधिकारी, चांडिल न्यायालय के जिला न्यायाधीश प्रथम, अपर मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी, तथा अनुमंडल न्यायिक दंडाधिकारी, जिला अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष, उपाध्यक्ष तथा सचिव ने दीप प्रज्वलन करके किया। इस अवसर पर उपायुक्त अरवा राजकमल, पुलिस अधीक्षक आनंद प्रकाश, जिला अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, सचिव एवं अन्य वरिष्ठ अधिवक्तागण के साथ व्यवहार न्यायालय के अन्य न्यायिक अधिकारी और कर्मचारी भी मौजूद थे।

## अंशु को कोलकाता में मिला योगी राज इंडिया का खिताब

प्रभात मंत्र संवाददाता

**जमशेदपुर :** योग के क्षेत्र में पिछले 40 वर्षों से भी अधिक समय से सक्रिय रहकर कई राष्ट्रीय व अंतर्राष्ट्रीय खिताब अपने नाम करनेवाले लौहनगरी के योग गुरु अंशु सरकार को कोलकाता में योगी राज इंडिया-2023 की उपाधि से नवाजा गया. सम्मान प्राप्त कर आज सुबह ही श्री सरकार शहर लौटे. श्री सरकार को उक्त सम्मान कोलकाता के चंदननगर के रविन्द्र भवन में आयोजित 21वीं नेशनल योगासना



कप प्रतियोगिता समारोह में प्रदान किया गया. कार्यक्रम का आयोजन ईस्टर्न जोन योगा डेवलपमेंट फोरम, योगा ओ कला केन्द्रम, वर्ल्ड स्पोर्ट्स फेडरेशन, फिटनेस फेडरेशन एवं यूनिवर्सल योग नामक संस्थाओं के संयुक्त तत्वावधान में किया गया. इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में चंदननगर म्युनिसिपल कॉर्पोरेशन के मेयर राम चक्रवर्ती तथा अन्य सम्मानित अतिथि पार्षद शोभन चक्रवर्ती शामिल हुए. श्री सरकार को मेयर श्री चक्रवर्ती ने अंगवस्त्रम, ट्रॉफी व मोमेंटम प्रदान किया. इस राष्ट्रीय प्रतियोगिता में साउथ एशिया कप और दुबई कप के लिए सिलेक्शन ट्रायल कराया गया.

### कांड्रा के श्वेता स्टोर में हुई फायरिंग मामले की एसपी ने किया जांच, कहा

## अपराधी जल्द होंगे सलाखों के पीछे

प्रभात मंत्र संवाददाता

**गम्हरिया :** बीते शुक्रवार की रात कांड्रा स्थित श्वेता स्टोर नामक कपड़ा दुकान में अपराधकर्मियों द्वारा की गई फायरिंग की घटना के बाद शनिवार को जिले के एसपी आनंद प्रकाश द्वारा दौरा कर घटनास्थल का निरीक्षण किया गया। इस दौरान उन्होंने दुकान संचालक प्रवीण अग्रवाल से घटना के बावत जानकारी भी लिया। इस दौरान उन्होंने कहा कि आरोपियों की शीघ्र गिरफ्तारी कर ली जाएगी। इसके लिए जगह- जगह छापेमारी की जा रही है। कहा कि किसी भी कीमत पर ऐसे असामाजिक तत्वों को पनपने नहीं दिया जाएगा। विदित है कि बीते शुक्रवार की देर शाम अपराधियों ने दुस्साहस का परिचय देते हुए स्वेता स्टोर में घुसकर तीन



राउंड फायरिंग की थी जिसमें दुकान में खरीददारी कर रहे एक ग्राहक निमाई मंडल के पैर में गोली लगी थी। गोली चालन के बाद अपराधियों ने स्वेता स्टोर में बकायदा रंगदारी नहीं देने पर बुरे अंजाम भुगतने की धमकी देते हुए एक पर्चा भी छोड़ा था। उस पर्चा में बकायदा अपना नाम श्रवण महतो और राहुल सिंह भी लिखा था। फायरिंग करने के बाद आरोपी आराम मौके से चलते बने थे। बताया गया है कि पूर्व में भी उक्त आरोपियों के द्वारा फोन कर व्यवसाई से 20 लाख रुपए की रंगदारी मांगी गई थी। उसके बाद व्यवसाई द्वारा इस मामले की सूचना स्थानीय पुलिस को भी दी गई थी। किन्तु, पुलिस ने उक्त मामले की गंभीरता को नहीं लिया। बताया गया है कि इन आरोपियों में एक श्रवण महतो पूर्व में भी कांड्रा के व्यवसाई शिवजी प्रसाद की हत्या में जेल जा चुका है। लेकिन घटना के समय नाबालिग होने के कारण उसे रिमांड होम भेज दिया गया था, जहां से वह फरार हो गया था। इधर, स्थानीय व्यवसायियों ने जिला प्रशासन से प्रतिदिन कांड्रा बाजार में पुलिस बल की तैनाती करने और उन्हें सुरक्षा मुहैया कराए जाने की मांग किया है।

## टीएमएच की नर्सों ने मनाया अंतर्राष्ट्रीय नर्स दिवस

प्रभात मंत्र संवाददाता

**जमशेदपुर :** फ्लोरेंस नाइटिंगेल की जयंती की याद में हर साल 12 मई को अंतर्राष्ट्रीय नर्स दिवस के रूप में मनाया जाता है, जिन्हें आधुनिक नर्सिंग की अग्रणी और संस्थापक माना जाता है। इसी क्रम में आज टाटा मेन अस्पताल की नर्सों ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों और अन्य गतिविधियों का आयोजन करके इस दिवस को मनाया। शाम को टाटा मेन अस्पताल परिसर के अंदर रोज गार्डन में एकल नृत्य प्रस्तुति, युगल नृत्य, स्किट, संबलपुरी नृत्य, डांडिया नृत्य, संथाली नृत्य आदि ने दर्शकों का मनोरंजन किया। इस वर्ष की थीम हमारी नर्से-हमारा भविष्य है। इस अवसर पर टीएमएच परिसर के अंदर कोविड वारियर पार्क में वृक्षारोपण कार्यक्रम भी आयोजित किया गया। इस मौके पर चाणक्य




चौधरी, वाईस प्रेसिडेंट, कॉर्पोरेट सर्विसेज, टाटा स्टील मुख्य अतिथि थे। उनके उत्साहजनक शब्दों ने नर्सों को कोविड-19 महामारी के बाद प्रेरित और उत्साहित किया, जो चिकित्सा बिरादरी के लिए एक चुनौतीपूर्ण समय था। डॉ. सुधीर राय (सेवानिवृत्त एवीएम) जेनरल मैनेजर, मेडिकल सर्विसेज, टाटा स्टील इस कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि थे। उन्होंने दर्शकों को संबोधित किया और अपने विचार साझा किए। नर्सिंग सुपरिटेंडेंट मैरीकुट्टी बाबू ने उपस्थित लोगों का स्वागत किया और नर्सों के बहुमूल्य योगदान पर प्रकाश डाला। टीएमएच के सभी विभागाध्यक्षों और एडमिनिस्ट्रेशन की टीम ने समारोह में शामिल होकर आभार व्यक्त किया।

## संपादकीय

# कर्नाटक का 'एग्जिट जनादेश'

कर्नाटक में 72 फीसदी से ज्यादा मतदान के साथ जनादेश दर्ज हो चुका है। 13 मई को उसे सार्वजनिक किया जाएगा, लेकिन विभिन्न एग्जिट पोल के जरिए जनादेश का अनुमान लगाया गया है। औसत जनादेश कांग्रेस के पक्ष में लग रहा है। भाजपा की सत्ता जा रही है और जनता दल-एस की ताकत कम होने के संकेत हैं। एग्जिट पोल की पश्चिमी देशों में एक वैज्ञानिक पद्धति और प्रणाली है, लिहाजा उसे विश्वसनीय भी माना जाता रहा है। भारत में एग्जिट पोल गलत भी साबित हुए हैं और कुछ तो बेहद सटीक भी रहे हैं। हमारे यहां मतदान के बाद एग्जिट पोल का फैशन और चलन काफी बढ़ गया है, लेकिन यह अपेक्षाकृत परिपक्व नहीं है। फिर भी हजारों लोगों के बीच सर्वेक्षण कर और उनका मन टटोलने के बाद अनुमान के निष्कर्ष दिए जाते हैं। उनसे संकेत स्पष्ट भी होते हैं। कर्नाटक के चुनाव प्रचार की शुरुआत से ही कांग्रेस बढ़त की स्थिति में थी, लेकिन अब मतदान के बाद लगता है कि कांग्रेस और भाजपा के बीच 5-6 फीसदी वोट का ही अंतर रह सकता है। यह फासला काफी है, क्योंकि इससे सीटों का आंकड़ा बिल्कुल ही बदल जाता है। कांग्रेस को साफ बढ़त है, लेकिन सिर्फ दो एग्जिट पोल ने ही स्पष्ट बहुमत का अनुमान घोषित किया है। कर्नाटक के अंतिम जनादेश से यह भी स्थापित हो जाएगा कि भारत कांग्रेस-मुक्त देश कभी हो ही नहीं सकता। यदि कांग्रेस कर्नाटक में सरकार बना लेती है, तो उसकी सरकारें चार राज्यों में हो जाएंगी। बहरहाल कांग्रेस ने 40 फीसदी कमीशन, यानी भ्रष्टाचार, के साथ चुनाव प्रचार गरमाया था, लेकिन यह मुद्दा उतना बड़ा और प्रभावी साबित नहीं हो सका कि कांग्रेस को एकतरफा जनादेश मिल पाता। भाजपा ने 'बजरंग बली' को ध्रुवीकरण का मुद्दा बनाया था, लेकिन सर्वे के दौरान लोगों ने कोई दिलचस्पी नहीं दिखाई। जो अनुमान सामने आए हैं, उनमें मुसलमानों के 70 फीसदी से ज्यादा वोट कांग्रेस के पक्ष में लगते हैं, तो भाजपा के परंपरागत समर्थक लिंगायत समुदाय के करीब 65-68 फीसदी वोट भाजपा को मिलते लगते हैं। वोक्कालिगा वोट में भी, कांग्रेस और भाजपा के बीच, फासला बेहद संकीर्ण है। ओबीसी, दलित, जनजाति आदि के वोटों का फासला भी ज्यादा व्यापक और गहरा नहीं है। गौरतलब अनुमान यह है कि करीब 20 फीसदी वोट सिर्फ प्रधानमंत्री मोदी के चेहरे और उनकी लोकप्रियता के मद्देनजर ही भाजपा के पक्ष में आए हैं। दरअसल कांग्रेस की 'मुफ्त गारंटियों' ने महिलाओं और गरीब युवाओं में उसे 'पहली पसंद' बना दिया है। मजदूर, किसान, बेरोजगार, छात्र, गृहिणी आदि अधिकतर तबकों में कांग्रेस भाजपा से आगे रहती लग रही है। अलबत्ता भाजपा को भी इन तबकों ने अच्छे वोट दिए हैं। भाजपा को उसके परंपरागत, विचारधारा के समर्थक तबकों ने जरूर वोट दिया है। दरअसल कांग्रेस और भाजपा में वोट की जबरदस्त टक्कर साफ दिखती है, लेकिन मुस्लिम वोट का फासला निर्णायक साबित होता लगता है। कर्नाटक विधानसभा में स्पष्ट बहुमत के लिए 113 सीटें चाहिए। कांग्रेस उसके बिल्कुल करीब तक पहुंचती लग रही है, जबकि भाजपा 80-90 सीटों के बीच सिमट सकती है। निवर्तमान विधानसभा में भाजपा को 104 सीटों के साथ और कांग्रेस को 78 सीटों का जनादेश मिला था। अब भाजपा की 119 सीटें थीं। इस बार कर्नाटक के क्षेत्रीय एवं पूर्व प्रधानमंत्री देवगौड़ा के जनता दल-एस का आंकड़ा भी 37 से काफी कम होता लग रहा है। ये चुनाव इसलिए भी महत्त्वपूर्ण रहे, क्योंकि कर्नाटक में 'डबल इंजन' का प्रयोग फ्लॉप दिख रहा है। यह जनादेश कांग्रेस के लिए संजीवनी साबित होगा।

> भारत में एग्जिट पोल गलत भी साबित हुए हैं और कुछ तो बेहद सटीक भी रहे हैं। हमारे यहां मतदान के बाद एग्जिट पोल का फैशन और चलन काफी बढ़ गया है, लेकिन यह अपेक्षाकृत परिपक्व नहीं है। फिर भी हजारों लोगों के बीच सर्वेक्षण कर और उनका मन टटोलने के बाद अनुमान के निष्कर्ष दिए जाते हैं। उनसे संकेत स्पष्ट भी होते हैं। कर्नाटक में चुनाव प्रचार की शुरुआत से ही कांग्रेस बढ़त की स्थिति में थी, लेकिन अब मतदान के बाद लगता है कि कांग्रेस और भाजपा के बीच 5-6 फीसदी वोट का ही अंतर रह सकता है। यह फासला काफी है, क्योंकि इससे सीटों का आंकड़ा बिल्कुल ही बदल जाता है। कांग्रेस को साफ बढ़त है, लेकिन सिर्फ दो एग्जिट पोल ने ही स्पष्ट बहुमत का अनुमान घोषित किया है। कर्नाटक के अंतिम जनादेश से यह भी स्थापित हो जाएगा कि भारत कांग्रेस-मुक्त देश कभी हो ही नहीं सकता। यदि कांग्रेस कर्नाटक में सरकार बना लेती है, तो उसकी सरकारें चार राज्यों में हो जाएंगी। बहरहाल कांग्रेस ने 40 फीसदी कमीशन, यानी भ्रष्टाचार, के साथ चुनाव प्रचार गरमाया था, लेकिन यह मुद्दा उतना बड़ा और प्रभावी साबित नहीं हो सका कि कांग्रेस को एकतरफा जनादेश मिल पाता।

## कुछ अलग

# खेलों के अभिभावक

हिमाचल में खेलों का रिकार्ड और उभरती प्रतिभाओं का आकाश खुद ही संभावनाओं से मुलाकात कर रहा है। ऐसे में सरकार की प्राथमिकताओं में अब खेलों के समुद्र ढूंढे जाने लगे हैं और खेल मंत्रालय का अभियान खासी तवज्जो अर्जित करता है, इसलिए खेल नीति के व्यावहारिक पक्ष को आजमाने का इंतजार बाकी है। कहा तो जयराम सरकार ने बहुत, केंद्रीय खेल मंत्री अनुराग ठाकुर के दायित्व से अपेक्षा भी रही, लेकिन अब बतौर खेल मंत्री विक्रमादित्य सिंह से उम्मीदों का पाला पड़ा है। यह इसलिए नहीं कि विभिन्न खेलों के राष्ट्रीय शिविरों में हिमाचली बच्चे शिरकत कर रहे हैं, बल्कि सारी करवटों को माकूल अधोसंरचना व खेल आयोजनों के साथ-साथ यह अभी तय करना बाकी है कि खिलाड़ी जीवन आगे चलकर किस तरह सुरक्षित रहेगा। उम्मीदों की इन्हीं पलकों को खोलते हुए खेल मंत्री कटासनी में अंतरराष्ट्रीय स्तर की शूटिंग रेंज की बात करते हैं, तो वर्षों से चल रही फाइल अपनी आंख खोलकर देखना चाहती है। पिछले वर्षों में ऐसी ही बनती-बिगड़ती खेल योजनाओं-परियोजनाओं का अस्त-व्यस्त सा इतिहास रहा है। हाई आल्टीट्यूट खेल प्रशिक्षण केंद्र की फाइल यूं ही धूल चाट रही है, तो बजट के बावजूद धर्मशाला के राष्ट्रीय प्रशिक्षण खेल छात्रावास की एक भी ईंट नहीं लग पाई। बहरहाल सुक्खू सरकार के संकल्प में फिर खेलों का सामान सजाया जा रहा है और दावा यह कि हर जिला कम से कम किसी एक खेल का अभिभावक बनेगा। यह सोच अगर खुद को मुकम्मल कर पाता है, तो विभिन्न जिलों के प्रांगण में कोई एक खेल अपना भविष्य देख पाएगा। इसी के साथ अगर राज्य अपनी गतिविधियों को पारंगत और अधोसंरचना को अंतरराष्ट्रीय स्तर तक ले जाना चाहता है, तो एक बार राष्ट्रीय खेलों का आयोजन करने की ठान कर एक साथ आठ-दस खेल परिसर विकसित कर सकता है। कनेक्टिविटी व आवश्यक जरूरतों के हिसाब से अगर धर्मशाला को राष्ट्रीय खेलों का मुख्य परिसर बनाया जाए, तो इसकी परिधि में ऊना, हमीरपुर, मंडी, चंबा, कुल्लू, सोलन व शिमला तक आयोजनों की फेहरिस्त में अलग-अलग खेलों को अपना समृद्ध ठिकाना मिलेगा। इसी के साथ पौंग जलाशय में वाटर स्पोर्ट्स, मनाली-शिमला में विंटर स्पोर्ट्स और पूरे प्रदेश में साहसिक खेलों के चिन्हित मंतव्य को पूरा किया जा सकता है। प्रदेश की आबोहवा में इतना नूर है कि कुछ खेल संगठनों के साथ मिलकर राष्ट्रीय स्तर की दर्जनों खेल अकादमियां चलाई जा सकती हैं। यूं तो हिमाचल में खेल प्राधिकरण, खेल कालेज व खेल विश्वविद्यालय तक की स्थापना की हवाई योजनाएं गूंजती रही हैं, लेकिन हकीकत में स्कूली, ग्रामीण तथा विश्वविद्यालय स्तर की खेलों के वार्षिक आयोजनों के तहत कई मैदानों की स्थिति सुधारने की अति आवश्यकता है। ग्रामीण खेलों के तहत कुश्ती, कबड्डी, वालीबॉल, हॉकी तथा एथलेटिक्स को महत्त्व देकर आगे बढ़ाया जा सकता है। खेल मंत्री विक्रमादित्य सिंह ने सामाजिक सहयोग के तहत प्रदेश की चर्चित हस्तियों से विभिन्न खेलों को गोद लेने का आह्वान करके अपनी वचनबद्धता दोहराई है। समाज की इसी भूमिका को अगर विभिन्न पारंपरिक मेलों में तराशा जाए, तो हर साल कितने ही आयोजन खिलाडियों को पारंगत कर सकते हैं, मगर देखना यह होगा कि पारंपरिक मेला मैदानों से अवैध अतिक्रमण हटे तथा इनके विस्तार के लिए वन भूमि अर्जित की जा सके। चंबा के चौगान, मंडी के पड्डुल, सुजानपुर मैदान, सोलन के ठोडो मैदान, धर्मशाला के पुलिस ग्राउंड तथा कुल्लू के ढालपुर मैदान ने वक्त के साथ खुद को छोटा कर लिया है। हमीरपुर जैसे जिला मुख्यालय में एक भी नागरिक मैदान नहीं है। ऐसे में कम से कम हर गांव में एक तथा शहरों में चार-चार सार्वजनिक मैदान विकसित करते हुए किसी एक को पूरी तरह खेलों के लिए समर्पित कर दिया जाए। नागरिक सहयोग के साथ-साथ कारपोरेट जगत को भी आगे लाया जाए। किसी समय बतौर मुख्यमंत्री प्रेम कुमार धूमल ने सिंथैटिक ट्रैक बिछाने में सीमेंट फैक्टरियों से अंशदान कराया था।

## परिवार दो प्रकार के होते हैं- एक एकल परिवार और दूसरा संयुक्त परिवार

# परिवार ही घर को मन्दिर बनाता है

ललित गर्ग

> हमारी संस्कृति और सभ्यता अनेक परिवर्तनों से गुजर कर अपने को परिष्कृत करती रही है, लेकिन परिवार संस्था के अस्तित्व पर कोई भी आंच नहीं आई। वह बने और बन कर भले टूटे हों लेकिन उनके अस्तित्व को नकारा नहीं जा सकता है। उसके स्वरूप में परिवर्तन आया और उसके मूल्यों में परिवर्तन हुआ लेकिन उसके अस्तित्व पर प्रश्नचिह्न नहीं लगाया जा सकता है। हम चाहे कितनी भी आधुनिक विचारधारा में हम पल रहे हो लेकिन अंत में अपने संबंधों को विवाह संस्था से जोड़ कर परिवार में परिवर्तित करने में ही संतुष्टि एवं जीवन की परिपूर्णता-सार्थकता अनुभव करते हैं। परिवार का महत्व न केवल भारत में बल्कि दुनिया में सर्वत्र है, यही कारण है कि अन्तर्राष्ट्रीय परिवार दिवस परिवार संस्था को मजबूती देने के उद्देश्य से मनाया जाता है।

देश एवं दुनिया को परिवार के महत्व को बताने के लिए विश्व परिवार दिवस हर साल 15 मई को मनाया जाता है। प्राणी जगत एवं सामाजिक संगठन में परिवार सबसे छोटी इकाई है। परिवार के अभाव में मानव समाज के संचालन की कल्पना भी दुष्कर है। प्रत्येक व्यक्ति किसी-न-किसी परिवार का सदस्य होकर ही अपनी जीवन यात्रा को सुखद, समृद्ध, विकासोन्मुख बना पाता है। उससे अलग होकर उसके अस्तित्व को सोचा नहीं जा सकता है। हमारी संस्कृति और सभ्यता अनेक परिवर्तनों से गुजर कर अपने को परिष्कृत करती रही है, लेकिन परिवार संस्था के अस्तित्व पर कोई भी आंच नहीं आई। वह बने और बन कर भले टूटे हों लेकिन उनके अस्तित्व को नकारा नहीं जा सकता है। उसके स्वरूप में परिवर्तन आया और उसके मूल्यों में परिवर्तन हुआ लेकिन उसके अस्तित्व पर प्रश्नचिह्न नहीं लगाया जा सकता है। हम चाहे कितनी भी आधुनिक विचारधारा में हम पल रहे हो लेकिन अंत में अपने संबंधों को विवाह संस्था से जोड़ कर परिवार में परिवर्तित करने में ही संतुष्टि एवं जीवन की परिपूर्णता-सार्थकता अनुभव करते हैं। परिवार का महत्व न केवल भारत में बल्कि दुनिया में सर्वत्र है, यही कारण है कि अन्तर्राष्ट्रीय परिवार दिवस परिवार संस्था को मजबूती देने के उद्देश्य से मनाया जाता है। इस दिवस का मुख्य उद्देश्य युवाओं को परिवार के प्रति जागरूक करना है ताकि युवा तथाकथित आधुनिक के प्रवाह में अपने परिवार से दूर न हों। परिवार दो प्रकार के होते हैं- एक एकल परिवार और दूसरा संयुक्त परिवार। एकल परिवार में पापा- मम्मी और बच्चे रहते हैं। संयुक्त परिवार में पापा- मम्मी, बच्चे, दादा दादी, चाचा, चाची, बड़े पापा, बड़ी मम्मी, बुआ इत्यादि रहते हैं। इस दिवस मनाने की घोषणा सर्वप्रथम 15 मई 1994 को संयुक्त राष्ट्र अमेरिका ने की थी। संयुक्त परिवार टूटने एवं बिखरने की त्रासदी को भोग रहे लोगों के लिये यह दिवस बहुत अहमियत रखता है। बढ़ती जवाबदारी और जरूरतों को पूरा कर पाने का भय ही वह मुख्य कारण है जो अब संयुक्त परिवारों के टूटने का कारण बना है। जबकि वास्तव में मानव सभ्यता की अनूठी पहचान है संयुक्त परिवार और वह जहाँ है वहीं स्वर्ग है। रिश्तों और प्यार की अहमियत को छिन्न-भिन्न करने वाले पारिवारिक सदस्यों की हरकतों एवं तथाकथित आधुनिकतावादी सोच से बुढ़ापा कांप उठता है। संयुक्त परिवारों का विघटन और एकल परिवार के उद्भव ने जहां बुजुर्गों को दर्द दिया है वहीं बच्चों की दुनिया को



भी बहुत सारे आयोजनों से बेदखल कर दिया है। दुख सहने और कष्ट झेलने की शक्ति जो संयुक्त परिवारों में देखी जाती है वह एकल रूप से रहने वालो में दूर-दूर तक नही होती है। आज के अत्याधुनिक युग में बढ़ती महंगाई और बढ़ती जरूरतों को देखते हुए संयुक्त परिवार समय की मांग कहे जा सकते हैं। हम पुराने युगों की बात करें या धार्मिक मान्यताओं के आधार पर भी बात करें तो आज की ही तरह पहले भी परिवारों का विघटन हुआ करता था। लेकिन आधुनिक समाज में परिवार का विघटन आम बात हो चुकी है और उसने जीवन को जटिल से जटिलतर कर दिया है। ऐसे में परिवार न टूटे इस मिशन एवं विजन के साथ अंतरराष्ट्रीय परिवार दिवस मनाया जाता है। परिवार के बीच में रहने से आप तनावमुक्त व प्रसन्नचित्त रहते हैं, साथ ही आप अकेलेपन या डिप्रेशन के शिकार भी नहीं होते, यही नहीं परिवार के साथ रहने से आप कई सामाजिक बुराइयों से अछूते भी रहते हैं। समाज की परिकल्पना परिवार के बगैर अधूरी है और परिवार बनाने के लिए लोगों का मिलजुल कर रहना व जुड़ना बहुत जरुरी है। हम चाहे कितनी भी आधुनिक विचारधारा में हम पल रहे हो लेकिन अंत में अपने संबंधों को विवाह संस्था से जोड़ कर परिवार में परिवर्तित करने में ही संतुष्टि अनुभव करते हैं। भारत गांवों का देश है, परिवारों का देश है, शायद यही कारण है कि न चाहते हुए भी आज हम विश्व के सबसे बड़े जनसंख्या वाले राष्ट्र के रूप में उभर चुके हैं और शायद यही कारण है कि आज तक जनसंख्या दबाव से उपजी चुनौतियों के बावजूद, एक 'परिवार' के रूप में, जनसंख्या नीति बनाये जाने की जरूरत महसूस नहीं की। ईंट, पत्थर, चूने से बनी दीवारों से घिरा जमीं का एक हिस्सा घर-परिवार कहलाता है जिसके साथ 'मैं' और 'मेरापन' जुड़ा है। संस्कारों से प्रतिबद्ध संबंधों की संगठनात्मक इकाई उस घर-परिवार का एक-एक सदस्य है। हर सदस्य का सुख-दुख एक-दूसरे के मन को छूता है। प्रियता-अप्रियता के भावों से मन प्रभावित होता है। घर-परिवार जहां हर सुबह रोटी, कपड़ा, मकान, शिक्षा, चिकित्सा की समुचित व्यवस्था की जुगाड़ में धूप चढ़ती है और आधी-अधूरी चिंताओं का बोझ ढोती हुई हर शाम घर-परिवार आकर ठहरती है। कभी लाभ, कभी हानि, कभी सुख, कभी दुख, कभी संयोग, कभी वियोग, इन द्वंद्वात्मक परिस्थितियों के बीच जिंदगी का कालचक्र गति करता है। भाग्य और पुरुषार्थ का संघर्ष चलता है। आदमी की हर कोशिश 'घर-परिवार' बनाने की रहती है। सही अर्थों में घर-परिवार वह जगह है जहां स्नेह, सौहार्द, सहयोग, संगठन सुख-दुख की साझेदारी, सबमें सबक होने की स्वीकृति जैसे जीवन-मूल्यों को जीया जाता है। जहां सबको सहने और समझने का पूरा अवकाश है। अनुशासन के साथ रचनात्मक स्वतंत्रता है। निष्ठा के साथ निर्णय का अधिकार है। जहां बचपन सत्संस्कारों में पलता है। युवकत्व सापेक्ष जीवनशैली से जीता है। वृद्धत्व जीए गए अनुभवों को सबके बीच बांटता हुआ सहिष्णु और संतुलित रहता है। ऐसा घर-परिवार निश्चित रूप से पूजा का मंदिर बनता है। संयुक्त परिवारों की परम्परा पर आज धुंधलका छा रहा है, परिवार टूटता है तो दीवारें भी ढहती हैं, आदमी भी टूटता है और समझना चाहिए कि उसका साहस, शक्ति, संकल्प, श्रद्धा, धैर्य, विश्वास बहुत कुछ टूटता/बिखरता है। क्रांति और विकास की सोच ठंडी पड़ जाती है और जीवन के इसी पड़ाव पर फिर परिवार का महत्व सामने आता है। परिवार ही वह जगह है भाग्य की रेखाएं बदलने का पुरुषार्थी प्रयत्न होता है। जहां समस्याओं की भीड़ नहीं, वैचारिक वैमनस्य का कोलाहल नहीं, संस्कारों के विघटन का प्रदूषण नहीं, तनावों की त्रासदी की घुटन नहीं। कोई इसी परिवाररूपी घेरे के अंधेरे में रोशनी ढूंढ लेता है। बाधाओं के बीच विवेक जमा लेता है। भीड़ में अकेले रह जाता है। दुख में सुख का संवेदन कर लेता है। घर-परिवार को सिर्फ अपनी नियति मानकर नहीं बैठा जा सकता। क्योंकि इसी घर में मंदिर बनता है और कहीं घर ही मंदिर बन जाता है। कहते हैं कि आपका काम, रबड़ की गेंद है, जिस पर जितना जोर देते हैं, वह उतना ऊंचा उठता है। पर आपका परिवार कांच की गेंदें हैं, जो हाथ से छूटती हैं तो टूट ही जाती हैं। कई बार हम सब भूल जाते हैं कि जीवन में सबसे जरूरी क्या है।

# केरल स्टोरी की व्यथा और कथा

> परिवार के प्रति वितृष्णा का यह भाव लड़कियों को परिवार से तोड़ता है तो लव जिहाद का खेल खेल रहा एजेंट उसको लपक लेता है। बाद में उनसे शादी का ड्रामा किया जाता था। उसके बाद उन्हें इस्लाम में मतांतरित किया जाता था। मामला इतने पर ही समाप्त नहीं होता था। कहा जाता है कि उसके बाद उन्हें अरबस्तान ले जाकर आईएस के आतंकवादी संगठन में काम करने के लिए विवश किया जाता था। केरल में यह खेल कई दशकों से चल रहा है। लेकिन स्मोक स्क्रीन के कारण दिखाई नहीं दे रहा था। परिवारों में से उठ रही चीत्कार नारी मुक्ति के ढोल ढमाकों में दब जाती थी। सरकारें यत्नपूर्वक स्मोक स्क्रीन को बनाए रखने और उसे सघन बनाए रखने में सहायता करती रहती थीं। दुर्भाग्य से केरल में सरकार चाहे सोनिया कांग्रेस की रही हो या सीपीएम की, स्मोक स्क्रीन की रक्षा में दोनों समान भाव से लगी रहती थीं। स्मोक स्क्रीन के बाहर मौलवी और पादरी सेक्यूलर तराने गाते रहते हैं। लेकिन इन तरानों का भाव एक ही रहता है कि भारत के 'सेक्यूलर' महापुरुष को भारत का हिंदू समाज तोडऩे की कोशिश करता रहता है।

आजकल पूरे हिन्दुस्तान में फिल्म दी केरल स्टोरी की सबसे ज्यादा चर्चा है। कश्मीर फाइल्स के बाद यदि कोई फिल्म सबसे ज्यादा विवाद और संवाद का माध्यम बनी है तो वह दी केरल स्टोरी ही है। आश्चर्य की बात यह है कि इस फिल्म का एक भी अभिनेता या अभिनेत्री ऐसी नहीं है जो फिल्म जगत में चर्चित रही हो। लेकिन इसके बावजूद यह फिल्म कमाई के रिकार्ड बना रही है और कई बड़ों को पटकनी दे रही है। कुछ सरकारें तो इस फिल्म से इतनी घबरा गई हैं कि उन्होंने फिल्म को अपने राज्य में दिखाए जाने को लेकर प्रतिबन्ध लगा दिया है। पश्चिमी बंगाल की मुख्यमंत्री इस विरोध में लीड रोल में नजर आ रही हैं। शरद पवार की पार्टी के एक नेता ने तो यहां तक कहा कि फिल्म बनाने वाले को सार्वजनिक रूप से फांसी दिए जाने की जरूरत है। केरल सरकार की चिन्ता समझ में आती है। उसने फिल्म पर प्रतिबन्ध तो नहीं लगाया लेकिन व्यवस्था इतनी चाकचौबन्द कर दी ताकि कोई फिल्म देख न सके। प्रश्न यह है कि इस फिल्म का इतना विरोध क्यों है। इसको समझने के लिए अंग्रेजी भाषा के शब्द भंडार में घुसना होगा अंग्रेज और अंग्रेजी से हमारा वास्ता भारत में ईस्ट इंडिया कम्पनी के आने के बाद ही पड़ा। उस भाषा का एक शब्द 'सेक्यूलर' है, जो इस देश में कोरोना वायरस की तरह फैल गया है। पहले यह शब्द भारतीय संविधान में नहीं था। संविधान सभा के दिनों में जब संविधान बन रहा था, तब भी कुछ लोगों ने इस शब्द को




वहां घुसाने की कोशिश की थी। लेकिन तब वहां बाबा साहिब अम्बेडकर ल_ लेकर बैठे थे। उन्होंने इस शब्द को वहां घुसने नहीं दिया। लेकिन इस वायरस के पक्षधर तब से ही मौके की तलाश में थे। उन्हें वह अवसर 1975 में मिला जब प्रधानमंत्री इंदिरा गान्धी ने तमाम मर्यादाओं को ताक पर रखते हुए संविधान की प्रस्तावना में ही इस शब्द की घुसपैठ करवा दी। प्रश्न है कि सेक्यूलर शब्द क्या है और इसका अर्थ क्या है। क्या भारतीय इसके अर्थ और अवधारणा को पकड़ पाए? मान लें किसी बाहरी देश से कोई व्यक्ति कोई फल लेकर आता है, हम उसको उलट-पलट कर देखते हैं। यदि वह फल हमारे देश में भी होता हो तो हम तुरन्त कह देंगे कि भाई, यह आम का फल है। लेकिन यदि वह फल हमारे देश में न होता हो तो हम उस नए फल का वर्णन कैसे करेंगे? कोई कहेगा यह नारंगी जैसा है। दूसरा कहेगा शक्ल चाहे नारंगी जैसी है लेकिन स्वाद तो तरबूज जैसा है। यही स्थिति सेक्यूलर शब्द की है। इसके बराबर का कोई शब्द भारतीय साहित्य में दिखाई नहीं दे रहा। यूरोप में घुसते हैं तो पता चलता है, कभी वहां स्टेट और चर्च का विवाद और संघर्ष चलता रहता था। जाहिर है विवाद व संघर्ष वर्चस्व को लेकर ही था। कहा जाता है इसी लड़ाई में से चर्च व स्टेट के संबंधों की लक्ष्मण रेखा तय करने के लिए सेक्यूलर शब्द का जन्म हुआ। जब अंग्रेजों के साथ यह सेक्यूलर शब्द भी यहां आ गया तो इस सेक्यूलर शब्द का क्या किया जाए? चर्च यहां था नहीं। मंदिर और स्टेट का संघर्ष कभी हुआ नहीं। इस स्थिति में अंग्रेजों ने सेक्यूलर शब्द का प्रयोग स्मोक स्क्रीन की तरह किया। स्मोक स्क्रीन वह पर्दा है जिसके पीछे हो रही हलचल किसी को दिखाई नहीं देती। भारत में इस स्मोक स्क्रीन के पीछे सैयद और पादरी अपना खेला खेल रहे हैं। केरल में तो जबरदस्त खेल हो रहा था। कहा जाता है एक पूरा गिरोह ही संगठित हो गया जो केरल की लड़कियों को लव जिहाद के माध्यम से पहले अपने चंगुल में फंसाता था। इसके लिए भी बाकायदा वातावरण तैयार किया जाता रहा। पिछले कुछ दशकों से कालेजों-विश्वविद्यालयों में नारी मुक्ति आन्दोलन के माध्यम से प्रचार किया जाने लगा कि परिवार बुर्जुयावादी संस्था है। लडक़ी/नारी को उसी से मुक्ति प्राप्त करनी है। परिवार के प्रति वितृष्णा का यह भाव लड़कियों को परिवार से तोड़ता है तो लव जिहाद का खेल खेल रहा एजेन्ट उसको लपक लेता है। बाद में उनसे शादी का ड्रामा किया जाता था। उसके बाद उन्हें इस्लाम में मतान्तरित किया जाता था। मामला इतने पर ही समाप्त नहीं होता था। कहा जाता है कि उसके बाद उन्हें अरबस्तान ले जाकर आईएस के आतंकवादी संगठन में काम करने के लिए विवश किया जाता था। केरल में यह खेल कई दशकों से चल रहा है। लेकिन स्मोक स्क्रीन के कारण दिखाई नहीं दे रहा था। परिवारों में से उठ रही चीत्कार नारी मुक्ति के ढोल ढमाकों में दब जाती थी। सरकारें यत्नपूर्वक स्मोक स्क्रीन को बनाए रखने और उसे सघन बनाए रखने में सहायता करती रहती थीं। दुर्भाग्य से केरल में सरकार चाहे सोनिया कांग्रेस की रही हो या सीपीएम की, स्मोक स्क्रीन की रक्षा में दोनों समान भाव से लगी रहती थीं। स्मोक स्क्रीन के बाहर मौलवी और पादरी सेक्यूलर तराने गाते रहते हैं। लेकिन इन तरानों का भाव एक ही रहता है कि भारत के 'सेक्यूलर' महापुरुष को भारत का हिन्दू समाज तोडऩे की कोशिश करता रहता है। मौलवी और पादरी इसकी रक्षा में न लगे होते तो भारत रसातल को चला जाता। लेकिन आखिर कभी न कभी तो यह स्मोक स्क्रीन हटना ही था। जब रूस का आईरन कर्टन ज्यादा देर सुरक्षित न रह सका तो यह स्मोक स्क्रीन कितने साल सुरक्षित रहता! धुआं हटा तो सही, केरल स्टोरी को बाहर आना ही था। सारा देश केरल के भीतर को देख कर स्तब्ध है और मौलवी व पादरी उनको फांसी देने की मांग कर रहे हैं जिन्होंने यह फिल्म बनाई। जिन्होंने स्मोक स्क्रीन नष्ट कर दिया, उनको हराने के लिए पूरा विपक्ष हाथ-पैर मार रहा है। संविधान में सेक्यूलर शब्द डालकर इंदिरा गांधी ने तुष्टिकरण की नीति अपनाई थी। संप्रदाय विशेष के लोगों के वोट हथियाने के अलावा इस नीति का कोई और लक्ष्य दिखता नहीं है। इससे संप्रदाय विशेष का भी कल्याण नहीं हुआ। इसी कारण आज मुसलमान भी कांग्रेस से कटकर मोदी का समर्थन कर रहे हैं। अब समय बदल रहा है। कांग्रेस को समझ आने लगा है कि बहुसंख्यक वर्ग में उसकी पैठ कम हो रही है।

## देश दुनीया से

# बढ़िया प्ले फील्ड और सामान जरूरी

> खेलों में आज उत्कृष्ट प्रदर्शन करने के लिए खेल उपकरणों से लेकर कृत्रिम प्ले फील्ड तक में काफी सुधार किया जा रहा है। अच्छे खेल परिणामों के लिए खेल सामान की क्वालिटी का योगदान भी बहुत महत्वपूर्ण है, मगर खेल सामान की खरीददारी में बहुत बड़ा गोलमाल है। इस विषय पर पहले भी बहुत बार लिखा जा चुका है, मगर अभी तक इसमें कोई भी सुधार नहीं हो पाया है। हिमाचल प्रदेश के जिला युवा सेवाएं एवं खेल विभाग के कार्यालयों व शिक्षा संस्थानों में हर वर्ष करोड़ों रुपए का खेल सामान जैम व अन्य माध्यमों से खेल विभाग व शिक्षा निदेशालय खरीद कर आगे देता है जो बेहद निम्न दर्जे का होता है।

आज के ओलंपिक खेल शौकियान न होकर अब पेशेवर हो गये हैं। एक समय था जब जिम थोर्पे के ओलंपिक पदक इसलिए छीन लिए थे कि उसने कहीं थोड़ा सा धन ले लिया था। आज अंतरराष्ट्रीय एथलेटिक्स महासंघ स्वयं विश्व रिकॉर्ड बनाने पर एक लाख अमेरिकी डालर इनाम देता है। तभी बढ़िया किस्म के खेल उपकरणों का भी महत्त्व बढ़ गया है। अभी तक बढिया खेल सुविधाएं विकसित देशों को ही मिल पा रही थी, मगर अब यह सुविधा हर देश को चाहिए, तभी उच्च परिणाम आयेंगे। खेलों में आज उत्कृष्ट प्रदर्शन करने के लिए खेल उपकरणों से लेकर कृत्रिम प्ले फील्ड तक में काफी सुधार किया जा रहा है। अच्छे खेल परिणामों के लिए खेल सामान की क्वालिटी का योगदान भी बहुत महत्वपूर्ण है, मगर खेल सामान की खरीददारी में बहुत बड़ा गोलमाल है। इस विषय पर पहले भी बहुत बार लिखा जा चुका है, मगर अभी तक इसमें कोई भी सुधार नहीं हो पाया है। हिमाचल प्रदेश के जिला युवा सेवाएं एवं खेल विभाग के कार्यालयों व शिक्षा संस्थानों में हर वर्ष करोड़ों रुपए का खेल सामान जैम व अन्य माध्यमों से खेल विभाग व शिक्षा निदेशालय खरीद कर आगे देता है जो बेहद निम्न दर्जे का होता है। इस कॉलम के माध्यम से बार-बार सरकार को सचेत किया जा रहा है कि इस खरीद पर लगाम लगा कर अच्छी क्वालिटी का खेल सामान प्रदेश के विद्यार्थी खिलाडियों को मिले ताकि हिमाचल प्रदेश के खिलाड़ी भी राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन कर हिमाचल प्रदेश का नाम रोशन कर सकें। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर आज खेलों का स्तर बहुत ही ऊपर उठ चुका है। उत्कृष्ट प्रदर्शन के बल पर खिलाड़ी पूरे विश्व में अपने देश का डंका बजा रहे हैं। इस अद्भुत खेल प्रदर्शन के लिए उच्च स्तरीय प्रशिक्षकों व प्रतिभाशाली खिलाडियों के साथ-साथ उनके पास स्तरीय खेल किट व उच्च तकनीकी के खेल उपकरणों का होना भी बहुत ही जरूरी होता है। चिकित्सा क्षेत्र में विभिन्न प्रकार की बीमारियों को ठीक करने के लिए आज प्रौद्योगिकी का सहारा लेकर कई प्रकार के उपकरण विकसित हो चुके हैं। ठीक उसी प्रकार खेल जगत में भी आज के अति मानवीय खेल परिणामों में विकसित प्रौद्योगिकी का सहारा लेकर बनाई गयी आधुनिक खेल सामग्री का विशेष योगदान है। जैसे जैसे सभ्यता का विकास हो रहा है, हम स्वास्थ्य के प्रति जागरूक हो रहे हैं। इंसान को फिट रहने के लिए किसी न किसी खेल का सहारा लेना पड़ता है। ऐसे में जब लाखों नहीं करोड़ों खेलेंगे तो उसके लिए खेल उपकरण भी चाहिए। पूरे विश्व में खेल बहुत बड़ा उद्योग बन कर उभरे हैं। हमारे देश में आज खेल उपकरणों का उद्योग अरबों रुपये का कारोबार हर वर्ष कर रहा है। खेल किट व खेल उपकरणों के बाजार में अच्छे से अच्छा व घटिया से घटिया सामान उपलब्ध है। जब सरकारी स्तर पर खेल सामान खरीदा जाता है तो कीमत बढिया या मध्यम स्तर के सामान की होगी और समग्री निम्न दर्जे की होगी। इस तरह मूल्य उच्च क्वालिटी का तय कर शेष राशि हड़प ली जाती है। व्यापारी व सामग्री खरीदने वाले अधिकारी मिलकर अधिकांश राशि को चट कर जाते हैं। प्रदेश के महाविद्यालयों में जहां अधिकतर खेल सामग्री महाविद्यालय प्रशासन स्वयं खरीदता है, वहीं पर कुछ खेल सामान पहले शिक्षा निदेशालय मटीरियल्स एण्ड सप्लाई के अंतर्गत खरीद कर महाविद्यालय को दिया जाता था और अब जैम के माध्यम से खरीदा जा रहा है। मटीरियल्स एण्ड सप्लाई के अंतर्गत खरीदा गया खेल सामान बिल्कुल घटिया किस्म का मिलता रहा है। निम्न दर्जे के हाई जम्प व कबड्डी मैट, मुक्केबाजी रिंग व अन्य खेलों के घटिया उपकरण इसके उदाहरण आज भी देखे जा सकते हैं। इस स्कीम के अंतर्गत खरीदे जिम्म एक साल तो दूर, कुछ महीनों बाद ही कबाड़ हो जाते हैं।

## नागरिक बोध

# गोली क्यों नहीं चलाई?

राजधानी में लडक़ी के साथ गैंगरेप हुआ था। पूरा देश इस घटना से आक्रोशित था। राजधानी की जनता ने प्रधानमंत्री कार्यालय की ओर अपराधियों को सजा-ए-मौत देने की मांग के लिए कूच किया था। सरकार ने इतना पुलिस बल लगा दिया था कि प्रधानमंत्री कार्यालय में चिडिया भी पर नहीं मार सकती थी। लेकिन जन सैलाब इतना ज्यादा था कि काफी लोग नॉर्थ ब्लॉक परिसर में घुस गए थे। अपने प्रधानमंत्री को बचाने के लिए और अपनी मुस्तैदी दिखाने के लिए पुलिस ने भीड़ पर भीषण ठंड में पानी की बौछारें मारी, आंसू गैस के गोले दागे और अंत में भयंकर लाठीचार्ज भी किया, लेकिन जनचेतना ऐसी कि बावजूद इसके भीड़ टस से मस नहीं हो रही थी। पुलिस की इस नाकामी पर गृहमंत्री ने पुलिस के आला अफसरों की शाम को अर्जेन्ट बैठक बुलाई और कहा -'आप लोग कानून और व्यवस्था बनाने में नाकाम रहे। क्या पुलिस जनता का मुंह देखने के लिए होती है? कल प्रधानमंत्री जी को कुछ हो जाता तो मैं क्या जवाब देता?' एक पुलिस अधिकारी हिम्मत करके बोला-'सर, हमने भरसक प्रयत्न किया कि भीड़ तितर-बितर हो जाये, लेकिन कॉज ऐसा था कि जन आक्रोश थामे नहीं थम रहा था। फिर भी हमने अपनी पूरी क्षमता से भीड़ को रोकने का पूरा प्रयास किया। आपने तो टीवी पर देखा होगा, भीड़ बहुत ज्यादा थी। लोकतंत्र में ज्यादा ज्यादती भी तो नहीं की जा सकती। अरेस्ट भी कितने लोगों को किया जाता? वहां तो हर नौजवान गिरफ्तारी के लिए तैयार था।' 'तुम मुझे समझा रहे हो। इतना दुस्साहस कि मेरे सामने बोलो। चौबीसों घण्टे पुलिस सुस्ताती है और मुफ्त में पेट भरती है और काम के वक्त पीठ दिखाकर पथराव से डरकर भाग लेती है। क्या यही पुलिस नौकरी है? तुम्हें और सख्ती से पेश आना चाहिए था। ऐसे तो देश का कानून और व्यवस्था से विश्वास उठ जाएगा। प्रधानमंत्री मुझे फेल्योर मानकर हटा देंगे अथवा मंत्रालय बदल देंगे तो आपका क्या बिगड़ेगा? सजा तो मुझे मिली न?' गृहमंत्री ने सवाल उठाया। दूसरे आला अफसर ने कहा-'वह क्या था सर, इतने बड़े मोब में हम और क्या कर सकते थे?' गृहमंत्री लाल-पीले हो गए, बोले -'यह मैं बताऊंगा कि आप क्या करें? पुलिस बलों से काम लेना ऑफिसर्स की ड्यूटी है। मेरे पास अकेली राजधानी नहीं, पूरे देश का लॉ एंड ऑर्डर है। मुझे हजार काम देखने होते हैं। मैं तुमसे पूछता हूं, तुमने गोली क्यों नहीं चलाई?' 'सर, यह आप क्या कह रहे हैं, निर्दोष जनता पर गोली चलाने का कोई कारण भी तो पैदा हो। रैली का प्रदर्शन था और रेप पीड़िता के लिए न्याय की मांग थी, इसमें गोली चलाकर व्यर्थ में दस-बीस लोगों की जान क्यों लेनी थी? आप समझते थे कि गोली चलाना जरूरी था तो आप हमें ऑर्डर दे देते।' एक आला अफसर ने अपनी बेबसी जताई। 'डेमोक्रेसी में राजनेता ऐसा ऑर्डर नहीं देता।

प्रभात मंत्र
e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com



# मंत्री सत्यानंद भोक्ता का तूफानी दौरा, एक ही दिन में कन्हाचट्टी, प्रतापपुर व हंटरगंज प्रखंड का किया दौरा



प्रभात मंत्र संवाददाता

**चतरा :** राज्य के श्रम, नियोजन, प्रशिक्षण एवं कौशल विकास मंत्री सत्यानंद भोक्ता जिले के कन्हाचट्टी, प्रतापपुर और हंटरगंज प्रखंड क्षेत्रों का दौरा किया है। इस दौरान उन्होंने सरकार की कई योजनाओं के तहत लाभुकों के बीच धोती साड़ी का वितरण किया जबकि कई विकास की योजनाओं का उद्घाटन एवं शिलान्यास भी किया। कन्हाचट्टी, प्रतापपुर और हंटरगंज प्रखंड मुख्यालय में लाभुकों के बीच सरकार की महत्वकांक्षी योजना सोना सोबरन साड़ी धोती योजना के तहत साड़ी धोती लुंगी, सावित्री बाई फुले समृद्धि योजना, छात्रवृत्ति योजना, वृद्धा विधवा दिव्यांग पेंशन, आवास आदि के स्वीकृति पत्र का वितरण किए। इस मौके पर मंत्री सत्यानंद भोक्ता ने कहा है कि राज्य की हेमंत सोरेन सरकार गरीब जनता तक विकास की योजनाओं को पहुंचाने के लिए कृत संकल्पित है। साथ ही साथ प्रखंड मुख्यालय परिसर में प्रखंड क्षेत्र में डी एम एफ टी मद से निर्माण होने वाले कई योजनाओं का सांकेतिक रूप से शिलान्यास किया।इस मौके पर अनुमंडल पदाधिकारी मुमताज अंसारी, राजद जिला अध्यक्ष नवल किशोर यादव, सांसद प्रतिनिधि निर्भय ठाकुर, प्रखंड अध्यक्ष अशोक यादव,राजद के वरिष्ठ नेता चंद्रिका यादव, चंद्रदेव यादव, प्रमुख ममता देवी, जिला परिषद सदस्य शांति देवी, प्रखंड विकास पदाधिकारी अभिषेक पांडेय, अंचल अधिकारी मिथलेश ठाकुर समेत कई लोग मौजूद थे।

# अनियंत्रित होकर टेम्पू पलटने से आधा दर्जन लोग घायल



प्रभात मंत्र संवाददाता

**बालूमाथ :** बालूमाथ थाना क्षेत्र अंतर्गत बालूमाथ मासियातु रोड में हेसाबार के समीप एक टेंपो तीखे मोड़ में अनियंत्रित होकर पलट गई जिससे उसमे सवार आधा दर्जन लोग घायल हो गए मिली जानकारी के अनुसार मासियातू से टेम्पू में सवार होकर एक शादी समारोह से वापस अपने घर हरैयाटांड चकला चंदवा लौट रहे थे तभी तीखे मोड़ पर टेम्पू अनियंत्रित होकर पलट गई। जिसमें सवार अंश तिर्की 1 वर्ष पिता संदीप तिर्की, रुपमनि उराँव 22 वर्ष पति संदीप तिर्की, महाबीर भगत 55 वर्ष पिता जतरू टाना भगत, बिनय तिर्की पिता जयपाल भगत, सुमित्रा देवी 50 वर्ष पति धन्यसाहाय भगत सभी हरैया टांड चकला चंदवा गंभीर रूप से घायल हो गए। आस पास के ग्रामीणों के सहयोग से सभी घायलों को एंबुलेंस की सहायता से बालूमाथ समुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया जहां डॉ अमरनाथ प्रसाद द्वारा सभी घायलों का प्राथमिक उपचार किया गया। वही महावीर भगत व अंश तिर्की की गंभीर स्थिति देखते हुए बेहतर इलाज के लिए रांची रिम्स रेफर कर दिया गया।

## राष्ट्रीय लोक अदालत के तहत प्रखंड स्तरीय कार्यक्रम का हुआ आयोजन



**गिद्धौर (प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड परिसर सभागार में शनिवार 13 मई को राष्ट्रीय लोक अदालत के तहत प्रखंड स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जहां प्रखंड विकास पदाधिकारी संजीत कुमार सिंह अंचलाधिकारी जय शंकर पाठक थाना प्रभारी कन्हैया कुमार यादव 20 सुत्री अध्यक्ष विनोद पासवान जेएसएलपीएस बीपीएम अभिषेक कुमार बीपीओ अजय कुमार सिन्हा मुखिया अध्यक्ष सरिता देवी नें दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरुआत किया। प्रखंड के लगभग सभी विभाग से कर्मी एवं जनप्रतिनिधि उपस्थित थे। कार्यक्रम को सफल बनाते हुए 10 बिरधा पेंशन एवं विधवा पेंशन को स्वीकृति पत्र दी गई पीएम आवास का दूसरा किस्त 85000 करके 5 लाभुकों को खाता में डाला गया। एवं गृह प्रवेश कर 5 लोगों को घर की चाबी दी गई। सोना सोरेन के तहत 10 लाभुकों के बीच धोती साड़ी का वितरण किया गया। चार समुह के बीच आठ लाख का चेक दिया गया। एवं एक मिनी ट्रैक्टर चाबी लाभुक को दिया गया। साथ ही साथ सावित्रीबाई फुले योजना के तहत 9 बच्चियों को सुकृति पत्र (प्रमाण पत्र) दिया गया। 5 लोगों का मनरेगा जॉब कार्ड बनाया गया। मौके पर उपस्थित मुखिया पंचायत समिति सदस्य वार्ड सदस्य एवं प्रखंड के तमाम ग्रामीण जनता मौके पर उपस्थित थे।

# भव्य कलश यात्रा के साथ पांच दिवसीय रूद्र चंडी महायज्ञ का हुआ शुभारंभ



प्रभात मंत्र संवाददाता

**टंडवा :** टंडवा के सराढू हरैया शिव मंदिर प्रांगण में आयोजित पांच दिवसीय रूद्र चंडी महायज्ञ को लेकर ढोल-बाजे के साथ शनिवार को भव्य कलश यात्रा निकाली गई। मंदिर परिसर से निकाली गई कलश यात्रा में शामिल हज़ारो की संख्या में महिला-पुरुष श्रद्धालुओं ने पूरे सराधू गांव का भ्रमण करते हुए धोरधोरा नदी तट पहुंचे। नदी से मुख्य आचार्य श्री सुमन वत्स द्वारा वैदिक मंत्रोच्चार के साथ कलश में जलभरी किया गया। इसके बाद श्रद्धालुओं द्वारा सिर पर कलश रखकर वापस यज्ञ स्थल पहुंचे। जहां वाराणसी से आए आचार्य राजा सांस्कृत्य उपाचार्य पंश्री जय प्रकाश पाण्डेय, जय प्रकाश पाण्डेय, वैदिक पेश्री सुभम शास्त्री, अयोध्या से आए कथा व्याज मनु शास्त्री, नन्दकिशोर पाण्डेय, राजेन्द्र पाण्डेय ब्राह्मणों द्वारा वैदिक मंत्रोच्चार के साथ कलश स्थापना की गई। मौके पर विधायक किशुन दास, बीस सूत्री अध्यक्ष सह जीप सदस्य सुभाष यादव, समाजसेवी मनोज चंद्रा, सरादु मुखिया सीता देवी उप मुखिया राजेश साव पंचायत समिति गीता देवी, मनोज चौरसिया यज्ञ समिति के महेंद्र महतो, सतीश महतो, नेमधारी महतो, किशोर यादव, पप्पू संजय मुकेश, जानकी, राजेश घासी, राजेन्द्र जगदीश महतो, पाली महतो, कामेश्वर यादव, बिनोद यादव, सतीश महतो, किशोर यादव, अजय सिंह नरेश यादव, मंगल देव यादव, पप्पु कुमार, संजय महतों, मुकेश राणा, मनोज यादव, दशरथ महतोज जानकी महतो, राजेश घासी, नेमधारी महतो, उमेश राणा, रवि राणा, छ्टु महतो, तिलेश्वर यादव, उमेश यादव, मनोज महतो, छक्कू महतो, अजय महतो, दिनेश महतो सहित सैकड़ों ग्रामीण शामिल थे।

# व्यवहार न्यायालय प्रांगण में राष्ट्रीय लोक अदालत का हुआ आयोजन



प्रभात मंत्र संवाददाता

**लातेहार :** जिला विधिक सेवा प्राधिकार, के अध्यक्ष सह पीडीजे अखिल कुमार के निर्देशानुसार व्यवहार न्यायालय के प्रांगण मे राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्घाटन प्रधान जिला एवं सत्र न्यायधीश-सह-अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकार अध्यक्ष अखिल कुमार, उपायुक्त भोर सिंह यादव, संजीव कुमार दास ए0डी0जे प्रथम, लातेहार एवं अधिवक्ता संध लातेहार के अध्यक्ष राजमणी प्रसाद के द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया गया। इस अवसर पर अखिल कुमार प्रधान जिला एवं सत्र न्यायधीश-सह-अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकार, ने कहा कि विवाद समाज में सघर्ष उत्पन्न करता है। परंतु लोक अदालत एक ऐसा माध्यम है, जहाँ न कोई हारता है और न कोई जीतता है यहाँ विवादों का निपटारा आपसी सहमति से होता है। इस न्याय का सिद्धांत त्वारित न्याय से है। इसका मौका लोक अदालत में ही मिलता है। न्याय होते हुए भी दिखायी पड़ना चाहिए, इसके लिए लोक अदालत का आयोजन किया जाता है। वही उपायुक्त भोर सिंह यादव के कहा की आम जनमानस के कठिनाई को देखते हुए नालसा एवं झालसा के तत्वावधान में नियमित समयांतराल पर राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जाता है।अधिवक्ता संघ लातेहार के अध्यक्ष राजमणी प्रसाद ने भी सभा को संबोधित किया। इस मौके पर लातेहार व्यवहार न्यायालय के न्यायिक पदाधिकारीगण संजीव कुमार दास ए0डी0जे प्रथम, शशि भूषण शर्मा, मिथिलेश कुमार, राहुल कुमार, चेयरमैन स्थायी लोक अदालत चन्द्रीका राम, पी0एल0ए0 सदस्य डॉ0 मुरारी झा, मो0 शकील अख्तर, सदस्य जिला उपभोक्ता फोरम बीना कुमारी, उमेश सिंह, अधिवक्तागण, विभिन्न बैंकों के शाखा प्रबंधक, विभिन्न विभागों के पदाधिकारीगण व कर्मी तथा व्यवहार न्यायालय के कर्मचारीगण एवं अन्य पक्षकारगण उपस्थित रहे।

## कर्नाटक में कांग्रेस की जीत के खुशी में चतरा में कांग्रेसी कार्यकर्ताओं में भी जश्न



**चतरा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** कर्नाटक विधानसभा चुनाव में कांग्रेस पार्टी की जीत की खुशी में चतरा जिला कांग्रेस कमेटी के नेतृत्व में बाजे गाजे के साथ विजय जुलूस निकाला गया।इसका नेतृत्व पार्टी के जिला उपाध्यक्ष ओम प्रकाश पाठक ने की।नेताओं और कार्यकर्ताओं ने एक दूसरे को रंग अबीर लगाकर और मिठाई खिलाकर जीत की बधाई दी।इस मौके पर उपाध्यक्ष संजय जयसवाल, महासचिव सुधीर कुमार दुबे ,नसरुद्दीन अंसारी, राजवीर के कौसर, जावेद पप्पू राजा, जिला मीडिया प्रभारी विक्रम कुमार सिंह, कार्यालय प्रभारी सैयद अजीमुद्दीन ख्वाजा, यूथ कांग्रेस के जिला अध्यक्ष मोतीलाल पासवान, यूथ कांग्रेस के सिमरिया विधानसभा अध्यक्ष अरुण कुमार यादव, रवि कुमार, जिला सचिव मिथिलेश गुप्ता एनएसयूआई के जिला अध्यक्ष धीरज, अंबेडकर जवाहर मंच के जिला अध्यक्ष जुलकरनैन, सैयद हसीन बिस्मिल, हर्षित चित्रांश, प्रखंड अध्यक्ष मोहम्मद रियासत अंसारी, सैयद रकीबुल, इमाम मोहम्मद आरिफ, गौतम पासवान, मोहम्मद अबरार, सद्दाम अंसारी, मोहम्मद जियाउद्दीन काफी संख्या में नेता कार्यकर्ता मौजूद थे।

# राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य बनाये जाने पर विकास का भव्य स्वागत



प्रभात मंत्र संवाददाता

**टंडवा :** युवा प्रदेश अध्यक्ष विकास कुमार गुप्ता को रौनियर वैश्य समाज का राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य बनाए जाने पर विशुन दयाल नगर समाज की ओर से सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें समाज के अध्यक्ष दशरथ प्रसाद गुप्ता, उपाध्यक्ष छोटू प्रसाद गुप्ता और समाज के सदस्यों द्वारा अंग वस्त्र और माला पहनाकर सभी सदस्यों ने सम्मानित किया। और ढेर सारी शुभकामनाएं दी। समाज के सचिव रंजीत कुमार गुप्ता ने केंद्रीय अध्यक्ष सरवन प्रसाद गुप्ता चुनाव प्रभारी राजू प्रसाद गुप्ता और पूरे राष्ट्रीय टीम को बधाई दी हमारे समाज के सदस्य को इतनी बड़ी जिम्मेदारी दी। साथ ही साथ समाज का मान सम्मान रखा गया। इस मौके पर समाज के अध्यक्ष दशरथ प्रसाद सचिव रंजीत कुमार गुप्ता कोषाध्यक्ष बिनोद कुमार उपाध्याय छोटू गुप्ता दीपक गुप्ता गणेश प्रसाद गुप्ता सरोज प्रसाद संतोष गुप्ता राकेश कुमार सुभाष प्रसाद रंजीत प्रसाद गुप्ता राजेन्द्र प्रसाद जगदीश प्रसाद सुशील गुप्ता नथु प्रसाद प्रभाष गुप्ता आदि शामिल थे।

# बारियातू कांग्रेस कार्यालय में मनाया गया जश्न



प्रभात मंत्र संवाददाता

**बारियातु :** कर्नाटक में कांग्रेस की जीत की खुशी में बारियातू प्रखण्ड मुख्यालय स्थित कांग्रेस पार्टी कार्यालय में प्रखण्ड अध्यक्ष रिगन कुमार की अध्यक्षता में बैठक की गई जिसमें जिला उपाध्यक्ष अवध किशोर सिंह कर्नाटक में कांग्रेस पार्टी की जीत को नफरती हार व मुहब्बत की जीत करार दिया। वहीं प्रखण्ड अध्यक्ष रिगन कुमार ने कहा कि आज शनिवार के दिन बजरंग बली का दिन है, बजरंग बली के कृपा से हमारी पार्टी का जीत का शील शीला चल पड़ा है जो अब रुकेगा नहीं। कर्नाटक में कांग्रेस पार्टी के जीत के खुशी में जमकर आतिशबाजी की एवं जश्न मनाया गया।इस महत्वपूर्ण अवसर पर प्रखण्ड उपाध्यक्ष मो मुमताज, एससी प्रखण्ड अध्यक्ष कुलदीप राम, एसटी मोर्चा अध्यक्ष बुधराम उरांव युवा मोर्चा उपाध्यक्ष आशिश लालनाथ शाहदेव, जेएमएम प्रखण्ड उपाध्यक्ष भुनेश्वर यादव, विससुत्री उपाध्यक्ष सुरेश गंझू व मो ताजमुल, मो मुस्लिम, मो सिद्की मो साहबुदिन, मो मुबारक, सरोज, रसीद, गालिब, सीता राम ठाकुर, राजदेव उरांव, दिगम्बर टाना भगत सहित कई कांग्रेसी कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# कर्नाटक में कांग्रेस का प्रचंड बहुमत आने पर समर्थकों ने मनाया जश्न



प्रभात मंत्र संवाददाता

**सिमरिया :** कर्नाटक चुनाव में कांग्रेस ने प्रचंड बहुमत हासिल कर जबरदस्त उपस्थिति दर्ज कर ली है। जिससे समर्थक काफी उत्साहित और जोश जूनून में है। उत्साहित समर्थकों ने कांग्रेस की जीत के साथ प्रखंड मुख्यालय स्थित सुभाष चौक पर मिठाइयां बांटी और पटाखे छोड़े। ईस दौरान महागठबंधन समर्थक सभी मार्गो का भ्रमण कर सोनिया गांधी जिंदाबाद, राहुल गांधी जिंदाबाद, कांग्रेस पार्टी जिंदाबाद के नारे लगाए। कांग्रेस की प्रचंड बहुमत आने पर कार्यकर्ताओं ने कहा कि पार्टी की जीत नहीं बल्कि कार्यकर्ताओं की खोई हुई शक्ति वापस आई है, जिसे एक सरकार के रूप में देखा जाएगा। वहीं भाजपा का धर्म कार्ड खेलना बड़ा महंगा पड़ा। बजरंग बली के नाम पर भाजपा कर्नाटक में चुनाव जीतना चाहती थी। लेकिन बजरंग बली भाजपा का साथ छोड़ कांग्रेस का नैया इस कदर पार किए की खुद भाजपा हैरान रह गया। आने वाला 2024 चुनाव में भी कांग्रेस इसी तरह जनता के विश्वास के साथ चुनाव लड़ेगी और भाजपा को शिकस्त देगी। मौके पर, मालेश्वर साव, भूपेंद्र ठाकुर, जवाहर विश्वकर्मा, अजय राम, अंतु साव, महावीर राम, महेंद्र साव के अलावे महागठबंधन के अन्य कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## अमानवीय है वार्डन के छात्राओं को कठोर शारीरिक दंड देना : कविता खलखो



**हेरहंज (प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड मुख्यालय स्थित झारखंड बालिका आवासीय विद्यालय की वार्डन एलिजाबेथ कुमुद टोप्पो के द्वारा छात्राओं को उठक बैठक की तुगलकी फरमान से छात्राओं की हालत बिगड़ गई थी शनिवार को जिले के जिला शिक्षा प्रसार पदाधिकारी कविता खलखो,एपीओ रोज मिंज व प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी प्रेमलता ने झारखंड बालिका आवासीय विद्यालय पहुंच कर मामले की जांच की।जांच के क्रम में मामले में सत्यता पाई गई। जिले के जिला शिक्षा प्रसार पदाधिकारी कविता खलखो ने कहा कि वार्डेन के द्वारा छात्राओं को जिस तरह की कठोर शारीरिक दंड दिया गया है वह अमानवीय है। इस मामले में दोषी वार्डेन के खिलाफ अवश्य कारवाई होगी।इसके लिए सभी छात्राओं व अविभावकों के साथ बैठक की गई। बैठक में सभी छात्राओं व अविभावकों के साथ चर्चा की गई।जिसमें छात्राओं ने कहा कि वार्डेन के द्वारा हम लोगों को हमेशा प्रताड़ित किया जाता है। खाने में भी सही भोजन नहीं दिया जाता है।इसके साथ नहाने के लिए साबुन, पढ़ाई के लिए बुक कॉपी, कलम की भी कमी होते रहती है यहां तक कि इस कमी को विधायक वैद्यनाथ राम से भी कहे थे परंतु आज तक कोई कारवाई नहीं हुई।

## हंटरगंज प्रमुख ममता कुमारी ने उपायुक्त को आवेदन देकर कार्रवाई करने की मांग की

# मुखियाओं ने 14 वें और 15 वें वित्त की राशि को नियमो को ताक पर रख कर रहे है खर्च



प्रभात मंत्र संवाददाता

**हंटरगंज :** प्रमुख ममता कुमारी ने उपायुक्त को आवेदन देकर कई गंभीर समस्या से अवगत कराई है। वहीं संज्ञान में देते हुए जांच कर नियमानुसार विधि सम्मत करवाई करने का आग्रह की है। प्रमुख ममता कुमारी ने बाल विकास परियोजना, पीएचईडी, स्वास्थ विभाग, शिक्षा विभाग, खान विभाग और नो एंट्री जैसे अहम मुद्दे से अवगत कराते हुए कार्रवाई करने का बात कही है। वहीं जन प्रतिनिधि मुखियाओ के द्वारा 14 वीं और 15 वीं वित आयोग की राशि से किए गए कार्यों पर भी गंभीर आरोप लगाते हुए जांच कर करवाई करने का आग्रह की है। आवेदन में कहा गया है की 15 वीं वित आयोग मद से ग्राम पंचायतों में की जाने वाली योजनाओं में भारी अनियमितता बरती गई है। जबकि 15 वीं वित की राशि खर्च करने को लेकर ग्रामीण विकास विभाग झारखंड सरकार ने एक सर्कुलर जारी किया है जिसका पालन पंचायतों के मुखियाओं के द्वारा नही किया गया।मुखिया और पंचायत सचिव की मिली भगत से वैसी योजनाएं कराई गई है जो सर्कुलर के अनुकूल नहीं है। वर्ष 2020/23 में प्राप्त untied की राशि को पंचायत भवन के रंग ट्टु रोगन एवं सामग्री क्रय में खर्च कर दिया गया है जबकि प्राप्त राशि का मात्र दस फीसद ही राशि खर्च करने का प्रावधान है। जबकि पुरी राशि रंग रोगन और क्रय के नाम पर खर्च दिखा कर राशि निकाल ली गई है।जो नियम विरुद्ध है। झारखंड सरकार ग्रामीण विकास विभाग के सर्कुलर के आलोक में 1,50,000 ( एक लाख पच्चास हजार रुपए ) से अधिक की सामग्री का क्रय निविदा के माध्यम से किए जाने का प्रावधान है नही किए जाने पर वित्तय अनिमित्ता की श्रेणी में माना जायेगा।जबकि पंचायतों में बिना निविदा के माध्यम से कार्य किए गए हैं जो नियम विरुद्ध है। पंचायतों के मुखिया और पंचायत सचिव निविदा से बचने के लिए एक ही कार्य को तोड़ तोड कर किया गया है जो नियम विरुद्ध है। वर्ष 2020/23 में ही जल मीनार लगाने में भी भारी अनियमितता बरती गई है।Tied मद से प्राप्त राशि 2,49000 (दो लाख उन्चास हजार रूपए) खर्च किया गया है जबकि ग्रामीण विकास विभाग और न ही पेजल विभाग के द्वारा कोई प्राकलन राशि निर्धारित किया गया है। यहां भी नियम विरुद्ध कार्य किया गया है। उक्त दोनों वित्त की योजना ओ का ऑनलाइन में सही तरीके से प्रविष्टि नही अंकित रहता है जिस से भविष्य में योजनाओं की हेरा फेरी की संभावना बनी हुई है। दूसरी तरफ स्कूलों में sanitary wend-ing Machine का अधिष्ठापन किया गया है जिसके प्रति यूनिट 1,49000 रुपए की राशि भुगतान किया गया लेकिन ल्द्रढ्द्दह्य श्च्शह्लह्वद्धह्य पर इसकी कीमत मात्र ?71,500 बताया जा रहा है साथ ही नियमो की अनदेखी भी की गई है। पंचायत समिति की बैठक में लिए गए प्रस्ताव का पालन नहीं किया जाता है। हंटरगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के चिकत्सा प्रभारी डा आर पी शर्मा सप्ताह में एक दिन मंगलवार को आते हैं जिस से मरीजों का सही से चिकित्सा सुविधा नही मिल पा रही है। बाल विकास परियोजना द्वारा संचालित आंगन बाड़ी केंद्रों में नामांकन के अनुसार सिर्फ 05/10 फीसद बच्चे उपस्थित होते हैं और शत प्रतिशत उपस्थिति दिखा कर राशि की अवैध निकासी की जा रही है जो विभागीय मिली भगत से ही संभव है। इसे गंभीरता से लेते हुए, जांच उपरांत कार्रवाई करने की बात कही गई है। हंटरगंज बीईओ कानन पात्रा के द्वारा सहायक अध्यापक एवं सरकारी शिक्षक को जांच के क्रम में भयादोहन एवं मानसिक प्रताड़ना करते हैं साथ ही पंचायत समिति की बैठक में कभी भी उपस्थित नहीं होते और न ही स्पष्टीकरण का जवाब देना जरूरी समझते हैं। हंटरगंज में संचालित पत्थर खधान एवं क्रेशर नियमों को ताक पर रखकर संचालन किया जा रहा है। डीएमओ की की लापरवाही के कारण ही पत्थर एवं खधान माफिया फायदा उठा रहे हैं। नो एंट्री में लोडेड हाइवा से पत्थर की ढुलाई की जा रही है। पीएचईडी विभाग के द्वारा नाडेप, वर्मी कंपोस्ट एवं सोकपीट में काफी अनियमितता बरती जा रही है जो जांच का विषय है।

# विश्व हिंदू परिषद के क्षेत्र संगठन मंत्री का हुआ भव्य स्वागत



प्रभात मंत्र संवाददाता

**बालूमाथ :** विश्व हिंदू परिषद के झारखंड बिहार के क्षेत्र संगठन मंत्री आनंद शंकर का तीन दिवसीय प्रवास पलामू, गढ़वा व लातेहार जिलों के दौरान बालूमाथ में शनिवार को कार्यकर्ताओं से मुलाकात किये जहाँ लोगों ने उनका भव्य स्वागत किया। इस दौरान उन्होंने अधिकारियों के साथ एक बैठक की जिसमें उन्होंने सभी को संगठन की कार्यप्रणाली तथा उद्देश्य की विस्तृत जानकारी देते हुए कहा कि विश्व हिंदू परिषद पूर्ण रूप से धार्मिक एवं सामाजिक संगठन है संगठन का राजनीतिक से कोई लेना देना नहीं है संगठन पूर्ण रूप से गैर राजनीतिक है संगठन का कार्य हिंदू मान बिंदुओं की रक्षा करना है जैसे गौ रक्षा, मठ मंदिरों की रक्षा, बहन बेटियों की रक्षा, हिंदू समाज की सेवा सुरक्षा और संस्कार के माध्यम से एक करना ही मुख्य कार्य है आगे उन्होंने कहा कि विश्व हिंदू परिषद का 2024 में साठ वर्ष पूरे होने को है इस उपलक्ष मे विश्व हिंदू परिषद अनेको प्रकार के कार्यक्रम तय किया है। जिसे सफल आयोजन की तैयारिया चल रही है साथ ही विश्व हिंदू परिसद का प्रत्येक वर्ष कार्यकर्ताओ का व्यक्तित्व का विकास कैसे हो इसके लिए प्रशिक्षण वर्ग लगता है जिसमे इस वर्ष झारखंड के अंदर बजरंग दल का सात दिन का प्रशिक्षण वर्ग, विश्व हिंदू परिसद का 10 दिन का तथा दुर्गा वाहिनी का सात दिन का होगा इसी को लेकर तीन दिवसीय प्रवास में कौन कौन से कार्यकर्ता किस वर्ग में जाएंगे इसके लिए व्यक्तिगत वार्ता और तैयारी चल रही है ।मौके पर झारखंड प्रदेश पालक महेश पौदार, लातेहर ज़िला संयोजक अरुण साव, प्रखण्ड अध्यक्ष लालदेव गंझू, प्रखंड बालोपासना प्रमुख उपेंद्र रंगीला, प्रखंड संयोजक अनिल प्रजापति, प्रखंड शत संघ प्रमुख सत्यम कुमार, बजरंग दल सदस्य राजेश कुमार समेत कई लोग मौजूद रहे।

## संक्षिप्त खबरें

### स्कूल में बच्चों की माताओ को किया गया सम्मानित



**पतरातू (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** प्रखंड के लबगा पंचायत अंतर्गत विजडम पब्लिक स्कूल में मातृ दिवस के उपलक्ष में स्कूल प्रबंधन द्वारा माताओं का सम्मान कार्यक्रम का आयोजन किया गया ढ्ढ जिसमें विद्यालय में पढ़ने वाले बच्चों की माताओं ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया ढ्ढ स्कूल प्रबंधन द्वारा सभी माताओ को सम्मानित करने के बाद केक काट कर मातृ दिवस मनाया गया।कार्यक्रम में माताओं के बीच खुशी और सम्मान के भाव स्पष्ट दिखाई दे रहे थे। स्कूल संस्थापक बसंत कुमार ने कहा माताओं के सम्मान में यदि हम कुछ भी कर पाते हैं।तो यह हमारे लिए गौरव का विषय होना चाहिए।क्योंकि हमारी सफलता की पहली सीढ़ी माताएं होती हैं। वही कार्यक्रम में मौजूद माताओं ने कहा कि बच्चों के प्रति हम अपनी जिम्मेवारी और कर्तव्य का पालन करते हैं। मगर इस तरह से हमारी मेहनत और हमारे कार्यो को सराहते हुए ऐसे कार्यक्रमों में हमें आमंत्रित कर हमारा सम्मान बढ़ाने से हम सभी महिलाएँ अपने आप को गौरवान्वित महसूस कर रहे हैं।

### बीडीओ ने दिव्यांगों के बीच बांटा ट्राइसाइकिल व व्हीलचेयर



**विष्णुगढ़ (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** विष्णुगढ़ मुखिया संघ अध्यक्ष सह सारूकुदर पंचायत मुखिया उत्तम महतो ने अपने पंचायत के असहाय दिव्यांगों को ट्राइसाइकिल एवं व्हीलचेयर विष्णुगढ़ प्रखण्ड मुख्यालय में आवेदन देकर उपलब्ध कराकर एक अच्छे जनप्रतिनिधि होने का दायित्व निभाया । आज करीब 12 बजे प्रखण्ड विकास पदाधिकारी संजय कोंगारी एवं अंचलाधिकारी रामबालक कुमार ने संयुक्त रूप से सारूकुदर के पूरन साव,पिता-गोवर्धन साव को ट्राइसाइकिल एवं जमरुल अंसारी,पिता-शूकर मियाँ को व्हीलचेयर वितरित की। इस मौके पर मुख्य रूप से प्रखण्ड विकास पदाधिकारी संजय कुमार कोंगारी, अंचलाधिकारी रामबालक कुमार,सारूकुदर मुखिया उत्तम महतो,भेलवारा मुखिया लक्ष्मी कुमारी, महेश बर्णवाल,अब्बास अंसारी समेत दर्जनों की संख्या में लोग उपस्थित थे ।

### तनु प्रिया ने दसवीं में 94 % अंक लाकर अपने विद्यालय में शीर्ष स्थान हासिल किया

**विष्णुगढ़(प्रभात मंत्र संवाददाता) :**विष्णुगढ़ के चेडरा पंचायत, ब्लॉक के बगल में आदर्श डीएवी पब्लिक स्कूल के दसवीं की परीक्षा का परिणाम 12 मई 23 को आया,जिसमे आदर्श डीएवी पब्लिक स्कूल के शत प्रतिशत बच्चो के रिजल्ट सकारात्मक आया। सीबीएसई दसवीं के रिजल्ट पर अपनी खुशी जाहिर करते हुए आदर्श डीएवी पब्लिक स्कूल के प्रिंसिपल दिग्विजय नारायण ने बताया कि मेरे विद्यालय से कुल 35 छात्रों ने परीक्षा में भाग लिया जिसमे सभी छात्र अच्छे अंक से उतीर्ण हुए,जिसमे तनु प्रिया ने 94 प्रतिशत अंक लाकर अपने विद्यालय में शीर्ष स्थान हासिल किया,वहीँ हर्ष कुमार ने 87.06 प्रतिशत लाकर दूसरा स्थान हासिल किया, तीसरे स्थान पर जिया कुमारी ने 82.09 प्रतिशत अंक लाकर हमारे विधालय का मन बढ़ाया । बच्चे अच्छे अंक लाकर बेहतर प्रदर्शन कर रहे इससे बड़ी कोई बात नही हो सकती । साथ ही उन्होंने कहा कि हमारा शिक्षण संस्थान आदर्श डीएवी पब्लिक स्कूल विष्णुगढ़ प्रखण्ड का एकमात्र सीबीएसई मान्यता प्राप्त विद्यालय है ।



# रामगढ़ पुलिस ने कोहिनूर ज्वेलर्स व एलआईसी ऑफिस स्थित हुई लूटपाट का किया उद्भेदन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ़ :** रामगढ़ अधीक्षक पीयूष पांडे ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर बताया कि पिछले महीने 11/04/2023 को एल0आई0सी0 ऑफिस के सामने सड़क पर अज्ञात अपराधकर्मीयों के द्वारा ददन कुमार नामक व्यक्ति को गोली माकर जख्मी कर उनके पास से 29,34,447 (उन्नतीस लाख चौतीस हजार चार सौ सैतालिस) रूपये की लूट की घटना कारित किया गया था साथ ही दिनांक 08/05/23 को रामगढ़ दामोदर पुल के निकट कोहिनुर नामक जेवर दुकान में घुसकर कर्मचारी को हथियार का भय दिखाकर चांदी के जेवरात को लूटने की घटना को अंजाम दिया गया था। जिस संबंध में रामगढ़ थाना अन्तर्गत प्राथमिकी सं0 86/ 23 एवं 111 / 23 दर्ज कर अनुसंधान प्रारंभ किया गया है। उक्त दोनो कांडों के उदभेदन हेतू एसआइटी टीम का गठन किया गया। एसआइटी टीम में शामिल सदस्यों के द्वारा दोनो कांडो में संलिप्त 05 अपराधियों को गिरफ्तार किया गया। जिनके पास से अवैध पिस्टल, देशी कट्टा, चाकू एवं रूपयों की बरामदगी की गयी है उपरोक्त दोनो घटनाओं का मास्टरमाइंड विभाष पासवान है, जो कि मूल रूप से नालंदा (बिहार) का रहने वाला है एवं अन्तरराज्यीय गिरोह का मुख्य सरगना है। पकड़ाये सभी अपराधी बिहार / झारखण्ड राज्य के कई जिलों में हुए चर्चित लूट / डकैती के कांडों में शामिल रहे है जिनका पूर्व का अपराधिक इतिहास भी है। उक्त दोनो कांडों में संलिप्त रहे सभी अपराधियों की पहचान की जा चुकी है। इनकी गिरफ्तारी तथा लुटे गये सामानों की बरामदगी हेतू लगातार छापामारी की जा रही ।



**गिरफ्तार अभियुक्तों में :** विभाष पासवान उर्फ मृगेन्द्र पासवान, उम्र 32 वर्ष, पिता महेन्द्र पासवान, जिला-नालंदा। 2. संतोष पाण्ड, उम्र 50 वर्ष, पिता स्व0 जयलाल पाण्डे, जिला हजारीबाग। 3. कुदूस अंसारी उम्र 47 वर्ष, पिता स्व0 करामत अंसारी, वर्तमान चैनगड्डा, पतरातु बरकाकाना जिला रामगढ, स्थायी पता थाना-हुसैनाबाद जिला पलामू । 4. महेन्द्र चौधरी, उम्र 35 वर्ष, पिता स्व0 श्यामलाल चौधरी, बरही जिला हजारीबाग 7 5. एनामुल अंसारी, उम्र 24 वर्ष, पिता कुदूस अंसारी, चैनगड्डा थाना? पतरातु (बरकाकाना) जिला रामगढ़, स्थायी पता हुसैनाबाद, जिला पलामू ।

**अभियुक्तों से बरामद सामानों का विवरण :** 1. एक देशी पिस्टल 7.65 रूरू का मैगजीन लगा हुआ जिसमें 03 जिंदा गोली लोड। 2. एक देशी कट्टा लोडेड जिसमें 315 बोर का जिंदा गोली।3. एक धारदार ऑटोमेटिक चाकू ।4. दो मोबाईल फोन5. नगद 25500/ रूपया । 6. दो पीस चांदी का पायल, दो पीस चांदी का ब्रेसलेट, 07 पीस चांदी का अंगुठी एक पीस चांदी का कड़ा.एक पीस चांदी का सिकड़ी लॉकेट बरामद किया।

## कुंदरू कला में मंडा पूजा 14 मई को

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रजरप्पा :** रामगढ़ प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत कुंदरू कला में प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी 14 मई को भव्य मंडा पूजा का आयोजन किया गया है जबकि 13 मई को संध्या शिव भक्तों द्वारा लोटन सेवा दिया जाएगा इस मौके पर 14 मई को उपवास व्रत की तिथि होने के कारण रात्रि में भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया है जिस में मुख्यत छऊ नृत्य कलाकार की कलाकार द्वारा बेहतर प्रदर्शन का आयोजन किया गया है जिसमें मुख्य रुप से कलाकार गीता मनी रबड़ महिला टीम बनाम गुलपी सही ज्योति महिला और नृत्य का जमकर मुकाबला होगा। मंडा पूजा समिति द्वारा सभी तैयारी कर ली गई है पूरे मंडा ताल में बिजली की रोशनी से चकाचौंध किया जाएगा। अंतिम दिन 15 मई को अहले सुबह दहकते हुए अंगारों पर शिव भक्तों द्वारा नंगे पांव चलकर कठिन भक्ति की परीक्षा देंगे।

## कर्नाटक की जीत पर पीटीपीएस में कांग्रेसियों ने निकाला विजय जुलूस

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पतरातू :** कर्नाटक में कांग्रेस पार्टी को विधानसभा चुनाव में प्रचंड बहुमत मिलने पर पतरातू प्रखंड कांग्रेस कमेटी के तत्वधान में विजय जुलूस निकाला गया,कांग्रेसियों ने कहा कि जनता इतने सालों से बीजेपी के कार्यशैली को देखते हुए इसे नकारा और फिर कर्नाटक की जनता ने धर्म जाति से ऊपर उठकर कांग्रेस पार्टी पर विश्वास रखते हुए प्रचंड बहुमत से सरकार बनाने का काम रही है, पीटीपीएस हनुमान मंदिर में पूजा अर्चना कर विजय जुलूस की शुरुआत की गई,और ढोल नगाड़ों के साथ झूमते हुए पटाखों के गर्गाराहट के साथ मिठाई बांटते हुए कटिया चौक तक विजय जुलूस निकाला गया। मुख्य रूप से उपस्थित पतरातू प्रखंड अध्यक्ष सुजीत पटेल विधायक प्रतिनिधि कृष्णा सिंह, अमित साहू,अमर यादव,राजू पाण्डेय योगेंद्र सिंह खरवार,एआईएसएफ के छात्र नेता लोकेश आनंद,संजय सिंह,बलदेव राम, नईम अंसारी,रब्बानी अंसारी, अजय पासवान,संजय यादव, शुभम सिंह,निर्मला देवी, कमलेश राम,राम कुमार महतो, विक्कू रजक,अनिल सिंह, संजीव सिंह,छोटू उरांव,लखन मुंडा, मोहम्मद आबिद,नरेन्द्र खरवार,शकूर अंसारी,असरफ अंसारी,मोहम्मद खलील,उपेंद्र प्रसाद यादव,गोवर्धन प्रसाद एवं दर्जनों कार्यकर्ता उपस्थित हुए।



## कर्नाटक विधानसभा चुनाव में कांग्रेस के जीत पर बड़कागांव में कांग्रेसियों ने मिठाई बांटी

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बड़कागांव :** कर्नाटक विधानसभा चुनाव में कांग्रेस पार्टी का बेहतरीन प्रदर्शन एवं अप्रत्याशित जीत पर बड़कागांव के कांग्रेसियों ने खुशी जताई। बड़कागांव मुख्य चौक पर आतिशबाजी करते हुए एक दूसरे को मिठाई बांटी। कांग्रेसियों ने मौके पर कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मैजिक नहीं बल्कि कर्नाटक में राहुल गांधी का जादू चला। कांग्रेसियों ने आगे कहा कि भाजपा जोड़-तोड़ की राजनीति करती है। जबकि कॉन्ग्रेस सभी धर्म, सभी जाति, सभी समुदाय को लेकर चलती है। इसी का परिणाम है कि कर्नाटक विधानसभा चुनाव में कांग्रेस पार्टी का अप्रत्याशित जीत मिली है। इस अवसर पर 20 सूत्री प्रखंड अध्यक्ष हाजी तबस्सुम, कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष विशेश्वर नाथ चौबे, युवा मोर्चा के प्रखंड अध्यक्ष तारिक अनवर उर्फ बाबर खान, संजय कुमार, विधायक प्रशासनिक प्रतिनिधि सुरेश महतो, जगनंदन प्रसाद गुप्ता, कांग्रेस जिला महासचिव पंकज गुप्ता, श्यामसुंदर तिवारी, जमाल सगीर, शमशेर अंसारी, छोटे खान, शाहिना खातून, अहमदुल्लाह, मंजूर अली, मोहम्मद आजम, मोहम्मद तसलीम, मोहिबउल्ला, नवीन ठाकुर सहित अन्य कांग्रेसी शामिल थे।



## श्री श्री 1008 शिव गौरी परिवार प्राण प्रतिष्ठा सह रुद्र महायज्ञ में शामिल हुए रौशन लाल चौधरी

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बड़कागांव :** प्रखंड के डोकाटांड में श्री श्री 1008 शिव गौरी परिवार प्राण प्रतिष्ठा सह रुद्र महायज्ञ तथा पंचमुखी बजरंगबली प्राण प्रतिष्ठा का आयोजन बड़े ही धूमधाम से एवं शांतिपूर्वक आचार्यो द्वारा मंत्रउच्चारण से किया जा रहा है। आजसू पार्टी के केंद्रीय महासचिव सह बड़कागांव विधानसभा प्रत्याशी रोशन लाल चौधरी अपने कार्यकर्ताओं के साथ शामिल होकर क्षेत्र की सुख शांति व खुशियां की कामना करते हुए कहां की पूरा डोकाटांड भक्तिमय हो गया है। यज्ञ मानव जीवन को सफल बनाने के लिए एक आधारशीला है। क्षेत्र में युवकों को रोजगार मिले हर तरफ भाईचारा का वातावरण बना रहे। दिन शनिवार को नाना प्रकार के पुष्प( फूल)अधिवास करवाया गया। रविवार को शोभा यात्रा, नगर भ्रमणअर्थात पूरे गांव में प्रतिमाओं को घुमाया जाएगा तत्पश्चात मंदिर में रात्रि विश्राम करवाया जाएगा। रात्रि में प्रतिदिन कथावाचक साध्वी अंजली पांडे (अयोध्या वासी)के द्वारा कथा सुनाया जा रहा है एवं प्रतिदिन झांकी दिखाया जा रहा है। मौके पर आजसू पार्टी के केंद्रीय सदस्य संदिप कुशवाहा, सुरेश गिरी, विनोद कुमार, रवि राम, तपेश्वर कुमार तापस, दिनेश महतो, सुरेश महतो, कृष्णा साव,वीरेंद्र यादव, गणेश यादव ,उमेश साव आदि उपस्थित थे।



## झारखंड की माटी में झारखंडी नेतृत्व जरूरी : संजय मेहता

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बरही :** चौपारण के रामपुर बाजार में जनसंवाद यात्रा के तहत नुक्कड़ सभा का आयोजन किया गया। यह नुक्कड़ सभा नेतृत्व में स्थानीय भागीदारी को लेकर की जा रही है। आम लोगों को राजनीतिक तौर पर जागरूक किया जा रहा है। ज्ञात हो कि बरही विधानसभा से स्थानीय नेतृत्व की आवाज बुलंद की जा रही है। 1 मई को इसकी शुरुआत बरही चौक से की गयी। यात्रा को संबोधित करते हुए संजय मेहता ने कहा कि यह जनसंवाद यात्रा स्थानीय हक अधिकारों और झारखंडी भावनाओं को जगाने का एक प्रयास है। हम यह चाहते हैं कि झारखंड के भीतर झारखण्डियत की भावना बुलन्द हो। झारखंड की माटी पर झारखंडियों का नेतृत्व हो। बरही विधानसभा समेत हजारीबाग लोकसभा में स्थानीय नेतृत्व का आभाव है। यही हाल झारखंड के कई अन्य लोकसभा और विधानसभा क्षेत्रों का है। इसलिए राजनीतिक नेतृत्व में जो हकमारी हो रही है उसके खिलाफ जनता को जागृत करना होगा। हमारी माँग है कि स्थानीय स्तर के नेता ही इलाके का नेतृत्व करें। चाहे कोई भी पार्टी हो वह स्थानीय को टिकट दे यात्रा का मुख्य उद्देश्य झारखंड के राजनीतिक प्रतिनिधित्व में बाहरी लोगों के हस्तक्षेप के कारण हो रहे नुकसान से अवगत कराना है। यह यात्रा झारखंड के हजारीबाग, रामगढ़, कोडरमा, चतरा जिले के गांवों तक जाएगी। साथ ही आम लोगों से यात्रा से जुड़ने का आह्वान किया गया है।यात्रा को संबोधित करते हुए भुनेश्वर यादव ने कहा कि इस यात्रा के माध्यम से लोगों के बीच यह भाव जगाया जाएगा कि झारखंड के राजनीतिक प्रतिनिधित्व में बाहरी लोगों का जो वर्चस्व स्थापित हुआ वह हमें नुकसान दे रहा है। इसके कारण हमारी माटी के लोग अवसर पाने में पिछड़ जा रहे हैं। झारखंड के लोगों का राजनीतिक प्रतिनिधित्व का हक छिना जा रहा है। झारखंड के लोगों को मौका नहीं मिल पा रहा है। जनता को गांव - गांव जाकर जागरूक करना होगा। इस बात को बताना होगा। यात्रा के माध्यम से उत्तरी छोटानागपुर के चतरा और हजारीबाग लोकसभा, बरही विधानसभा समेत झारखंड के सभी 14 लोकसभा क्षेत्रों एवं 81 विधानसभा क्षेत्रों में स्थानीय प्रत्याशियों की मांग तेज की जाएगी।जनसंवाद यात्रा के माध्यम से 600 नुक्कड़ सभा का आयोजन किया जाएगा। जिसमें अब तक पॉकेट मीटिंग एवं नुक्कड़ सभा मिलाकर कुल 21 स्थानों पर इसका आयोजन किया जा चुका है। संजय मेहता एवं भुनेश्वर यादव ने कहा कि इस यात्रा की बहुत अच्छी प्रतिक्रिया जनता से प्राप्त हो रही है। जनता का भरपूर साथ मिल रहा है। लोग वास्तव में माटी का नेतृत्व चाहते हैं। लोगों के अंदर बहुत पीड़ा है। शोषण से लोग मुक्ति चाहते हैं। इस अवसर पर नुक्कड़ सभा के दौरान रवि सोनी ने भी संबोधित किया उन्होंने कहा कि अब जरूरत आन पड़ी है कि बरही और हजारीबाग लोकसभा का नेतृत्व माटी का बेटा करे।नुक्कड़ सभा में सरयु साव, रामकिसुन यादव, विनय राज, बानो यादव शिवशंकर प्रसाद, छोटेलाल चन्द्रवंशी, रहमान अन्सारी, आदित्य कुमार आदि सैकड़ों लोग उपस्थित थे।



## स्वच्छता पखवाड़ा कार्यक्रम का आयोजन



**रामगढ़ (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** मांडू चट्टी पंचायत के उत्क्रमित मध्य विद्यालय गोविंदपुर के प्रांगण में शनिवार को स्वच्छता पखवाड़ा के तहत कार्यक्रम का आयोजन जल सहिया कविता देवी रीना देवी शबनम परवीन द्वारा किया गया । इसमें मुख्य अतिथि के रुप में मांडू चट्टी पंचायत की मुखिया अनीता देवी उपस्थित हुई और स्वच्छता के प्रति जागरूक करते हुए छात्र-छात्राओं को कहीं की विद्यालय के छात्रों आप लोग ध्यान देंगे कि हम लोग आज संकल्प ले रहे हैं कि प्लास्टिक मुक्त अपने पंचायत को करने का जिसमें आप लोगों की भूमिका महत्वपूर्ण है साथ ही साथ उन्होंने यह भी कहा कि आप अपने घर के आस-पास भी प्लास्टिक का उपयोग नहीं करेंगे अगर करेंगे भी तो उसका सही ढंग से सही स्थान पर विसर्जन करेंगे इस कार्यक्रम की अध्यक्षता विद्यालय के प्रधानाध्यापक डॉ सुनील कुमार कश्यप ने की और सभी को स्वागत करते हुए कहा कि निश्चित रूप से यह जो आज आप लोगों के द्वारा जो जिम्मेवारी सौंपी जा रही है हम लोग इस कार्य को शतप्रतिशत करेंगे और प्रदूषण मुक्त करेंगे इसके प्रति बच्चे अपने घर में जाकर अपने परिवार और समाज को भी जागरूक करेंगे इस अवसर पर विद्यालय के अध्यक्ष जगेश्वर भुइयां समाजसेवी बालेश्वर भुइयां पूर्व विद्यालय अध्यक्ष ,साथी साथ विद्यालय के अध्यक्ष जोगेश्वर भुइयां योगेश्वर महतो विद्यालय के सहायक शिक्षक शारदानंद शर्मा गौतम कुमार गुप्ता जेठलाल मांझी और विद्यालय बाल संसद के सभी पदाधिकारी उपस्थित रहे और कार्यक्रम को सफल बनाएं

# कांग्रेस मुक्त भारत की बात करने वाली बीजेपी पार्टी खुद दक्षिण भारत में मुक्त हो गई : अंबा प्रसाद

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बड़कागांव :** कांग्रेस विधायक अंबा प्रसाद में कर्नाटक मे कांग्रेस पार्टी के शानदार प्रदर्शन पर खुशी जताई। इस संदर्भ में उन्होंने कहा है कांग्रेस मुक्त भारत की बात करने वाली पार्टी खुद दक्षिण भारत में बीजेपी मुक्त हो गई। विधायक अंबा प्रसाद ने कहा कि राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा के दौरान जो अपार जनसमूह पार्टी के पक्ष में उमड़ा था और जो माहौल कर्नाटक में देखने को मिला था आज उसी का फल कर्नाटक चुनाव में देखने को मिला और हमारी पार्टी ने बेहतरीन प्रदर्शन किया। बीजेपी की सांप्रदायिक, भ्रष्टाचारी, जुमलेबाजी राजनीति का अंतकाल शुरू हो गया है और 2024 में बीजेपी सरकार का पतन तय है। कर्नाटक का जनादेश महंगाई, बेरोजगारी, भ्रष्टाचार के खिलाफ जनादेश है, जो लोग कांग्रेस मुक्त भारत की बात करते थे, अब उनकी ही पार्टी दक्षिण भारत से मुक्त हो गई है। अंबा प्रसाद ने कहा कि यूपीए चेयरपर्सन सोनिया गांधी, कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, राहुल गांधी और प्रियंका गांधी के नेतृत्व में कांग्रेस नेताओं ने शानदार कैंपेन किया। कर्नाटक ने बीजेपी की कुराजनीति को नकार कर विकास की राजनीति को चुना है तथा आगामी राजस्थान, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़ और तेलंगाना तथा झारखंड प्रदेश के विधानसभा चुनाव में भी इसकी पुनरावृत्ति होगी।



## एसबीएस योजना के तहत बने जल मीनार बनकर तैयार लेकिन ग्रामीणों को नहीं मिल रहा है पानी

**मो अफजल**

**चरही :** चुरचू प्रखंड के चुरचू पंचायत में इतनी तापी गर्मी में ग्रामीणों को पानी नही मिलने से काफी परेशानियों का शामना करना पड़ रहा है। सरकार का योजना जल जीवन मिशन के तहत हर घर जल नल से पानी मिलना था। लेकिन ज़मीनी अस्तर कुछ और ही बयान कर रही है। वही चुरचू प्रखंड के चुरचू पंचायत के बाली, डूमर, जोरदग में ग्रामीण इतनी तापी गर्मी में पानी के लिए दर दर भटकने के लिए विस्वाश है। पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल हजारीबाग द्वारा बन रहे हैं मिनी जल पूर्ति योजना के स्क्रूस तहत 4000 लीटर टंकी बाली , जोरदाग, डूमर , चुरचू में बनाया गया ताकि एक 4000 लीटर टंकी के पानी से 20 घरों को कनेक्शन देकर पेयजल की आपूर्ति की असानी से की जाती । टंकी बन कर तैयार हो गया है लेकिन अभी भी ग्रामीणों को स्वच्छ पेयजल नही मिल पा रहा है। आखिर क्या कारण है कि ये स्क्रूस योजना से बने जलमीनार को ईतनी तापी गर्मी में चालू क्यों नही किया गया। जब यह स्क्रूस योजना के तहत पानी गांवो में टंकी बनाई जा रही थी तो ग्रामीणों में बहुत ही खुशी की लहर थी कि हम लोगों को तपती गर्मी में हम लोगों को स्वच्छ और शुद्ध पेयजल मिल पाएगा, लेकिन हालात कुछ और ही बयां कर रही है इतनी तपती गर्मी में भी ग्रामीणों को पानी नहीं मिल पा रही है जिससे ग्रामीण काफी आक्रोश है ग्रामीणों का कहना है कि पानी टंकी बनकर तैयार हो गया है लेकिन हम लोग को पानी क्यों नहीं मिल रही है आखिर किस कारण से इतनी तपती गर्मी में पानी हम लोगों को नहीं मिल रहा है। इतने योजना होते हुए भी ग्रामीणों को इतनी तपती गर्मी में पेयजल के लिए दर-दर भटकने को मजबूर हैं।



## यास्मीन निशा ने बड़कागांव की जनसमस्या से श्रम मंत्री सत्यानंद भोगता को अवगत करवाया

**बड़कागांव (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** हजारीबाग समाहरणालय भवन में योजना समिति की बैठक आयोजित की गई। योजना समिति की बैठक में बड़कागांव पश्चिमी जिला परिषद सदस्य यास्मीन निशा ने श्रम मंत्री सत्यानंद, उपायुक्त नैंसी सहाय और डीडीसी को बड़कागांव के जन समस्याओं से अवगत करवाया। बड़कागांव मुख्य चौक में बड़े वाहनों के आवागमन से होने वाले जाम, काली मंदिर, डेली मार्केट और साक्षी नर्सिंग होम के सामने जमा नाली के पानी की समस्या, बंद पड़े जलमिनार, सोलर लाइट, जगह जगह खराब सड़क और बेरोजगारी की समस्या से अवगत करवाया। विस्थापन और गैरमजरूआ जमीन की समस्या से अवगत करवाई ताकि लोगों की समस्या का निराकरण जल्द से जल्द हो सके।



प्रभात मंत्र प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक रेशमा खान द्वारा खबर-एक्सप्रेस प्रा0 लि0 3 व 4, ओपोजिट मॉरिश फूड कोकर इन्डसट्रियल एरिया, कोकर, रांची से मुद्रित कर कार्यालय प्रभात मंत्र राईन मार्केट पहला तल्ला, उर्दू लाइब्रेरी, मेन रोड रांची से प्रकाशित, संपादकीय कार्यालय-2बी दूसरा तल्ला, अनवर अरकेड, विश्वकर्मा मंदिर लेन , मेन रोड, रांची। संपादक : रवींद्र कुमार उपाध्याय*। *पीआरबी एक्ट के तहत समाचारों के चयन के लिए उत्तरदायी। मो0 न0 7004121786, 06513571957

## ओरमांझी में कर्नाटक चुनाव परिणाम पर कांग्रेसियों ने जमकर की आतिशबाजी



**ओरमांझी (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** कर्नाटक चुनाव में पूर्ण बहुमत के बाद कांग्रेस पार्टी के कार्यकर्ता शास्त्री चौक ओरमांझी में जश्न मनाया। कांग्रेस के नेता और कार्यकर्ता एक दूसरे को मिठाई खिलाकर खुशियां बांटी जीत की खुशी में काग्रेस कार्यकर्ताओं ने ओरमांझी ब्लॉक चौक में में जमकर आतिशबाजी की। पूरा ब्लॉक चौक ढोल नगाड़ों की ताल पर कार्यकर्ताओं ने भी जमकर जश्न मनाया। वही विधायक सलाहकार सह कांग्रेस के के वरिष्ठ नेता रमेश उरांव कहा कि बड़बोलेपन भाजपा का आने वाले दिनों में और बुरा होने वाला है यह परिणाम आने वाले चुनाव के लिए सुखद संदेश है। वही शिक्षा विभाग के विधायक प्रतिनिधि तोहिद आलम ने कहा कि भाजपा कहर हथकंडा को हम लोगों ने हम लोगों ने तार-तार कर दिया है भाजपा के लोग जिस तरह से जाति धर्म के नाम पर लोगों को गुमराह करने की साजिश रची वो सारा कुछ धरा रह गया। मौके पर मुख्य रूप से प्रखंड अध्यक्ष तुलसी खरवार, खाद आपूर्ति विधायक प्रतिनिधि सफीउल्लाह अंसारी, युवा नेता अमाल खान, किशोर नायक, इनाम अंसारी, महमद हुसैन, प्रेम नाथ मुंडा, शिव नाथ मुंडा, सुरेंद्र उरांव आदि सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## मासूम अभीराज के परिजनों से विधायक अंबा प्रसाद ने की मुलाकात



**पतरातू (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** विगत दिनों पूर्व सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पतरातू में एक मासूम अभीराज कुमार की मौत हो गई थी। जिसके बाद आक्रोशित परिजनों ने चिकित्सकों और नर्स पर लापरवाही का आरोप लगाया था। वही शुक्रवार को देर शाम स्थानीय विधायक अंबा प्रसाद ने मृतक बच्चे के परिजनों से उनके घर पहुंच कर मुलाकात की ढ्ढ इस दौरान उन्होंने परिवार जनों को हर संभव मदद उपलब्ध कराने तथा दुख की घड़ी में संयम बरतने हेतु ढांढस बंधाया। मृतक के परिजनों ने बताया कि पुलिस प्रशासन द्वारा परिजनों के ऊपर ही मुकदमा दर्ज कर दिया गया है। जिससे पूरा परिवार दुख की इस घड़ी में मुकदमे के संकट से जूझ रहा है। परिजनों से मुलाकात के बाद विधायक अंबा प्रसाद परिजनों को लेकर डीएसपी वीरेंद्र चौधरी एवं पतरातू के थाना प्रभारी से मुलाकात की एवं पूरे वस्तुस्थिति से अवगत हुई ढ्ढ इस दौरान विधायक अंबा प्रसाद के साथ मृतक मासूम अभिराज कि माँ नमिता देवी और परिजन मौजूद थे। साथ ही साथ विधायक प्रतिनिधि कृष्णा सिंह अंजन प्रसाद पिंटू अग्रवाल संतोष साव सुभाष साव बबलू कुमार बैजनाथ साव आदि उपस्थित थे।

## तमाड़ में जेएसएलपीएस के तत्वाधान में संगठन से समृद्धि कार्यक्रम संपन्न



**तमाड़ (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** रांची जिला अंतर्गत तमाड़ प्रखंड क्षेत्र में जेएसपीएल के तत्वाधान में आजादी के अमृत महोत्सव की उपलक्ष्य में संगठन से समृद्धि कार्यक्रम प्रखंड क्षेत्र के माल्हान भूयांडीह , जनुमपीड़ी,उलीलोहर,अमलेशा पंचायत के सभी 8 महिला आजिविका महिला ग्राम संगठन का वार्षिक आम सभा आयोजित की गई। इस कार्यक्रम में मल्हन भून्याडीह के मुखिया नुनिबला देवी,वार्ड मेंबर तथा सैकड़ों सखी की दीदी उपस्थिति हुई। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य सभी छूटे हुए परिवार को सखी मंडल में जोड़ना तथा सरकार के द्वारा चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं का लाभ पहुंचाना।आज के इस कार्यक्रम में प्रखंड कार्यक्रम प्रबंधक रामकृष्ण महतो,एफटीसी शशि भूषण महतो, कलस्टर कोऑर्डिनेटर मनोज कुमार महतो,अकाउंटेंट सुनीता देवी,बीआरपी दिलीप कुमार महतो चंदना देवी निर्मला देवी मंगला कुमारी पंचमी देवी शालू कुमारी एवं सभी ग्राम संगठन के सैकड़ों दीदी उपस्थित हुए।

## बरही पुलिस ने चोरी के आरोप में युवक को किया गिरफ्तार, भेजा जेल

**बरही :** भारी पुलिस ने चोरी के आरोप में शादी मोहल्ला कुंडा निवासी मोहम्मद इरफान पिता अब्दुल रजाक को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। बरही कांड संख्या 144/23दिनाक 05/04/2023 धारा 457/380 भादवि दिनाक 05.04.2023 को वादी राजेश रजक पिता भुनेश्वर रजक, कोनरा गिलान टोला, थाना, बरही, जिला हजारीबाग, कंप्यूटर टंकीत आवेदन के आधार पर अज्ञात चोर के विरुद्ध वादी के घर में घुसकर रू 15,000 नगद सोना के मंगलसूत्र 16 भर चांदी का पायल, एवं विवो कंपनी का मोबाइल चोरी कर लेने के आरोप में उक्त कांड अंकित किया गया है ।

## उप विकास आयुक्त की अध्यक्षता में हुई जिला आधार निगरानी समिति की बैठक



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ़ :** शनिवार को उप विकास आयुक्त रामगढ़ नागेंद्र कुमार सिन्हा की अध्यक्षता में उनके कार्यालय कक्ष में जिला आधार निगरानी समिति की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक के दौरान सर्वप्रथम डीपीओ यूआईडी श्रीमती आरती पंकज के द्वारा जिले में चल रहे आधार पंजीकरण एवं अद्यतन केंद्रों के विषय मे विस्तार से जानकारी दी गई। साथ ही पिछले 30 दिनों में हुए आधार पंजीकरण एवं अधतन की भी जानकारी उपस्थित सभी को दी गई। बैठक के दौरान श्री सिंहा ने डीपीओ यूआईडी श्रीमती आरती पंकज को सभी प्रखंड विकास पदाधिकारियों से समन्वय स्थापित कर नए आधार सेवा केंद्र हेतु स्थान चिन्हित करने का निर्देश दिया। साथ ही उन्होंने लंबित आधार पंजीकरण के कार्यो को यथाशीघ्र पुर्ण करने का भी निर्देश दिया। बैठक के दौरान श्री सिंहा ने 0-5 वर्ष के बच्चों का आधार पंजीकरण हेतु योजनाबद्ध तरीके से सभी महिला पर्यवेक्षिकाओ को प्रशिक्षित करते हुए सभी 0-5 वर्ष के बच्चों का आधार पंजीकरण का कार्य शतप्रतिशत करने का निर्देश दिया। साथ ही उन्होंने आधार पंजीकरण एवं अधतन की प्रक्रिया में तेजी लाने हेतु व्यापक प्रचार-प्रसार करने का निर्देश दिया। वहीं उन्होंने आधार पंजीकरण के दौरान आ रहे दुविधा को दूर करने हेतु संबंधित अधिकारियों को दुविधा दूर करने का सख्त निर्देश दिया। बैठक के दौरान सिविल सर्जन, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी, कार्यपालक दंडाधिकारी सह प्रभारी स्थापना उप समाहर्ता, जिला अग्रणी बैंक प्रबंधक, इंडिया पोस्ट पेमेंट बैंक मैनेजर, सहायक डाक अधीक्षक, प्रोजेक्ट मैनेजर यूआईडीएआई, एसएमपीओ रामगढ़, सीएससी मैनेजर सहित अन्य उपस्थित थे।

## अरुण सांगा की अध्यक्षता में कांग्रेस की जीत पर मनाया गया जश्न



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**खूंटी :** जिला युवा कांग्रेस की टीम जिला कार्यकारी अध्यक्ष अरुण संगा के नेतृत्व में कर्नाटक की ऐतिहासिक जीत हर्षोल्लास से मनाते हुए लोगों के बीच मिठाई बांटते हुए और पटाखे छोड़ते हुए हर्षोल्लास से मनाया मौके में अरुण संगा ने कहा की कर्नाटक में कांग्रेस की ऐतिहासिक जीत है जिसने भाजपा की नीव हिला के रख दिया है। मौके में प्रदेश सचिव वेद प्रकाश मिश्रा, युवा कांग्रेस जिला अध्यक्ष कुणाल , 20 सूत्री सदस्य मोहम्मद सोहेल, खूंटी प्रखंड अध्यक्ष अनमोल, वहा मुंडा, पूर्व प्रदेश प्रोत्साहित, कैफी, राजू, जिला महासचिव शकील, खूंटी जिला उपाध्यक्ष सिब्लू खान, आफताब आलम आदि दर्जनों युवा कार्यकर्ता उपस्थित थे ।

## सीबीएसई की दसवीं बोर्ड परीक्षा में 96.2% अंक लाकर स्कूल का टॉपर बना पियूष कुमार गुप्ता




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**खलारी :** सीबीएसई बोर्ड परीक्षा मे झारखंड पब्लिक स्कूल मोहन नगर डकरा के विद्यार्थियों का शानदार प्रदर्शन रहा. इस वर्ष सीबीएसई बोर्ड परीक्षा मे झारखंड पब्लिक स्कूल के पियूष कुमार गुप्ता ने कूल 96.2% अंक लाकर स्कूल टॉपर बने, आदित्य कुमार ने 93.4% अंक लाकर दूसरे स्थान, रोहित उरांव ने 88.8% अंक लाकर तिसरे स्थान, सुहाना कुमारी ने कूल 86.6% अंक लाकर चौथे स्थान एवं ईभा कुमारी ने कूल 86.4% अंक लाकर पांचवा स्थान पर रही. इस वर्ष स्कूल का रिजल्ट शत प्रतिशत रहा. स्कूल के प्रधानाध्यापक अभिषेक कुमार चौहान ने सभी उत्तीर्ण छात्र छात्राओ को बधाई एवं उज्वल भविष्य की शुभकामनाएँ दिए. शुभकामनाएँ देने वाले स्कूल के शिक्षक गण में :- राजेश कुमार, गणेश कुमार महतो, मनोज यादव, रमेश कुमार, महेंद्र चौहान , संदीप यादव, गौतम प्रताप , ज्योति चौहान, किरण देवी, गीता कुमारी, रीता कुमारी, किरण कुमारी, नाजिया प्रवीण, साजिया प्रवीण, फरीदा खातुन, संजना श्रीवास्तव, रेणू देवी सहित अन्य ने दिया.

## प्रबंधन के इस ढुलमुल रवैया से रैयत विस्थापितों में आक्रोश, अब होगी आरपार की लड़ाई : रैयत



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**खलारी :** रैयत विस्थापित मोर्चा एनके एरिया का बैठक डकरा में किया गया. बैठक की अध्यक्षता बिगन सिंह भोगता व संचालन प्रभाकर गंझु ने किया. बैठक में क्षेत्र के रैयत विस्थापितों की ज्वलंत समस्याओं पर चर्चा किया गया. एरिया अध्यक्ष बिगन भोगता ने कहा कि प्रबंधन हमेशा रैयत विस्थापितों की उपेक्षा करने का काम किया है. पूर्व में एन के प्रबंधन को 31 सूत्री मांग पत्र दिया गया था. उक्त मांग पर कोई सकारात्मक पहल नहीं किया गया है, इसलिए अब सभी रैयतों आर पार की लड़ाई लड़ने को तैयार है. बैठक में निर्णय लिया गया कि अब रैयत विस्थापित प्रबंधन के झांसे में आने वाले नही है. प्रबंधन को कई बार समय दिया गया लेकिन अभी तक प्रबंधन की ओर से कोई ठोस पहल नहीं दिख रहा है. प्रबंधन केवल कोरा आश्वासन देकर अपना काम निकालता रहा है. प्रबंधन ने 12 मई तक समय लिया था लेकिन आजतक कोई पहल नही दिख रहा है. प्रबंधन के इस ढुलमुल रवैया से रैयत विस्थापितों में काफी आक्रोश व्याप्त है. केंद्रीय सदस्य रंथू उरांव ने कहा कि प्रबंधन के विस्थापितों की समस्या के प्रति उदासीनता के इसी रवैये के कारण खदान विस्तारीकरण नही हो पा रहा है. बैठक में 15 मई की बंदी को स्थगित करते हुए 29 मई को सीसीएल एनके एरिया बंदी करने का निर्णय लिया गया. मुख्य रूप से केंद्रीय सदस्य रंथू उरांव,जालिम सिंह, नरेश गंझू,विनय खलखो, शिवनारायण लोहरा, धनराज भोगता,प्रकाश महतो, कुलदीप प्रसाद,दामोदर गंझू, आनंद मुंडा,श्याम उरांव, शिवनाथ भोगता, राजेंद्र उरांव,ताहिर अंसारी, सुनील यादव,रवि उरांव,आनंद गंझु,फूलो देवी,रुक्मनिया देवी,संजय गंझू,करण गंझू आदि उपस्थित थे.

## भारत जोड़ो अभियान के साथ है देश की जनता : सुबोधकांत सहाय

**रांची(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** कर्नाटक विधानसभा के चुनाव में कांग्रेस पार्टी की भारी जीत पर पूर्व केंद्रीय मंत्री सुबोधकांत सहाय ने प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि कर्नाटक की जनता ने सांप्रदायिक शक्तियों को नकार दिया है। चुनाव परिणाम से पूरे देश में कर्नाटक की जनता ने यह संदेश दिया है कि राहुल गांधी के भारत जोड़ो अभियान के साथ जनता कंधे से कंधा मिलाकर चल रही है। श्री सहाय ने कहा कि कर्नाटक चुनाव परिणाम से देश में एक नया संदेश संप्रेषित हुआ है कि धर्म की आड़ में राजनीति करने वालों की दाल नहीं गलने वाली।

## छावनी क्षेत्र के विभिन्न वार्डो का रामगढ़ की नामित सदस्य ने किया दौरा



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ़ :** छावनी क्षेत्र के विभिन्न वार्डो का रामगढ़ की नामित सदस्य कीर्ति गौरव ने दौरा कर रही है। दौरा का मुख्य उद्देश्य विकास कार्यों को गति देना है रामगढ़ छावनी विभिन्न तरीकों से विकास मुद्दों से पिछड़ता जा रहा है, यह देखते हुए नामित सदस्य कीर्ति गौरव ने रामगढ़ के जनता के बीच जा कर समस्याओं को सुनने एवं समाधान के लिए बोर्ड में बात रखने की भी बात कह रही है।छावनी परिषद सार्वजनिक शौचालय की समस्या से रामगढ़ की जनता को निदान दिलाने के लिए सुलभ मॉड्यूलर शौचालय का उपहार देने जा रही है, शौचालय का निर्माण कार्य जल्द ही प्रारंभ किया जाएगा। नामित सदस्य ने ये भी बताया कि छावनी के 8 वार्ड के लिए इस बार कुछ न कुछ बेहतर विकास के लिए एजेंडा देने का प्रयास कर रही है , मुख्य अधिशासी अधिकारी एम एस हरिविजय एवं अध्यक्ष संजय खंडपाल का साथ मिल रहा है, रामगढ़ की प्रगति में सभी लोग का साथ भी मिल रहा है।समस्याओं का समाधान तेजी से हो इस पर भी ध्यान दी जा रही है। भीषण गर्मी में जल की समस्या पर विशेष जोर दिया जा रहा है , छावनी के प्रत्येक कर्मचारी इसमें निष्ठा से लगे हुए है।

### कार्यालय, जिला परिषद्, लोहरदगा
Phone Number:- 06526-222064
email-id: lohardagazilaparisad@gmail.com

**सूचना**

दिनांक 21.03.2023 को संपन्न जिला परिषद् की बैठक में सर्वसम्मति से लिए गए निर्णय के आलोक में कार्यालय जिला परिषद्, लोहरदगा द्वारा श्रेणीवार संवेदको का निबंधन किया जाना है, विवरणी निम्नवत् है:-

| क0 | निबंधन हेतु संवेदक श्रेणी | निबंधन शुल्क |
|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 |
| 1 | श्रेणी - I | 200000/-( दो लाख ) रूपये |
| 2 | श्रेणी - II | 100000/-( एक लाख ) रूपये |
| 3 | श्रेणी - III | 25000/-( पच्चीस हजार ) रूपये |
| 4 | श्रेणी - IV | 10000/-( दस हजार ) रूपये |

उक्त निबंधन में संवेदक की निर्धारित वैद्यता अवधि 03 वर्षो के लिए होगा।

इच्छुक आवेदक संवेदक का निबंधन हेतु प्रपत्र "क" में दिनांक 15.05.2023 से दिनांक 14.07.2023 तक जिला परिषद् में आवेदन कर सकते हैं। आवेदन प्रपत्र "क" निर्धारित शुल्क 1000/-(एक हजार) रूपये जमा कर कार्यालय से प्राप्त कर सकते हैं।

**नोट** :- संवेदक का निबंधन से संबंधित विशेष जानकारी हेतु कार्यालय के सूचना पट्ट देखें अथवा कार्यालय से संपर्क कर सकते है।

उप विकास आयुक्त-सह-
मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी,
जिला परिषद्, लोहरदगा।

PR 297346Lohardaga(23-24)#D

### कार्यालय जिला परिषद,खूँटी

**अति अल्पकालीन निविदा**

का0 आ0 सं0- 03/जि०प० दिनांक:-12.05.2023

विभिन्न भवनों, परिसम्पतियों का निर्माण, मरम्मति एवं नवीनीकरण मद से **खूँटी जिलान्तर्गत अड़की प्रखण्ड में RECREATION PARK का निर्माण** किया जाना है। उक्त के आलोक में विभिन्न शर्तो के साथ मुहरबंद अति अल्पकालीन निविदा आमंत्रित की जाती है। इच्छुक कम्पनी/फार्म **दिनांक 22.05.2023 के अपराह्न 03:00 बजे तक** निम्नांकित शर्तो के अनुरूप द्विलिफाफा प्रणाली (Double Envelope System) के अनुसार मुहरबंद निविदा जिला परिषद कार्यालय, खूँटी में जमा कर सकते है। निर्धारित तिथि एवं समय के बाद निविदा स्वीकार नहीं की जायेगी। प्राप्त निविदाओं को **दिनांक 22.05.2023 के अपराह्न 04:00 बजे** उक्त योजनाओं के लिए गठित समिति के समक्ष खोला जायेगा।

निविदा की शर्त्ते, कार्य की विवरणी/उपकरणों एवं उसका Specification इत्यादि की विवरणी खूँटी जिला के वेबसाईट https://www.khunti.nic.in से डाऊनलोड किया जा सकता है अथवा जिला परिषद कार्यालय, खूँटी से प्राप्त किया जा सकता है।

ह/-
उप विकास आयुक्त -सह-
मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी,
जिला परिषद, खूँटी

PR 297331 District(23-24).D

### कार्यालयः राँची नगर निगम, राँची।
(प्रधानमंत्री आवास योजना कोषांग)
कचहरी रोड, राँची - 834001
ईमेल आई डी:- support@ranchimunicipal.com

पत्रांक:-287 दिनांक:- 13/05/2023

**सूचना**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) के तृतीय घटक "**Light House Project**" अन्तर्गत आनी मौजा, पंचमुखी मंदिर, धुर्वा में कुल-1008 आवासों को आवंटन किया गया है। योजना गाईडलाइन/आवंटन पत्र के अनुसार आवास निर्माण के विरूद्ध द्वितीय, तृतीय, चतुर्थ एवं पंचम किस्तों की राशि लोन के माध्यम से/RTGS/NEFT/डिमाण्ड ड्राफ के माध्यम जमा किया जाना है। वैसे लाभुक जो प्रथम किस्त की राशि दे चुके है, परन्तु जिनके द्वारा द्वितीय किश्त की राशि एवं भौतिक प्रगति के अनुरूप भुगतान नहीं किया गया है। इस संबंध में ब्लॉक A, B, C, D, E, F एवं G में आवंटित लाभुक निम्नलिखित तिथि को निगम कार्यालय के 8वीं तल्ला में पहुँचना सुनिश्चित करेंगे:-

| ब्लॉक सं० | तिथि | समय |
|---|---|---|
| B | 15.05.2023 | पूर्वाहन् 11:00 बजे |
| F | 16.05.2023 | पूर्वाहन् 11:00 बजे |
| G | 17.05.2023 | पूर्वाहन् 11:00 बजे |
| C | 18.05.2023 | पूर्वाहन् 11:00 बजे |
| D | 19.05.2023 | पूर्वाहन् 11:00 बजे |
| E | 20.05.2023 | पूर्वाहन् 11:00 बजे |

ह०/-
सहायक प्रशासक,
राँची नगर निगम, राँची।

PR 297363 Ranchi Municipal Corporation(23-24)D

### e- Procurement Cell
OFFICE OF THE SUPERINTENDING ENGINEER,
CIRCLE NO-2, RANCHI COMBINED OFFICE BUILDING,
BUILDING CONSTURCTION DEPARTMENT JHARKHAND, RANCHI

**Notice Inviting Tender**
**(Very Short Notice)**
ई - प्रोक्योरमेन्ट नोटिस

Tender Reference No.-**(07)BCD/CIR-2/RANCHI/GARHWA,DIV/2023-24**
**Date:-12-05-2023**

| क0 स0 | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि (रू0) | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|
| 1. | **Renovation Of Aadiwasi Girl's Hostel at Garhwa.** | रू0 **98,40,900.00** | **06 महीने** |
| i. | वेबसाईट पर निविदा प्रकाशन की तिथि | 18-05-2023 | |
| ii. | बिड प्राप्ति के लिए अन्तिम तिथि/समय | 24-05-2023 को अपराह्न **3.00** बजे | |
| iii. | हार्ड कॉपी जमा करने की तिथि/समय | 25-05-2023 को दोपहर **12.00** बजे तक | |
| iv. | निविदा खोलन की तिथि/ समय | 25.05.2023 को अपराह्न **3.00** बजे | |
| v. | निविदा प्रकाशित करने वाले कार्यालय का नाम एवं पता | ई-प्रोक्योरमेन्ट सेल अधीक्षण अभियंता का कार्यालयभवन अंचल सं0-2,रांची,कम्बाईन्ड ऑफिस बिल्डिंग, भवन निर्माण विभाग, लाईन टैंक रोड, रांची। | |
| vi. | प्रोक्योरमेंट पदाधिकारी का सम्पर्क संख्या | 9955921643/8987663716 | |
| vii. | ई-प्रोक्योरमेंट सेल का हेल्पलाईन संख्या | 0651-3512691 | |

• इस निविदा/कोटेशन से संबंधित किसी भी प्रकार की सूचना/बदलाव/संशोधन का अवलोकन http://jharkhandtenders.gov.in पर किया जा सकता है।

**Nodal Officer,**
**e- Procurement Cell OFFICE OF THE SUPERINTENDING ENGINEER, CIRCLE NO-2, RANCHI COMBINED OFFICE BUILDING, BUILDING CONSTURCTION DEPARTMENT**

PR 297293 Building Dept Circle - 2(23-24)D

### ऊर्जा विभाग, झारखण्ड सरकार
### विद्युत कार्यपालक अभियन्ता विद्युत कार्य प्रमण्डल, इंजीनियरिंग हॉस्टल नं0-2 धुर्वा, राँची

**अति अल्पकालीन ई-प्रोक्योरमेंट सूचना**

ई-निविदा प्रसंग सं0- Energy/EWD/Ranchi/07/2023-24 दिनांक- 13/05/2023

| 1. | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि (रूपये में) | परिमाण विपत्र का मूल्य | अग्रधन की राशि | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| I | बरही, हजारीबाग स्थित एस0डी0ओ0 कार्यालय के प्रथम तल्ल में विद्युत अधिष्ठापन के विशेष मरम्मति कार्य। | 11,96,694=00 | 2,500=00 | 24,000=00 | 28 दिन |
| II | व्यवहार न्यायालय, गुमला के ऑफिसर्स रेस्ट हाउस के आन्तरिकत विद्युतीकरण का कार्य एवं परिसर लाईट के अधिष्ठापन का कार्य। | 19,89,118=00 | 5,000=00 | 40,000=00 | 42 दिन |
| 2. | वेबसाईट पर निविदा प्रकाशन की तिथि | 22.05.2023 | | | |
| 3. | निविदा जमा करने की तिथि | 23.05.2023 के 10.30 बजे अपराह्न से 28.05.2023 के 2.00 बजे अपराह्न तक | | | |
| 4. | निविदा खोलने की तिथि | 29.05.2023 को 3.00 बजे अपराह्न में | | | |
| 5. | निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता | विद्युत कार्यपालक अभियन्ता, विद्युत कार्य प्रमण्डल, राँची। | | | |
| 6. | निविदा खोलने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता | विद्युत कार्यपालक अभियन्ता, विद्युत कार्य प्रमण्डल, राँची। | | | |
| 7. | ई प्रोक्युरमेन्ट प्रकोष्ट का फोन नं0 | 0651-2490069 | | | |

**नोट :- निविदा से संबंधित विस्तृत जानकारी हेतु वेबसाईट** http://jharkhandtenders.gov.in **मे देखा जा सकता है।**

विद्युत कार्यपालक अभियन्ता
विद्युत कार्य प्रमण्डल, राँची

PR 297330Energy(23-24)#D

### उपायुक्त-सह-जिला दण्डाधिकारी का कार्यालय, खूँटी

**Category-II के बालू घाटों का MDO चयन हेतु अति-अल्पकालीन वित्तीय- निविदा आमंत्रण सूचना।**

| क्र० | बालू घाट का नाम | प्रखण्ड | प्लॉट नं० | श्रकबा (हे०में) | Yearly Production on as per EC limit (CFT) | e- Tender Reference No. :- | वेबसाईट पर ई-निविदा प्रकाशन की तिथि | ई-निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि | ई- निविदा खोलने की तिथि | नियम एवं षर्त्ते | निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी के कार्यालय का नाम एवं पता |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | बारकुली | तोरपा | प्लॉट सं०- 1707 (अंश) | 6.95 | 29,45,688 | 09/KHN | 13.05.2023 | 19.05.2023 11:00 बजे तक | 20.05.2023 11:00 बजे | JSMDC के द्वारा तैयार Model Tender Document के अनुरूप | उपायुक्त-सह- जिला दण्डाधिकारी, खूँटी। |
| 2. | दियांकेल कसमार | तोरपा | प्लॉट सं०- 01 (अंश), 2216 (अंश) | 5.60 | 23,73,504 | 10/KHN | | | | | |
| 3. | मानहातु कसमार | तोरपा | प्लॉट सं०- 917, 2173 | 5.00 | 21,19,200 | 11/KHN | | | | | |
| 4. | मानहातु कसमार | तोरपा | प्लॉट सं०- 01 (अंश), 1415 (अंश) | 5.20 | 22,03,968 | 12/KHN | | | | | |
| 5. | सारगेया | अड़की | प्लॉट सं०- 01 (अंश) | 6.28 | 39,92,572 | 13/KHN | | | | | |
| 6. | सोदे | रनिया | प्लॉट सं०- 01 (अंश) | 7.10 | 37,61,580 | 14/KHN | | | | | |

नोट:- 1. JSMDC, Ranchi द्वारा Category- A के तहत चयनित Empanelled Agency के द्वारा www.jharkhandtenders.gov.in के वेबसाईट पर ही ई-निविदा स्वीकार किया जाएगा।
2. विभाग एवं JSMDC, Ranchi द्वारा निर्गत नियमावलीए शर्त्तो एवं अद्यतन परिपत्र निविदा में लागू रहेंगे।
3. शर्त्तो एवं विस्तृत जानकारियों के लिए ई-निविदा वेबसाईट पर देखा जा सकता है।

ह०/-
उपायुक्त, खूँटी

PR 297327Mines and Geology(23-24)#D

# नालसा के निर्देश पर नेशनल लोक अदालत का उद्घाटन

## 78 हजार 633 विवादों का हुआ निपटारा



प्रभात मंत्र संवाददाता

**धनबाद :** नालसा के निर्देश पर वर्ष 23 के दुसरे नेशनल लोक अदालत का उद्घाटन शनिवार को धनबाद के प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह डालसा के चेयरमैन राम शर्मा ने किया। इस मौके पर उन्होंने कहा कि हमारा संविधान हर लोगों को सामाजिक, आर्थिक एवं सस्ता सुलभ न्याय की गारंटी देता है। नेशनल लोक अदालत संविधान के परिकल्पना को पूरी करने के दिशा में एक कदम है। प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश ने कहा की लोक अदालत में महीनों कोर्ट का चक्कर लगाने और पैसे की बर्बादी से बचा जा सकता है। इससे लोगों को मानसिक शांति भी मिलती है। इसके साथ ही प्रेम और सौहार्द आपस में फिर से बन जाता है। लोगों मे प्रेम, शांति समृद्धि और समरसता बनी रहे यही इस लोक अदालत का मुख्य उद्देश्य है। उन्होंने कहा कि 23 नवम्बर 2013 से पूरे देश में नेशनल लोक अदालत का आयोजन हर तीन माह मे किया जा रहा है। जिला एवं सत्र न्यायाधीश राजकुमार मिश्रा ने कहा कि राष्ट्रीय लोक अदालत आम आदमी के हित के लिये लगाये जाते हैं। बिना प्रशासनिक सहयोग के हम समाज तक न्याय नहीं पहुंचा सकते। उन्होंने कहा की लोक अदालत के माध्यम से व्यापक पैमाने पर मुकदमों का निष्पादन किया जा रहा है। अबकी बार बिजली विभाग के 447 मुकदमों का निपटारा कर दिया गया। मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी संजय कुमार सिंह ने कहा कि लोक अदालत में विवादों का तत्काल निपटारा होता है। उन्होंने कहा कि लोक अदालत एक ऐसा मंच है जहां तत्काल प्रभाव में मामला सेटेल हो जाता है और विवाद आगे नहीं बढ़ पाता।

### 78 हजार 633 विवादों का निपटारा

मुकदमो के निपटारे के लिए प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश के आदेश पर 17 बेंच का गठन किया गया था है जिनके द्वारा विभिन्न तरह के सुलहनीय विवादों का निपटारा किया गया। इस बाबत जानकारी देते हुए अवर न्यायाधीश सह सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकार निताशा बारला ने बताया कि नेशनल लोक अदालत में 78 हजार 633 विवादों का निपटारा कर दिया गया तथा कुल 134 करोड़ 41 लाख 84 हजार 623 रूपए की रिकवरी की गई है। उन्होंने बताया कि नेशनल लोक अदालत में बैंक लोन रिकवरी के 299, अपराधिक मामले 471, बिजली विभाग के 447 लेबर एक्ट के 86, दांपत्य जीवन से संबंधित 94 वाद एन आई एक्ट के 282, मोटरयान दुर्घटना के 12 व अन्य विभिन्न तरह के 64 हजार 941 विवादों का निपटारा किया। उन्होंने सभी वादकारी, न्यायिक पदाधिकारियों विभाग के अधिकारियों एवं अधिवक्ताओं का सहयोग के लिए आभार प्रकट किया।

### मौजूद थे न्यायाधिश

न्यायिक पदाधिकारियों में प्रधान न्यायाधीश कुटुंब न्यायालय तौफीकुल हसन, अपर प्रधान न्यायाधीश फैमिली कोर्ट एस एन मिश्रा, जिला एवं सत्र न्यायाधीश सुजीत कुमार सिंह, राजकुमार मिश्रा, लेबर जज नीरज कुमार श्रीवास्तव, मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी संजय कुमार सिंह, अपर मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी कुलदीप मान, अवर न्यायाधीश, राजीव त्रिपाठी, प्रथम श्रेणी न्यायिक दंडाधिकारी प्रज्ञेश निगम, स्थाई लोक अदालत के चेयरमैन पियूष कुमार, शिवम चौरसिया, राकेश रोशन, अंकित कुमार सिंह न्यायिक दंडाधिकारी रेलवे, मनोज कुमार इंदवार न्यायिक दंडाधिकारी जेजेबी, पंचम कुमार सिन्हा, अमर प्रसाद नीलाम पत्र पदाधिकारी, शिप्रा डालसा के पैनल अधिवक्ता, डालसा सहायक, सौरव सरकार, अरुण कुमार, संजय सिन्हा, संतोष महतो, ओम प्रकाश पासवान, हेमराज चौहान, राजेश कुमार सिंह, पंकज कुमार वर्मा, अबुल कलाम, अजित दास, अरविंद प्रसाद सहित अन्य लोग उपस्थित थे। सचिव श्रीमती बारला ने नेशनल लोक अदालत में सफल आयोजन के लिए सभी वादकारी, सिविल कोर्ट कर्मचारी, धनबाद बार एसोसिएशन के अधिवक्ताओं और विभिन्न विभाग के अधिकारियों का आभार प्रकट किया।

## डीएवी स्कूल बनियाहीर में समर कैंप का आयोजन



**झरिया(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** डीएवी स्कूल बनियाहीर में समर कैंप का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की संयोजिका सोमा बनर्जी रही। समर कैंप की सफलता पर विद्यालय के प्राचार्य एस मोदक ने सभी शिक्षक शिक्षिकाओं को ढेर सारी शुभकामना दी। साथ ही बच्चों को इसी तरह हँसते खिलखिलाते रहने का संदेश दिया। इस आयोजन में वर्ग शिशु से लेकर वर्ग 4 के बच्चों ने भाग लिया। कार्यक्रम के अन्तर्गत बच्चों ने संगीत, नृत्य व चित्रकला प्रतियोगिताओं में भाग लिया। आयोजन के दौरान बच्चों का उत्साह दर्शनीय रहा। कार्यक्रम को सफल बनाने में अंकिता तिवारी, निर्मला डहांगा, रोजी परवीन, कुमकुम चक्रवर्ती, आंतोसी चक्रवर्ती, पिंकी बनर्जी, अंतरा भट्टाचार्य, सुमिता दत्ता, जसमीत ठाकुर आदि शिक्षिकाओं का विशेष योगदान रहा।

## माना पाठक ने दी मंदिर कमिटी को आर्थिक मदद

**टुंडी(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** जनहित मोर्चा के संस्थापक सह केन्द्रीय अध्यक्ष माना पाठक ने आज शुक्रवार को मंदिर निर्माण सहयोग समिति धधकीटांड को आर्थिक मदद किया। बताया जाता है कि टुंडी विधानसभा क्षेत्रों के भ्रमण के दौरान मंदिर कमिटी को आर्थिक मदद करने की बात कही गई थी उसी आश्वासन को पूरा करते हुए आज शुक्रवार को अपने निजी सचिव के द्वारा मंदिर कमिटी के कोषाध्यक्ष पार्वती चरण पाण्डेय को अपने निजी मद से ग्यारह हजार रुपए नकद राशि की मदद की गई एवं दूरभाष के माध्यम से मंदिर कमिटी को आगे भी मदद करने की बात दोहराई। आगे पाठक ने कहा कि टुंडी की जनता के हर दुःख सुख में हमेशा खड़े रहने की बात कही । मौके पर मुख्य रूप से मुरारी सिंह, पार्वती चरण पाण्डेय, राजीव रंजन पाण्डेय, रविंद्र पाण्डेय, विवेक पांडेय, बिरेंद्र पाण्डेय, चन्दन पाण्डेय,गोरव पाण्डेय, राजेश पाण्डेय समेत सभी मंदिर कमिटी के सहयोगी सदस्य उपस्थित थे।



## निकाली गई साइकिल रैली

**गिरिडीह(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** शनिवार को गिरिडीह स्कॉलर बी एड



कॉलेज के प्रशिक्षुओं के द्वारा पर्यावरण संरक्षण के उद्देश्य से साइकिल रैली के माध्यम से एक जागरूकता अभियान चलाया गया । निरंतर बढ़ते हुए प्रदूषण की समस्या से पर्यावरण को संरक्षण प्रदान करने के लिए मोटरसाइकिल एवं प्रदूषण उत्पन्न करने वाले वाहनों का उपयोग सीमित कर साइकिल के उपयोग को बढ़ावा देने का एक प्रयास। कार्यक्रम में मुख्य अतिथी अमरजीत सिंह सलूजा के साथ विकास खेतान, प्रमोद कुमार, राज कुमार राज तथा अन्य उपस्थित अथितियों ने हरी झंडी दिखाकर रैली का शुभारंभ किया। श्री अमरजीत सिंह सलूजा जी ने प्रशिक्षुओं के साथ साइकिल चलाते हुए समाज के युवाओं को उत्साहित करते हुए उन्हें भी ऐसे साधनों से जुड़ने का संदेश दिया।

## अध्यात्मिक गुरु श्री श्री रविशंकर जी की जयंती पर शरबत वितरण

**धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** शनिवार को अध्यात्मिक गुरु श्री श्री



रविशंकर महराज के 67वीं जयंती पर आर्ट आफ लिविंग धनबाद संस्था की ओर से जिले के चौक चौराहों पर निःशुल्क शरबत का वितरण किया गया। साथ ही अस्सी छात्रों के बीच पुस्तक का वितरण भी किया गया। धनबाद के रणधीर वर्मा चौक पर आयोजित सेवा कार्यक्रम के तहत राहगीरों को शरबत पिलाया गया। उपस्थित आर्ट आफ लिविंग धनबाद के मयंक सिंह ने बताया की श्री श्री रवि शंकर महराज के जन्म दिन पर सेवा भावना को लेकर यह कार्यक्रम चलाया जा रहा है जिसमें बैंक मोड़, झरिया, रणधीर वर्मा चौक पर आर्ट आफ लिविंग से जुड़े सदस्य सेवा दे रहें हैं।

## अरारी मुखिया प्रतिनिधि रामलखन वर्मा के नेतृत्व में चलाया गया सफाई अभियान

**बिरनी(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** शनिवार को प्रखंड क्षेत्र के चोंगाखार पंचायत के ग्राम चरगो में स्थानीय मुखिया प्रतिनिधि रामलखन वर्मा के नेतृत्व में स्वच्छता पखवाड़ा के अंतर्गत साफ सफाई एवं जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुखिया प्रतिनिधि वर्मा ने कहा की सभी लोगों को साफ सफाई पर विशेष ध्यान देना , जिनके घर में शौचालय नहीं बना है वे शौचालय बनाने के लिए आवेदन करें, सभी से कहा गया कि आप अपने घर के पास सोख्ता गड्ढा बनावे जिससे आपका पानी गली में भी नहीं जाएगा ।

## प्रेमी ने प्रेमिका व उसके पति पर चलायी गोली दो हिरासत में, एक पिस्टल बरामद



प्रभात मंत्र संवाददाता

**बिरनी/गिरिडीह :** बिरनी थाना इलाके के तेतरिया सलैयडीह गांव में शुक्रवार देर रात एक सनकी प्रेमी ने अपने शादीशुदा प्रेमिका रोजी प्रवीण और उसके पति रब्बानी अंसारी पर जानलेवा हमला कर दिया बता दें कि प्यार में पागल सनकी प्रेमी सद्दाम अंसारी एवम निजाम अंसारी ने बेड पर सोये पति पत्नी पर तीन राउंड गोली फायरिंग कर दिया शुक्र है की तीन में से एक भी गोली किसी को नहीं लगी । वहीं ग्रामीणों के अनुसार प्रेमिका और उसके पति पर फायरिंग करने में दो युवक के शामिल होने की बात सामने आई है। सुबह होते हीं गोलीकांड की घटना आग की तरह फेल गई। जानकारी मिलते ही एसडीपीओ नौशाद आलम और थाना प्रभारी मृत्युंजय सिंह सदलबल के साथ घटनास्थल पर पहुंचकर जांच में जुट गए हैं पुलिस सूत्रों की माने तो मामले में दो युवक को पुलिस ने हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है। मौके पर से एक पिस्टल के साथ एक खोखा बरामद होने की बात कहीं जा रही है इस बीच एसडीपीओ नौशाद आलम ने इस घटना की पुष्टि करते हुए कहा कि मामला अभी तक के जांच में प्रेम प्रसंग के रूप में ही सामने आया है लिहाजा पुलिस इसकी जांच कर रही है। देर रात दोनों युवकों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है तथा पूछताछ कर रही है। प्रेमिका और प्रेमी के घर की दूरी 2 किलोमीटर है । प्रेमिका 3 बच्चे की माँ तथा प्रेमी 3 बच्चे का पिता है । प्रेमिका का मायके रांची है । घटना के संबन्ध में पीड़ित परिवार ने थाना में लिखित आवेदन देकर कडी कार्रवाई की मांग की है ।

## कोयलांचल स्कूल ऑफ लर्निंग के छात्रों का शानदार प्रदर्शन, संजीव खेतान बने टॉपर



प्रभात मंत्र संवाददाता

**धनबाद :** सीबीएसई 10वीं बोर्ड के रिजल्ट में कोयलांचल स्कूल ऑफ लर्निंग मटकुरिया धनबाद के सभी छात्रों का शत प्रतिशत परिणाम आया है जिसमें संजीव खेतान 91.2 प्रतिशत, पूरब कृष्णा खत्री 87 प्रतिशत, मोहम्मद साजिद अंसारी 83 प्रतिशत , गुड्डू कुमार गुप्ता 77 प्रतिशत अंक लाकर स्कूल सहित अपने माता-पिता का मान सम्मान बढ़ाया है। कोयलांचल स्कूल के प्राचार्य ज्योति दीक्षित ने इन सभी छात्रों को विद्यालय परिवार की तरफ से शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर विद्यालय के डायरेक्टर राहुल कश्यप ने छात्रों को बधाई देते हुए कहा कि छात्रों ने विद्यालय के साथ-साथ अपने क्षेत्र का भी नाम रौशन किया है। मैं सभी के उज्जवल भविष्य की कामना करता हुं।

## कोलियरी के आसपास गांवों में जलापूर्ति सुनिश्चित करे सीसीएल : माले



प्रभात मंत्र संवाददाता

**गिरिडीह :** भाकपा माले ने गिरिडीह कोलियरी के आस-पास बसे गांवों में व्याप्त गंभीर जल संकट पर मोर्चा खोलते हुए सीसीएल से पानी की मुकम्मल व्यवस्था कराने की मांग की है। इसे लेकर महेशलुंडी पंचायत के महुआटांड़ गांव में माले नेताओं ने स्थानीय लोगों से मुलाकात कर उनकी पानी से जुड़ी समस्याओं का जायजा लिया। यहां ग्रामीणों ने बताया कि, बगल में सीसीएल के खदान (ओपन कास्ट) के कारण जल स्रोत काफी नीचे चला गया है, लोग पानी के लिए त्राहिमाम कर रहे हैं। सीसीएल के द्वारा यहां चानक से पानी की सप्लाई होती थी, लेकिन वह भी बंद है। मोटर तक खोल कर ले जाया गया है। कहा कि, एक तरफ़ उन्हें पानी नहीं मिल रहा, लेकिन सीसीएल के कुछ कर्मी पानी को 200 प्रति टैंकर किसी को भी बेच दे रहे हैं।

महुआटांड़ में लोगों की बातों को सुनने के बाद माले नेता राजेश यादव ने कहा कि, सीसीएल की खदान से यहां का जल स्रोत काफी नीचे चला गया है, लोग पानी को लेकर काफी संकट झेल रहे हैं, सीसीएल का अधिकार सिर्फ कोयला निकालना नहीं, बल्कि खदान से उत्पन्न समस्याओं का समाधान करना भी कंपनी का ही दायित्व है। लोगों को पानी नहीं देकर उसे टैंकरों के माध्यम से बेच देना बड़ी गंभीर बात है। सीसीएल के अधिकारी इसका संज्ञान लेकर पानी की समस्या को दूर करें, अन्यथा एक सप्ताह बाद सीसीएल गिरिडीह एरिया के जीएम के समक्ष बड़ा आंदोलन किया जाएगा। उन्होंने लोगों से 'सीसीएल पानी दो' आंदोलन की तैयारी शुरू करने का आह्वान किया। मौके पर मौजूद माले नेता राजेश सिन्हा ने भी पानी के सवाल पर सीसीएल पर निशाना साधते हुए इस समस्या को तत्काल हल करने की मांग की, अन्यथा सप्ताह बाद आंदोलन शुरु करने की बात कही। इस दौरान मुख्य रूप से कन्हैया सिंह, जगदीश दास, मनोज रजक, सहदेव दास, पोखन दास, राहुल रजक, दशरथ दास, गोला पासवान, राजकुमार रजक, मनोज दास, माथुर कोल, कुंजल दास समेत कई महिलाएं मौजूद थीं।

## ग्रामीणों के शिकायत पर जांच करने पहुंचे खाद्य आपूर्ति अधिकारी

प्रभात मंत्र संवाददाता

**जमुआ :** प्रखंड के चिलगा पंचायत अंतर्गत चिरूडिह के ग्रामीणों के शिकायत पर प्रखंड खाद्य आपूर्ति जमुआ अधिकारी ने चिरूडिह पहुच कर जांच की। ग्रामीणों का आरोप था कि यहा के चंडी माता स्वयं सामुह के डीलर द्वारा हमेशा राशन की कालाबाजारी की जाती रही है कई बार ग्रामीणों ने इसका वीडियो भी सबूत के तौर पर बनाया लेकिन अभी तक किसी तरह की कारवाई नहीं हुई।

कुछ दिन पुर्व ही डीलर द्वारा बाईक से कालाबाजारी करते हुए रंगे हाथ पकड़ कर स्थानीय चौकीदार को सूचना दी थी लेकिन वो पहुचे नहीं। वही डीलर ने ग्रामीणों को डरा धमका कर वापस भेज दिया था। इन्हीं सब शिकायत के बाद शनिवार को खाद्य आपूर्ति विभाग ने पंचायत के मुखिया, उप मुखिया और पंचायत समिति सदस्य सहित ग्रामीणों की उपस्थिति मे जांच की।

खाद्य आपूर्ति पदाधिकारी ने कहा कि जांच के क्रम मे गबन की जा रही राशन तो नहीं मिला लेकिन ग्रामीणों के आक्रोश और शिकायत के आधार पर सबंधित डीलर पर कारवाई के लिए ऊपर तलब किया गया है।

वही मुखिया ने कही कि ग्रामीणों के राशन की कालाबाजारी बर्दाश्त नहीं की जाएगी। मौके पर सैकड़ों ग्रामीणों की उपस्थिति थी।

## कर्नाटक में कांग्रेस की जीत पर देशवासियों को दिया बधाई



प्रभात मंत्र संवाददाता

**बाघमारा :** कर्नाटक की जीत पर धनबाद जिला पुराना कांग्रेस कार्यालय में धनबाद जिला कांग्रेस कमेटी के प्रवक्ता सतपाल सिंह बरोका ने देशवासियों एवं कर्नाटक के जनता को बधाई देते हुए आभार व्यक्त किया और कहां कर्नाटका के लोगों का जनादेश कांग्रेस की नीतियों की ओर नफरत कि राजनीति छोड़ विकास के नाम पर वोट किया है संप्रदायिक ध्रुवीकरण की नापाक इरादे लेकर हर संभव प्रयास किए गए जिसे जनता ने नकार दिया 40त्न करप्शन कि भाजपा सरकार को नकारते हुए कर्नाटक के हित की सरकार को चुना है बढ़ती महंगाई, बढ़ती बेरोजगारी, के खिलाफ वोट किया है सब के खाते में 15लाख रुपए प्रत्येक वर्ष 2 करोड नौकरी 2022 तक सबको मकान आदि जुमलेबाजी मायावी झांसे में नहीं पड़ी ,जिस प्रकार से राहुल गांधी सच की आवाज बन कर संसद में बोल रहे थे उन्हें बोलने नहीं दिया जा रहा था और एक साजिश के तहत मुकदमा कर संसद से डिसक्वालीफाई कर दिया।

## ब्रजेंद्र सिंह ने किया पलटवार, विधायक को दिया करारा जवाब



प्रभात मंत्र संवाददाता

**धनबाद :** प्रदेश झारखंड प्रदेश कांग्रेस के अनुशासन समिति के अध्यक्ष और पॉलीटिकल अफेयर्स कमिटी के सदस्य धनबाद 20 सूत्री के उपाध्यक्ष ब्रजेंद्र प्रसाद सिंह ने आज एक प्रेस विज्ञप्ति जारी कर धनबाद के माननीय विधायक के द्वारा दिये गए बयान पर अपनी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा है कि मैंने 45 साल की राजनीति में कोई ओछी राजनीति नहीं की है और किसी भी विपक्षी दलों के नेताओं को मैं नाम लेकर कभी भी क्रिटिसाइज नहीं करता। मैं पार्टी की नीतियों को पार्टी के द्वारा किया हुआ कार्यो को जो जनता को दिखाई नहीं देता केवल उस पार्टी के नेताओं को ही दिखाई देता है उसको जरूर उठाता हूं। क्या पानी बिजली की समस्या उठाना कोई गलत बात है? धनबाद में विपक्षी दल ज्वलंत समस्याओं को भी उठाने में नाकाम रही है। हम लोग सरकार में रहते हुए जनता की जो जरूरत की चीजें हैं जो पूरी नहीं हो रही हैं उसे निर्भीक होकर हम लोग उठाते रहते हैं। इसमें किसी को मिर्ची नहीं लगनी चाहिए। यह बात ठीक है कभी-कभी विपक्षी पार्टियां भी जनहित में जब कोई आवाज नहीं उठाते है तो लोकतंत्र के हक में हम लोग उससे ऊपर उठ कर जरूर बोलते हैं। किस कार्य को अविलंब होना चाहिए उस बात को 20 सूत्री हो या पार्टी के फोरम से हम लोग जरूर उठाते हैं। मैं किसी का नाम नहीं लिया था और मैं सभी नेताओं का इज्जत व सम्मान करता हूं। लेकिन मुझे कहना है की जनता के हक में जनता की समस्याओं को उठाइए और विपक्षी पार्टियों को केवल उद्घाटन करने से जनता के काम संभव नहीं हो पाएगा। अभी सरकार के द्वारा जो काम किया गया है वह पूजा टॉकीज से बैंक मोड़ तक फ्लाईओवर का बनना तय हो गया है तथा धनबाद में जो बरसों से जाम की समस्या चली आ रही है उसे गया पुल के नीचे एक और अंडरपास बनाकर समाप्त कर दिया जाएगा। भाजपा की सरकार यहां लगभग 19 साल रही है।

## नरेगा के योजनाओं में जेसीबी से किया जा रहा है कार्य



प्रभात मंत्र संवाददाता

**गिरीडीह :** तिसरी प्रखंड के बेलवाना पंचायत के अंजनवा गांव में लूट लूट लूट दूसरे भाषा में कहा जाए तो मिट्टी उठाव के लिए खुलेआम जेसीबी के द्वारा नरेगा में काम किया जा रहा है। ऐसे ही मामला बेलवाना पंचायत के अनजनवा गांव में बिना चौका काटे नरेगा रोड में कार्य पूर्ण कर दिया है । वहां साफ दिख रहा है रोड में जो मिट्टी दिया गया वे दूसरे जगह से जेसीबी के द्वारा काट कर बन रहे 264489 रुपए योजना में पत्थर से लेस मुराम मिट्टी को डाला है ।

यहां पे साफ दिखाई दे रहा है संवेदक के साथ उस पंचायत के मुखिया, रोजगार सेवक, और जेई का मिलीभगत से काम किया गया है क्यो की पैसा निकासी के लिए ऐसे अधिकारी द्वारा डिमांड किया जाता है । और सबसे बड़ी बात यह है कि इस योजना में किसी तरह का कोई सुचना बोर्ड नही लगाया गया है इधर सरकार द्वारा गांव का विकास कैसे किया जाए और मजदूर को रोजगार देने को लेकर अलग अलग तरह के स्कीम निकाला जा रहा है जिसमे गरीब मजदूर अपना दो जून की रोटी का जुगाड़ कर सके,लेकिन मजदुर से काम नहीं करवा कर जेसीबी मशीन का प्रयोग किया जाता है और उस पंचायत के मुखिया व रोजगार सेवक मौन रहते हैं और इधर इस मामला को लेकर तमाना प्रवीन से दूरभाष से बात किया गया तो बताया गया नरेगा के तहत रोड में काम करने से पहले रोड के किनारे चौका कटा कर मिट्टी दिया जाता है।

अगर जेसीबी के द्वारा अन्य दूसरे जगह से काम किया है तो मुखिया रोजगार सेवक ,पंचायत सेवक। के उपर कठोर से कठोर कानून कार्यवाही होनी चाहिए। मिली जानकारी के अनुसार यह योजना अंजनवा में मैन रोड से मुंशी बास्के घर होते हुए बिरेंद्र साव के घर तक मिट्टी मोरम पथ निर्माण में 264489 रुपए का है जिसमे लगभग डेढ़ लाख का निकासी हो चुका है।

## कर्नाटक की जीत पर धनबाद जिला कांग्रेस कमिटी ने मनाया जश्न



प्रभात मंत्र संवाददाता

**धनबाद :** धनबाद जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष संतोष कुमार सिंह के नेतृत्व में लुबी सर्कुलर रोड स्थित पुराना कांग्रेस कार्यालय के सामने कर्नाटक में कांग्रेस पार्टी की ऐतिहासिक जीत पर कांग्रेस जनों ने मिठाई बांटकर एवं पटाखा फोड़ कर जश्न मनाया। मौके पर जिलाध्यक्ष संतोष कुमार सिंह ने कहा कि कर्नाटक प्रदेश की जनता ने कांग्रेस पार्टी को ऐतिहासिक जीत दिलाकर 2024 के पहले भाजपा सरकार को आईना दिखाने का काम किया है,यह जीत निश्चित रूप से ऐतिहासिक है और लोग केंद्र सरकार के झूठ फरेब और और उनके गलत नीतियों से त्रस्त हैं, भाजपा ने देश व्याप्त, महंगाई, बेरोजगारी एवं आर्थिक संकटों से जूझ रही लोगों को भाजपा सरकार ने कमर को तोड़ने का काम किया है,राहुल गांधी जी के नेतृत्व में कन्याकुमारी से कश्मीर तक लगभग 4,000 किलोमीटर की भारत जोड़ो यात्रा की गई और इस यात्रा पर लोगों ने विश्वास जगा हैं और इस यात्रा से कोने-कोने से लाखों लोग जुड़े,कांग्रेस पार्टी हमेशा जनता की समस्याओं पर हमेशा तत्पर रही है और आगे भी रहेगी आगे उन्होंने कहा कि केंद्र की मोदी सरकार सभी मोर्चे पर विफल रही है लोग इनके चाल चेहरा और चरित्र को समझ चुकी है कांग्रेस पार्टी के प्रति लोगों का विश्वास जगा है, मुद्दा को भटकाने में माहिर भाजपा सरकार को आगे भी जनता मुंह तोड़ जवाब देने का काम करेगी,आगे उन्होंने कहा कि विभिन्न राज्यों में होने वाले विधानसभा चुनाव एवं 2024 के लोकसभा चुनाव में कांग्रेस पार्टी पूरे देश में जीत का परचम लहऐगी।

# अविराम कॉलेज में दो दिवसीय अंतरराष्ट्रीय सेमिनार का हुआ आयोजन

➲शिक्षा केवल एक व्यक्ति नहीं पूरे समाज का विकास करती है : इंद्रजीत कुमार

➲भारतीय शिक्षा और ज्ञान के पीछे विदेशी नतमस्तक है : प्रो सेन पाठक



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** अविराम कॉलेज ऑफ एजुकेशन ऑफ एजुकेशन टिको कुरू लोहरदगा की आंतरिक गुणवत्ता सुनिश्चितता प्रकोष्ठ के द्वारा प्राचीन भारतीय शिक्षा व्यवस्था की सातत्त्यता के संदर्भ में नई शिक्षा नीति पर दो दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय सेमिनार का आयोजन हाइब्रिड मैथड द्वारा ग्लोबल संस्कृत फोरम के कोलेबोरेशन में आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन और माल्यार्पण कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया शॉल, पारंपरिक पत्ते की टोपी, झारखंडी गमझा, हस्तनिर्मित पेंटिंग आदि भेंट कर स्वागत किया गया। इंद्रजीत कुमार सेमिनार के मुख्य संरक्षक,ग्लोबल संस्कृत फोरम के सचिव डॉ राजेश कुमार मिश्र सेमिनार के समन्वयक, सेमिनार के संरक्षक प्रो विष्णु पद महापात्र अध्यक्ष ग्लीबल संस्कृत फोरम एवम लाल बहादुर राष्ट्रीय संस्कृत संस्थान नई दिल्ली, प्रो सेन पाठक अंतरराष्ट्रीय अध्यक्ष ग्लोबल संस्कृत फोरम एवम डिपार्टमेंट ऑफ जेनेटिक्स द यूनिवर्सिटी ऑफ टेक्सास एम डी एंडरसन कैंसर इंस्टीट्यूट से मुख्य संरक्षक की भूमिका में रहे। विशिष्ट अतिथि और वक्ता के रूप में प्रो कपिल मेहता इंटरनेशनल वाइस प्रेसिडेंट ग्लोबल संस्कृत फोरम एवम यूनिवर्सिटी ऑफ टेक्सास से, प्रो राम पी भट्ट यूनिवर्सिटी ऑफ हेमबर्ग जर्मनी से, प्रो पुष्पुता अवस्थी प्रेसिडेंट हिंदी यूनिवर्सिटी फाउंडेशन नीदरलैंड से, प्रो विवेक मणि त्रिपाठी क्वांगटोंग यूनिवर्सिटी चाइना से जुड़े और संबोधित किया। प्रो सेन पाठक ने कहा की भारतीय शिक्षा और ज्ञान के पीछे विदेशी नतमस्तक है परंतु हम स्वयं इसके महत्व को नही समझते अमेरिका में 50 वर्षो से कार्य करते रहने पर भी आज भी आत्मा अपने देश में बसती है और अपने देश आगमन के समय मैं अविराम में अवश्य आऊंगा। प्रो कपिल मेहता ने कहा की विश्व गुरु भारत को यो ही नही कहा जाता है हजारों वर्ष पहले नालंदा, वल्लभी, तक्चशिला में ज्ञान विज्ञान का प्रसार पूरे देश में किया जाता था और चारों पुरुषार्थ के द्वारा संतुलित जीवन का अभ्यास किया जाता था, सेमिनार का विषय बहुत उपयोगी और समीचीन है। प्रो पुष्पित अवस्थी ने कहा कि यह नई शिक्षा नीति की बजाय प्राचीन भारतीय शिक्षा नीति की पुनर्स्थापना है, जब तन मन धन से हम अपने देश के विकास के लिए समर्पित होंगे तभी यह शिक्षा नीति कारगर होगी। भारतीय धरती में कुछ अलग ही बात है हम किसी भी परिस्थिति में उत्कृष्ट देने की सामर्थ्य रखते है। प्रो राम पी भट्ट ने कहा की भारतीय शिक्षा से राजनीति को पृथक किया जाना चाहिए, आज भारतीय विश्व के हर देश में सर्वोच्च पद पर आसीन है प्राचीन शिक्षा व्यवस्था का पुनर्जागरण करने की नई शिक्षा नीति के प्रयासों का महत्व अधिक है। प्रो विवेक मणि त्रिपाठी ने कहा कि भारतीय ज्ञान विज्ञान चिकित्सा का चीन पर गहरा प्रभाव है हम लोग ही अपने ज्ञान विज्ञान को भूल बैठे है जिसे यह शिक्षा नीति जीवंत करेगी,छात्र अनुशासनहीनता शोध में गुणवत्ता का अभाव भारतीय शिक्षा के चिंताजनक पक्ष है। इंद्रजीत कुमार ने कहा कि शिक्षा केवल एक व्यक्ति नहीं पूरे समाज का विकास करती है और हजारों वर्ष पूर्व भारत अग्रणी था हमे अनुशासन के साथ कार्य करने की आवश्यकता है। डॉ प्रतिमा त्रिपाठी ने कहा कि हमको वर्षो से भारतीय ज्ञान से दूर रखकर ये बताया जाता रहा की जी है सब आयातित है हमारा अपनी की थाती नही है अतः शिक्षा में भारतीय संस्कृति, वेद, सूत्र साहित्य, पुराण, वेदांग, चिकित्सा, विमान, दर्शन आदि शास्त्रों को सम्मिलित किया जाना चाहिए इससे रोजगार और भारत को सुपर पावर शांति दूत बनाया जा सकता है नई शिक्षा नीति में प्राचीन भारतीय शिक्षा की पुनः स्थापना की प्रतिबद्धता सराहनीय और अनुकरणीय है। वक्ताओं में बिहार, ओडिसा, उत्तरप्रदेश, पश्चिम बंगाल आदि प्रांतो से विद्वान और शोधार्थियों ने जुड़ कर शोध पत्र वाचन किया जिनमें डॉ परिमल, दीपांशु, डॉ पंकज कुमार शर्मा, धर्मपुरी वेदरत्न, ऋतु, रितिका, मनु, बिनोद, पवन, एजॉय, शशि, चिनीबाड, कुंदन, पंकज, जंगबहादुर आदि थे।

## चोरी का मोटरसाइकिल छुपाने व बिक्री के आरोप पर अभियुक्त को गिरफ्तार कर भेजा जेल



**सेन्हा-लोहरदगा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** चोरी का मोटरसाइकिल छुपाने तथा बिक्री करने के आरोप पर सेन्हा थाना पुलिस ने अरु से अभियुक्त को गिरफ्तार कर भेजा जेल। सेन्हा थाना क्षेत्र के अरु से सेन्हा थाना पुलिस अभियुक्त को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में लोहरदगा जेल भेजा। इस संदर्भ में थाना प्रभारी धनंजय कुमार पासवान ने बताया कि सेन्हा थाना कांड संख्या 99/22 के आलोक में जांच पड़ताल के दौरान अरु निवासी जमाल अंसारी के 35 वर्षीय पुत्र साजिद अंसारी को चोरी कांड में संलिप्त होने की पुष्टि पर गिरफ्तार किया गया है। बताया जाता है कि गुप्त सूचना के आधार पर छपेमारी टीम गठित कर आरोपी को गिरफ्तार किया गया है। छपेमारी टीम में स0आ0नि0 राजेश शर्मा ने शस्त्र बल के साथ कारवाई करते हुए आरोपी को उसके निवास स्थान अरु से गिरफ्तार किया है। आरोपी साजिद अंसारी को मेडिकल जांच के पश्चात जेल ले जाने के दौरान स0आ0नि0 जमशेद खान ने बताया कि मोटरसाइकिल चोरी कर बिक्री करने के आरोप पर पुलिस कारवाई किया गया है। साथ ही पूछताछ के क्रम में आरोपी अपना जुर्म भी कबूल किया है।

## ग्राम नगजुवा मे साईबर क्राईम की रोकथाम, व अंधविश्वास की जागरूकता को लेकर पूअनि ने किया बैठक



**कैरो-लोहरदगा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** थाना क्षेत्र कैरो जिला लोहरदगा के अंतर्गत 13 मई शुक्रवार को थाना क्षेत्र में साईबर क्राईम व ठगी का रोकथाम, व समाज मे डायन-बिसाही प्रथा पर जागरुकता को लेकर ग्रामीणो के साथ कैरो थाना पुलिस अवर निरीक्षक हरिऔंध करमाली ने किया बैठक। बैठक में श्री करमाली ने कहा कि बदलती दुनिया के दौर मे क्राईम करने वाले व्यक्ति नए नए हथकण्डे अपनाकर लोगों को ठगने का काम कर रहे हैं, साईबर क्राईम को अंजाम देने वाले अपराधी लोगो के बैंक खाते से पैसा घर बैठे निकाल कर ठगी का काम करते हैं, आप सभी कभी भी फोन पर अपना आधार नम्बर किसी अंजान व्यक्ति को न दे,वही मोबाईल मे किसी भी प्रकार का ओटीपी आता है तो ओटीपी नम्बर अंजान व्यकित को न बताये। श्री करमाली ने साईबर क्राईम के अलग अलग हथकण्डे से आम अवाम को सावधान रहने की बात कही, वही डायन-बिसाही जैसे अंधविश्वास से भी अपने एवं मानव समाज के लोगो को दूर रहने की बात कही। आज के उक्त जागरूकता बैठक मे नगजुवा के काफी संख्या मे ग्रामीणो के अलावा कैरो थाना के पुलिस बल मौजूद थे।

# राज्यसभा सांसद धीरज प्रसाद साहू ने किया वृद्धाश्रम का उद्घाटन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** सांसद धीरज प्रसाद साहू ने आज सदर प्रखण्ड के मन्हो पंचायत स्थित बाजारटांड़ में वृद्धाश्रम का उद्घाटन किया। होप संस्था द्वारा संचालित इस वृद्धाश्रम में वर्तमान में कुल 09 वृद्ध हैं। उद्घाटन के मौके पर माननीय सांसद ने कहा कि होप संस्था द्वारा यह काफी बेहतर प्रयास है जो यहां वृद्धजनों के लिए एक आश्रय में उनकी सेवा की जा रही है। उन्हें सभी मूलभूत सुविधाएं दी जा रही हैं। मेरे द्वारा और जिला के उपायुक्त द्वारा जो भी संभव सहयोग की अपेक्षा होगी,अवश्य मिलेगी। इस वृद्धाश्रम को सशक्त बनाने के लिए हरसंभव कार्य हम सभी मिल कर करेंगे। सांसद द्वारा बेडरूम,कैटरिंग रूम, डाइनिंग रूम, किचेन, टॉयलेट आदि कमरों का निरीक्षण भी किया गया। आज इस मौके पर उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण, जिला परिषद अध्यक्ष रीना कुमारी, सांसद प्रतिनिधि अशोक यादव, जिला परिषद सदस्य कैरो सुखदेव उराँव, जिला परिषद सदस्य सेन्हा राधा तिर्की, जिला परिषद सदस्य किस्को संदीप कुमार, प्रमुख सुनीता, मुखिया लक्ष्मी उराँव, ग्राम प्रधान

# बीडीओ ने पुस्तकालय का किया औचक निरीक्षण



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सेन्हा-लोहरदगा :** सेन्हा प्रखंड के नन्दलाल प्लस 2 उच्च विद्यालय में संचालित पुस्तकालय का बीडीओ द्वारा औचक निरीक्षण किया गया। प्रखंड क्षेत्र के नन्दलाल प्लस 2 उच्च विद्यालय में जिला प्रशासन के निर्देश में सद्भवना मंच के तहत संचालित पुस्तकालय का प्रखंड विकास पदाधिकारी अशोक कुमार चोपड़ा व प्रखंड शिक्षा प्रसार पदादिकारी ने औचक निरीक्षण करते हुए पुस्तकालय संचालित करने के लिये आवश्यक दिशा निर्देश दिया। जानकारी के अनुसार बता दे की विद्यालय में पढ़ने वाले बच्चों का सुविधा के लिये पुस्तकालय का उद्घाटन किया गया था। विद्यालय में अध्ययनरत विद्यार्थियों को पुस्तकालय में आराम से बिना शोर शराबा का शांतिपूर्वक पढ़ाई करने का अवसर मिलता है। वही बीडीओ अशोक कुमार चोपड़ा ने कहा की पुस्तकालय में पढ़ने के लिए सभी तरह की पुस्तकों का व्यवस्था किया गया है। छात्र छात्राएँ अनुशासन में रहकर पढ़ाई करें। वही विद्यालय के शिक्षक तथा छात्र छात्राओं से पुस्तकालय और पुस्तक का जानकारी लेते हुए निर्देश दिया कि विषयवार कक्षाशः पुस्तक को रखें और जरूरत के अनुसार किताब का प्रयोग पढ़ाई में करें तथा विद्यार्थी कोई भी पुस्तक को घर ले जाना चाहते हैं। तो पुस्तकालय पंजी में छात्र छात्रा का नाम, पुस्तक का नाम व कक्षा दर्ज करें साथ ही कहा कि इच्छुक विद्यार्थी हो कर किताब से रिश्ता रखें जिसे आप सभी कामयाब बन सकेंगे। मौके पर बीडीओ अशोक कुमार चोपड़ा, प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी रामकरण द्विवेदी, प्रखंड कृषि पदाधिकारी रघुनन्दन वैद्य के अलावे शिक्षक शिक्षिका एवं छात्र छात्राएँ उपस्थित थे।

# एंटी क्राइम अभियान के तहत पुलिस ने चलाया गया सघन वाहन जांच



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सेन्हा-लोहरदगा :** एंटी क्राइम अभियान के तहत सेन्हा थाना अन्तर्गत बक्सीडीपा के समीप लोहरदगा गुमला मुख्य मार्ग पर पुलिस प्रशासन द्वारा वाहन जाँच अभियान चलाया गया। पुलिस अधीक्षक आर रामकुमार के निर्देश पर सेन्हा थाना क्षेत्र के बक्सीडीपा के समीप थाना प्रभारी धनंजय पासवान के नेतृत्व में शस्त्र बल के सहयोग से एंटी क्राइम अभियान के तहत वाहन जांच चलाया गया। वाहन जांच के दौरान वाहन की डिक्की,बैग, थैला खुलवा कर आपत्तिजनक वस्तु या नशीला पदार्थ होने की सम्भवना में जांच किया गया। वाहन जांच के दौरान चार पहिया वाहन सहित टेम्पू, बाइक, स्कूटी पर भी पुलिस की पौनी नजर बनी हुई थी। साथ ही वाहन सवार लोगों से पूछताछ भी किया जा रहा था। इस संदर्भ में थाना प्रभारी धनंजय कुमार पासवान ने जानकारी देते हुए कहा कि पुलिस अधीक्षक आर रामकुमार के निर्देश पर वाहनों का जांच किया जा रहा है। जिससे क्षेत्र में क्राइम और अपराधियों पर अंकुश लगाया जा सके और वैसे लोगो के विरुद्ध कारवाई किया जा सके जो क्राइम में संलिप्त हो या जिनके द्वारा क्राइम को बढ़ावा देने की सम्भवना प्रतीत होता है। साथ ही उन्होंने कहा की वाहन जांच अभियान अगले आदेश तक जारी रहेगा।

# राष्ट्रीय लोक अदालत में 181 मामलों का हुआ निष्पादन, कुल 77,03,884 रुपये की हुई वसूली



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** व्यवहार न्यायालय परिसर में 13 मई को वर्ष का दूसरा राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन लोहरदगा जिला विधिक सेवा प्राधिकार के द्वारा किया गया। जिसमें 181 कोर्ट केस का निष्पादन किया गया। 265 प्रिलिटिगेशन वादों का निपटारा किया गया। वहीं कुल 77,03,884 रुपये की वसूली अर्थदंड के रूप में किया गया। राष्ट्रीय लोक अदालत के बैनर तले 14,415 लोगों को विभिन्न सरकारी योजनाओं का लाभ दिया गया जिसमें कुल 8,23,77,194 रूपए के परिसंपत्तियों का वितरण जिला प्रशासन के विभिन्न इकाइयों के द्वारा किया गया। इससे पूर्व कार्यक्रम का उद्घाटन डालसा अध्यक्ष-सह- प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश श्री राजेंद्र बहादुर पाल, डालसा उपाध्यक्ष-सह-उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण, प्रधान न्यायाधीश, कुटुम्ब न्यायलय सुभाष, पुलिस अधीक्षक आर राम कुमार, बार के अध्यक्ष श्री प्रमोद पुजारी ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। इस बार राष्ट्रीय लोक अदालत में कुल छ्ः बेंचो का गठन किया गया था। बेंच संख्या -1 बिजली से संबंधित केस के निस्तारण के लिए जिला एवं सत्र न्यायाधीश प्रथम अखिलेश कुमार तिवारी के नेतृत्व में, बेंच संख्या -2 मोटर दुर्घटना, पारिवारिक विवाद, सिविल अपील जैसे वादों के केस निपटारे के लिए जिला एवं सत्र न्यायाधीश तृतीय अरविंद कुमार, बेंच संख्या - 3 मोटर व्हीकल एवं सिविल व ादों आदि मामले सिविल जज सीनियर डिविजन-2 अर्चना कुमारी,बेंच संख्या-4 सुलहनीय दांडिक वादों के लिए सीजीएम श्री चंदन,बेंच संख्या-5 बैंक संबंधित वादों के निष्पादन के लिए न्यायिक दंडाधिकारी प्रथम श्रेणी सुचिता निधि तिग्गा,बेंच संख्या-6 उपभोक्ता संबंधित मामलों के लिए कंजूमर फोरम मेंबर श्री नन्दलाल प्रसाद के नेतृत्व में बेंच का गठन किया गया था। उद्घाटन के समय पीडीजे सह डालसा अध्यक्ष ने कहा कि कोर्ट में मध्यस्थता का अलग महत्व है। कोर्ट में मिडिएटर की भूमिका बढ़ रही है। सरकारी योजना से वंचित लोगों को डालसा में कार्य कर रहे पीएलवी के माध्यम से जागरूक किया जाएगा। उपायुक्त ने कहा कि पैसे व समय की बर्बादी से बचने और आपस में सुलाह व शौहार्द रखने के लिए यह अच्छा आयोजन है। आयोजन को लेकर लोगों के द्वारा अच्छी प्रतिक्रिया मिल रही है। पुलिस अधीक्षक ने कहा कि आयोजन से कोर्ट और लोगों के समय की बचत होती है। क्योंकि समय काफी महत्वपूर्ण है। इसका उपयोग कैसे कर रहे है यह मायने रखता है। बार अध्यक्ष ने कहा कि राष्ट्रीय लोक अदालत का प्रचार प्रसार कर वादों का निपटारा किया जा रहा है। वहीं आपसे समझौते से मामलों का निष्पादन होने से आपसी भाईचारे बनी रहती है।

## युवक ने होमगार्ड के जवान पर तानी पिस्टल,सीओ को भी जान से मारने की दी धमकी, मामला दर्ज

**कुडू-लोहरदगा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** कुडू ब्लॉक मोड़ के नजदीक सरकारी लीची बागान में लीची तोड़ने से मना करने पर सिरफिरे युवक ने होमगार्ड के जवान पर पिस्टल तान दिया। इतना ही नहीं युवक पिस्टल लेकर प्रखंड सह अंचल मुख्यालय पहुचकर सीओ प्रवीण कुमार सिंह को भी जान से मारने की धमकी देने लगा। तत्काल सीओ ने इसकी सूचना थाना प्रभारी विश्वजीत कुमार सिंह को दिया। पुलिस पहुचने से पहले युवक पिस्टल लेकर भागने में सफल रहा। कुडू ब्लॉक मोड़ के नजदीक कस्तुरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय कुडू के चारदीवारी से सटे सरकारी लीची, आम अमरूद, कबरंगा तथा अन्य फलो का बगान है। जहा वर्तमान में लीची के पौधे में लीची का फल तैयार हो गया है। जिसका देखरेख के लिए सीओ प्रवीण कुमार सिंह ने होमगार्ड के जवान तथा चौकीदार की प्रतिनियुक्ति किया है। शुक्रवार को होमगार्ड जवान बगान में पहुंचा चार-पांच युवक लीची तोड रहें थे। होमगार्ड जवान को देखते ही चार युवक भाग निकले तथा एक युवक को पकड़ कर होमगार्ड के जवान ने सीओ के पास ले गया। सीओ ने युवक को आगे से उक्त बागान से लीची नहीं तोड़ने को कहा। इसके बावजूद युवक बगान पहुंचा तथा लीची तोड़ने लगा। होमगार्ड का जवान दोबारा बगान में पहुंचा तो जवान को देखते ही युवक बगल में छिपाकर रखे गए दो देशी कट्टा निकाला तथा होमगार्ड के जवान पर तान दिया। और जान से मारने की धमकी देने लगा। जवान वहाँ से भागकर अंचल कार्यालय पहुंचा तथा सीओ को सुचना दी। इसी बीच सिरफिरा युवक भी अंचल कार्यालय पहुंच गया औरवसीओ को जान से मारने की धमकी देने लगा। सीओ ने तत्काल इसकी सूचना थाना प्रभारी को दी। पुलिस के पहुंचने से पहले ही युवक भाग निकला। सीओ ने थाना प्रभारी को लिखित आवेदन देकर मामले की प्राथमिकी दर्ज करायी है। युवक फरार बताया जा रहा है। दिन-दहाड़े पिस्टल लहराने की घटना से शहरी क्षेत्र के लोग सकते में है। पुलिस युवक की गिरफ्तारी के लिए छापामारी कर रहीं हैं।

## हॉकी इंडिया ने महिला जूनियर एशिया कप 2023 के लिए 18 सदस्यीय भारतीय जूनियर महिला टीम की घोषणा की




**सिमडेगा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** 18 सदस्यो की टीम में झारखंड के तीन खिलाड़ी दीपिका सोरेंग, महिमा टेटे और रोपनी कुमारी। तीनों ही खिलाड़ी सिमडेगा जिला के है। प्रीति टीम की कप्तानी करेंगी, जबकि दीपिका उपकप्तान । हॉकी इंडिया ने जापान के काकामीगहारा में 2 जून से शुरू होने वाले प्रतिष्ठित महिला जूनियर एशिया कप 2023 के लिए 18 सदस्यीय भारतीय जूनियर महिला टीम की घोषणा की। इस टीम में झारखंड की तीन खिलाड़ी है महिमा टेटे, दीपिका सोरेंग और रोपनी कुमारी। तीनों ही खिलाड़ी सिमडेगा जिला की है।दीपिका सोरेंग केरसई प्रखंड के करंगागुड़ी की रहने वाली है, महिमा टेटे सदर प्रखंड के बरकिछापर की तथा रोपनी कुमारी ठेठईटांगर प्रखंड के जामबहार की रहने वाली है। दीपिका सोरेंग और महिमा टेटे पूर्व से जूनियर इंडिया हॉकी टीम का प्रतिनिधित्व करते आ रही है वन्हि रोपनी कुमारी पहली बार जूनियर भारतीय महिला टीम के लिए चुनी गई है। भारतीय जूनियर महिला टीम ग्रुप चरण के दौरान पूल ए में कोरिया, मलेशिया, चीनी ताइपे और उज्बेकिस्तान से भिड़ेगी जबकि पूल बी में मेजबान जापान, चीन, कजाकिस्तान, हांगकांग चीन और इंडोनेशिया शामिल हैं। महिला जूनियर एशिया कप 2023 भारतीय जूनियर महिला हॉकी टीम के लिए एक महत्वपूर्ण घटना है क्योंकि टूर्नामेंट से शीर्ष तीन देश एफआईएच जूनियर महिला हॉकी विश्व कप 2023 के लिए क्वालीफाई करेंगे। भारत के अभियान की अगुवाई कैप्टन प्रीति करेंगी जबकि दीपिका को उपकप्तान बनाया गया है। गोलकीपर माधुरी किंडो और अदिति माहेश्वरी को डिफेंडर महिमा टेटे, प्रीति, नीलम, रोपनी कुमारी और अंजलि बरवा के साथ टीम में शामिल किया गया है। मिडफ़ील्ड में रुतजा दादासो पिसल, मंजू चोरसिया, ज्योति छत्री, वैष्णवी विठ्ठल फाल्के, सुजाता कुजूर और मानश्री नरेंद्र शेडगे शामिल हैं। भारत की अग्रिम पंक्ति में अनुभवी मुमताज खान, उपकप्तान दीपिका और दीपिका सोरेंग के साथ-साथ नवागंतुक अन्नू और सुनिलिता टोप्पो कमान संभालेंगी। भारत अपने अभियान की शुरुआत 3 जून को उज्बेकिस्तान के खिलाफ करेगा और उसके बाद 5 जून को मलेशिया के खिलाफ मैच होगा। वे 6 जून को कोरिया से भिड़ेंगे और उसके बाद चीनी ताइपे के खिलाफ मैच होगा। सेमीफाइनल 10 जून को होगा जबकि फाइनल 11 जून को खेला जाएगा। भारतीय जूनियर महिला टीम में गोलकीपरः माधुरी किंडो, अदिति माहेश्वरी, डिफेंडर - महिमा टेटे, प्रीति, नीलम, रोपनी कुमारी, अंजलि बरवा, मिडफील्डर - रुतजा दादासो पिसाल, मंजू चौरसिया, ज्योति छत्री, वैष्णवी विठ्ठल फाल्के, सुजाता कुजूर, मानश्री नरेंद्र शेडगे, फॉरवर्ड - मुमताज खान, दीपिका, दीपिका सोरेंग, अन्नु, सुनिलिता टोप्पो रहेंगी।

# जनसूनवाई कार्यक्रम के माध्यम से जनता की समस्याओं का किया जा रहा निदान : डॉ. रामेश्वर उरांव

➲जनता के समस्याओं का समाधान प्राथमिकता के आधार पर किया जाएगा : धीरज प्रसाद साहू



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** शनिवार को माननीय विधायक लोहरदगा सह मंत्री डॉ रामेश्वर उरांव योजना सह वित्त विभाग वाणिज्य कर विभाग एवं खाद्य आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले विभाग झारखंड सरकार एवं माननीय राज्यसभा सांसद धीरज प्रसाद साहू के द्वारा कुडू प्रखंड के अंचल मुख्यालय में जनसुनवाई कार्यक्रम किया गया। जनसूनवाई कार्यक्रम में शामिल मुख्य अतिथि का स्वागत प्रखंड प्रशासन एवं पार्टी कार्यकर्ताओं के द्वारा ढोल नगाड़ा के साथ स्वागत करते हुवे प्रखंड मुख्यालय लाया गया जहां प्रखंड प्रशासन के द्वारा मुख्य अतिथि एवं अतिथियों का स्वागत पौधा एवं शॉल ओढ़ा किया गया। इस जनसुनवाई कार्यक्रम में कुडू प्रखंड के विभिन्न क्षेत्रों से आम ग्रामीण जनता हुवे शामिल। साथ ही आवदेन के माध्यम से सभी जनता एवं पार्टी के कार्यकर्ता माननीय मंत्री डॉ रामेश्वर उरांव एवं राज्यसभा सांसद धीरज प्रसाद साहू के समक्ष अपनी अपनी समस्याओं को लेकर आवेदन के माध्यम से रखी गई। इस जनसुनवाई कार्यक्रम में लगभग 150 आवेदन विधायक सह मंत्री डॉ रामेश्वर उरांव के समक्ष रखी गई। मुख्य तौर पर ग्रामीणों के मुख्य समस्या जमीन के मोटेशन कार्य, आवास योजना, पेयजल की समस्या, कृषि, राशन कार्ड, बिजली, सड़क, विधवा पेंशन, वृद्धा पेंशन, आदि समस्याओं को रखी गई। मौके पर मंत्री डॉ रामेश्वर उरांव ने कहा कि जनता के समस्याओं के लिए मेरे द्वारा लोहरदगा जिला के प्रत्येक प्रखंड में जनसुनवाई कार्यक्रम किया जा रहा है जिसका एक कड़ी कुडू ब्लॉक में जनसुनवाई कार्यक्रम किया गया है ।जनसुनवाई कार्यक्रम के माध्यम से जनता की समस्याओं का समाधान किया जा रहा है। राज्यसभा सांसद धीरज प्रसाद साहू ने ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कहा की जनसुनवाई कार्यक्रम प्रत्येक ब्लॉक में किया जा रहा है जिसमें जनता का समस्या का समाधान प्राथमिकता के आधार पर किया जा रहा है। जो भी मूलभूत सुविधाएं हमारे मंत्री सह स्थानीय विधायक मद के द्वारा एवं अन्य विभागों के द्वारा जनता के हित के लिए हो वह किया जा रहा है।

# सिमडेगा विधानसभा में झारखंड पार्टी चलाएगी सदस्यता अभियान : एनोस एक्का



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमडेगा :** सिमडेगा सदर प्रखंड अंतर्गत कोचेडेगा महुआ टोली में आयोजित विशेष प्रार्थना शिविर में झारखंड पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष सह पूर्व ग्रामीण विकास मंत्री एनोस एक्का शामिल हुए। इस मौके ग्रामीणों ने उनका भव्य तरीके से स्वागत किया मौके पर पंचायत के मुखिया शिशिर टोप्पो, पास्टर हनुक टोप्पो, पास्टर बेनु जोसेफ, प्रचारक ओलेम डुंगडुंग पंकज टोप्पो मुख्य रूप से उपस्थित रहे। मौके पर पूर्व मंत्री ने लोगों को संबोधित करते हुए कहा अनुग्रह प्रार्थना भवन में आकर आप सभी लोग परमपिता परमेश्वर का प्रार्थना करते हैं जिससे मन को शांति मिलती है और जीवन के सभी कष्टों से छुटकारा मिलता है आप सभी परमेश्वर पर इसी प्रकार विश्वास बनाए रखें। ईश्वर का एकलौता पुत्र होने के बावजूद पापियों के पाप को क्षमा करने के लिए धरती पर जन्म लिया और मानव कल्याण के लिए क्रूस का रास्ता चयन करते हुए मानव जीवन में प्रेम और मानवता का परिचय दिया। हमें उनके बताए मार्ग पर चलने की आवश्यकता है। आगे संबोधित करते हुए कहा कि झारखंड पार्टी आगे से अब दुगना उत्साह के साथ कार्य कर रही है 15 साल तक जेल में रहने के बाद जनता के बीच सेवा करने का पुनः मौका मिला है तो इसे जाया नहीं जाने दिया जाएगा। हाल के दिनों में झारखंड पार्टी अब विशेष रूप से सदस्यता अभियान चलाते हुए सिमडेगा विधानसभा कोलेबिरा विधानसभा दोनों जगहों पर हजारों की संख्या में कार्यकर्ताओं को झारखंड पार्टी में शामिल करते हुए संगठन को मजबूत कर आगामी विधानसभा चुनाव में पूरे जोर-शोर के साथ चुनाव लड़ेगी। उन्होंने कहा कि जिस प्रकार मंत्री रहते हुए कार्यकाल में क्षेत्र का चौतरफा विकास हुआ है उसी प्रकार फिर से एक बार क्षेत्र की जनता विश्वास के साथ हमें सहयोग करेंगे तो आने वाले दिनों में इस क्षेत्र का पूरा विकास होगा साथ ही उन्होंने कहा कि इस क्षेत्र में बिजली पानी सड़क आदि चीजों की समस्याओं को भी दूर की जाएगी। वही कोचेडेगा मुखिया के साथ प्रशासनिक अधिकारियों की हुई घटना का निंदा करते हुए इस मामले में उच्च स्तरीय जांच की मांग की ताकि समय रहते दोषी व्यक्ति के ऊपर कार्रवाई हो सके। इस मौके पर मनोरंजन टोप्पो, कमलेश डुंगडुंग,मेरी केरकेट्टा, ज्योति प्रकाश अनिल बा इकरामुल खान सहित काफी संख्या में लोग उपस्थित रहे।

## चलते चलते एक नजर

### सीबीएसई दसवीं की परीक्षा में संत जॉन्स स्कूल के बच्चों का रिजल्ट शत प्रतिशत

**रांची :** संत जॉन्स स्कूल इंग्लिश मीडियम के दसवीं के छात्रों का रिजल्ट सीबीएसई की परीक्षा में शत प्रतिशत रहा। कुल 96.2 प्रतिशत अंक प्राप्त कर रिधिमा कुमारी स्कूल टॉपर बनी। 93.8 प्रतिशत अंक के साथ मोहम्मद एहतेशाम अख्तर ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। शाश्वत कुमार ने कुल 91.6 प्रतिशत अंक लाकर पूरे विद्यालय में तृतीय स्थान प्राप्त किया, संदीप मिश्रा 91 प्रतिशत , आशियां नाग 90 प्रतिशत , पूजा कच्छप 90 प्रतिशत, पुरुषोंतम कुमार 87.5 प्रतिशत, यदीद सैमुअल मिंज 86.2 प्रतिशत, परवीन उरांव 86 प्रतिशत, शोनित निलेश बेक 84 प्रतिशत लाया।उनकी इस उपलब्धि पर परीक्षा में शामिल सभी बच्चों को स्कूल के प्राचार्य, शिक्षक शिक्षिकाओं तथा अभिभावकों ने उनके उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए उन्हें बधाई दी है।

### आप होना चाहते हैं मुरीद तो पहुंचे डोरंडा

**रांची।** जमात रजा ए मुस्तफा शाख रांची की ओर से मुरीद बनाने के लिए विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। 14, मई दिन रविवार को 10 बजे दिन काशाना ए हबीबी (अल्हाज मुहम्मद जुबैर हबीबी के मकान) रहमत कालोनी इस्ट डोरंडा राँची में किया गया है । इस अवसर पर हुजूर कायदें मिल्लत शहजादा ए हुजूर ताजूशशरी अह हजरत अल्लामा व मुफ्ती अशशाह मुहम्मद असजद रजा खान किब्ला दामजिल्लहुल आली वन्नूरानी क़ाज़ी उल कुजात फिलहिंद बरेली शरीफ़ की तकरीबन 2 घंटे के लिए आ हो रहे हैं। इस मौके पर यदि आप इनसे अबतक शरफे बैअत (मुरीद नहीं हो सके हैं तो, इस सुनहरे मौका पर हुजूर कायदे मिल्लत के दस्ते पाक पर शर्फे बैअत (मुरीद होने) के लिए आ सकते हैं। महिलाओं के मुरीद होने के लिए भी विशेष व्यवस्था किया गया है , इसलिए महिलाएं भी आकर हजरात से शरफ बैअत हो सकती हैं

### कर्नाटक में मोहब्बत की जीत हुई : वारिस कुरैशी



**रांची (प्रभात मंत्र संवाददाता):** रांची प्रदेश कांग्रेस कमेटी अल्पसंख्यक विभाग के पूर्व प्रवक्ता वारिस कुरैशी ने कहा कि कर्नाटका की जनता चोरी से सरकार बनाने वालों को स्वीकार नहीं किया साथ ही 40 पर्सेंट कमीशन खाने वाले को पिछले गली का रस्ता दिखा दिया। इसके लिए कर्नाटक कि जनता को हार्दिक धन्यवाद। प्रधानमंत्री मोदी और उनके दोस्त गृह मंत्री अमित शाह के द्वारा जो कर्नाटक में नफरत फैलाया गया था उसको वहां की जनता ने नकारते हुए स्पष्ट कर दिया कि आने वाले चुनावों में देश में नफरत नहीं मोहब्बत की जीत होगी। राहुल गांधी की पदयात्रा जो मोहब्बत की दुकान खोलने की कोशिश रही आज वह दुकान कर्नाटका में खुली और आने वाले दिनों में यह मोहब्बत की दुकान पूरे देश में खुल जाएगी और नफरत के सौदागरों को अपना बोरिया बिस्तर उठाकर इस देश से भागना पड़ेगा क्योंकि यह देश मोहब्बत का देश है।

# कर्नाटक की जीत में इमरान प्रतापगढ़ी का रहा अहम योगदान



एजेंसी

**नई दिल्ली :** कर्नाटक विधानसभा चुनाव में इस बार कांग्रेस की प्रदेश इकाई ने सब-कुछ खुद अपने कंट्रोल में रखकर चुनावी रणनीति तय की। मुद्दों से लेकर टिकट वितरण तक में प्रदेश इकाई का ही फीडबैक अहम रहा। इसी क्रम में, इस बार पार्टी ने अपने स्टार प्रचारकों की लिस्ट में सांसद इमरान प्रतापगढ़ी का नाम शामिल किया था। चुनाव के इन्होंने खूब पसीना बहाया। ढोल नगाड़ों के बीच जब प्रतापगढ़ी से पूछा गया कि वह स्टार प्रचारक थे। ऐसे में कांग्रेस का कौन सा सिक्का या दांव चला, जिससे पार्टी की जीत हुई। इस पर इमरान ने कहा कि राहुल गांधी की मोहब्बत का शोरूम खुला है। पहले हिमाचल में दुकान खोली थी अब कर्नाटक में शोरूम खोला है। नफरत की राजनीति पर मोहब्बत से जंग जीती है। भाजपा के मुकाबले कांग्रेस जीती है। नरेंद्र मोदी और अमित शाह की तुलना में राहुल और प्रियंका गांधी जीती हैं। उन्होंने आगे कहा कि नड्डा के मुकाबले खरगे जीते हैं। प्रतापगढ़ी से जब पूछा कि बजरंग बली की मूर्ति दिख रही है इस पर क्या कहेंगे तो उन्होंने कहा कि यह आप भाजपा से पूछिए, जिस नरेटिव को वे सेट कर रहे थे उसका क्या हुआ। आज आशीर्वाद किसे मिला है। उन्होंने कहा कि यहां खरगे का नारा जीता। इमरान उत्तर प्रदेश के प्रतापगढ़ जिले के रहने वाले हैं। उनका पूरा नाम मोहम्मद इमरान खान है। हालांकि, वह अपने जिले प्रतापगढ़ के नाम को तखल्लुस की तरह इस्तेमाल करते हैं। एक दौर में, प्रतापगढ़ी ने मुशायरों में अपनी पहचान बनाई थी। कहा जाता है कि उनकी शायरी में मोहब्बत के कम और सियासी तीर ज्यादा चलते हैं। इमरान ने इलाहाबाद यूनिवर्सिटी से हिंदी की पढ़ाई की है। उनकी हिंदी और उर्दू दोनों भाषाओं में अच्छी पकड़ है। उनके पिता मोहम्मद इलयास खान पेशे से डॉक्टर हैं। इमरान को बचपन से ही शायरी का शौक था। उन्होंने पांचवीं क्लास से शेर-ओ-शायरी, कविता लिखनी शुरू कर दी थी। प्रतापगढ़ी की मदरसा, फिलिस्तीन, हम मुसलमान हैं और नजीब पर लिखी गई नज़्में काफी चर्चित रही हैं। वह मुसलमानों की तालीम की वकालत करते हैं, साथ ही मुसलमानों के हक और राजनीतिक मुद्दों पर अपनी स्पष्ट सोच रखते हैं। वक्त-वक्त पर इमरान सियासी मंचों पर भी नजर आते रहे हैं। उन्होंने एक दौर में अन्ना हजारे के खिलाफ भी नज़्में पढ़ी थीं। इमरान ने बताया कि कैसे वह कांग्रेस के साथ जुड़े। उन्होंने बताया था कि साल 2018 में उनकी राहुल गांधी से मुलाकात हुई थी। ये मुलाकात आधे घंटे के लिए तय हुई थी, लेकिन डेढ़ घंटा कहां बीत गया पता ही नहीं चला। इस दौरान शायरी से लेकर सियासत और देश के मुद्दों पर बातचीत हुई थी। उन्होंने कहा था कि इस पूरी मुलाकात में उन्हें राहुल गांधी की सादगी और उनके विजन ने बहुत प्रभावित किया था। सोने पे सुहागा तब हुआ जब प्रियंका गांधी आई। एक अलग जोश भर गया था। प्रतापगढ़ी ने साल 2019 में मुरादाबाद लोकसभा सीट से कांग्रेस पार्टी से चुनाव भी लड़े थे। हालांकि, इस चुनाव में उनको हार का सामना करना पड़ा था। बाद में उनको 3 जून, 2021 में अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के अल्पसंख्यक विभाग का अध्यक्ष नियुक्त किया गया। जून 2022 में, प्रतापगढ़ी भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के नामांकन पर महाराष्ट्र से राज्यसभा के लिए चुने गए। फिलहाल वह राज्यसभा के वर्तमान सदस्य हैं।

## कर्नाटक में कांग्रेस को मिला बजरंगबली का आशीर्वाद : पूर्णिमा



प्रभात मंत्र संवाददाता

**मेदिनीनगर :** कर्नाटक विधानसभा चुनाव के परिणाम आने पर झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी की प्रदेश सचिव सह ज़ोनल प्रवक्ता पूर्णिमा पांडे ने प्रतिक्रिया देते हुये बताया कि विधानसभा चुनाव में कांग्रेस पार्टी की जीत जनता की जीत और बजरंगबली का आशीर्वाद मिला है। बहुत शर्म की बात है कि बीजेपी ऐसी पार्टी है जो चुनाव जीतने के लिये धर्म और भगवान का सहारा लेती हैं। मगर कर्नाटक की जनता ने 40त्न कमीशनखोरी की सरकार को करारा जवाब दिया है। यह लोकतंत्र की जीत है एवं झूठी जिमलेबाजी वाली राजनीति की हार है।

इस कर्नाटक चुनाव में जहां बीजेपी बजरंगबली का सहारे चुनाव जीतना चाहती थी। वहीं यह मुद्दा बीजेपी के लिये उल्टा पड़ गया और बुरी तरह हार गई। वहाँ पर मोदी जी का ना मुखड़ा चला ना दुखड़ा चला। अब धीमे धीमे करके देश की जनता इस झूठी सरकार को समझने लगी है और 2024 के लोकसभा में भी पूरे देश की जनता इन्हें करारा जवाब देगी। जहां पर देश में राजनीतिक मुद्दा विकास, महँगाई और बेरोज़गारी होनी चाहिये। मगर यह बीजेपी पार्टी पूरे देश में राजनीति को धार्मिक आधार पर करके चुनाव जीतना चाहती है। भाजपा की इस झूठी और जुमलेबाजी वाली राजनीति को देश की जनता समझने लगी है। भगवान को राजनीति में लाकर और धार्मिक आधार पर वोटों का ध्रुवीकरण करने वाली राजनीति बहुत दिनों तक नहीं चलने वाली है। आज नहीं तो कल धीरे धीरे करके पूरे देश की जनता इस बात को समझ जाएगी और यही संदेश कर्नाटक विधानसभा चुनाव के परिणाम से मिलता है।

## कर्नाटक कांग्रेस अध्यक्ष डीके शिवकुमार ने लगाया जीत का चौका



एजेंसी

**बेंगलुरु :** कर्नाटक के कांग्रेस अध्यक्ष डीके शिवकुमार ने कनकपुरा सीट पर जीत हासिल कर ली है. बीजेपी ने राज्य के राजस्व मंत्री आर अशोक को और जेडीएस ने बी नागराजू को डीके शिवकुमार के खिलाफ मैदान में उतारा था.वहीं, कनकपुरा सीट पर डीके शिवकुमार के जीत हासिल करने के बाद अब मुख्यमंत्री के नाम पर चर्चाएं गर्म हो गई हैं. शिवकुमार के समर्थकों का मानना है कि क्षेत्र में वोटों का कांग्रेस पार्टी में शिफ्ट करने में उन्होंने बेहद अहम भूमिका निभाई है जिस कारण उन्हें सीएम बनना ही चाहिए. दरअशल, डीके. शिवकुमार ने कनकपुरा सीट से करीब 40 हजार वोटों से जीत हासिल की है. शिवकुमार के समर्थक कांग्रेस आलाकमान से मांग कर रहे हैं कि इन्हें राज्य का मुख्यमंत्री बनाया जाए. डीके शिवकुमार ने शुक्रवार को दावा कर कहा था कि पार्टी कम से कम 141 सीटें जीतेगी और बहुमत की सरकार बनाएगी. इस दौरान उन्होंने 'रिसॉर्ट पॉलिटिक्स' (निर्वाचित विधायकों को खरीद फरोख्त से बचाने के लिए रिसॉर्ट में रखना) की वापसी की संभावना को भी खारिज करते हुए कहा कि यह दौर 25 साल पहले खत्म हो गया. शिवकुमार ने कहा, बीजेपी के लोगों ने चाहे जितना पैसा उड़ाया हो, चाहे उनके बड़े नेताओं ने जम कर प्रचार और मेहनत की हो, लेकिन बैलेट बुलेट पर भारी है.

## बिरसा कृषि विवि के कृषि तकनीकी पार्क में खड़ी फसलों का किया भ्रमण



प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची :** बिरसा कृषि विश्वविद्यालय के कृषि तकनीकी पार्क में खड़ी फसलों का बिरसा कृषि विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ ओंकार नाथ सिंह, निदेशक अनुसंधान डॉ पीके सिंह, डीन एग्रीकल्चर डॉ डीके शाही एवं 15 सदस्यीय वैज्ञानिकों के साथ भ्रमण किया। साथ ही फसल के प्रदर्शन पर चर्चा एवं फसल के विकास की तकनीकी समीक्षा की। कृषि मंत्रालय ने 28 अप्रैल को जारी आंकड़ों में इस वर्ष गर्मियों की फसल (गरमा फसल) यानी जायद फसल का रकबा मामूली घटकर 65.29 लाख हेक्टेयर बताया है जबकि दलहन और मोटे अनाज (मिलेट्स फसल) का रकबा बढ़ी है। आंकड़ों के मुताबिक चालु गरमा (जायद) खेती में मोटे अनाज का बुवाई क्षेत्र 10.19 लाख हेक्टेयर से बढ़कर 10.86 लाख हेक्टेयर बताया गया है। यूएनओ द्वारा घोषित अंतरराष्ट्रीय मिलेट्स वर्ष-2023 में यह एक सकारात्मक संकेत है। कुलपति डॉ ओंकार नाथ सिंह की पहल पर मिलेट्स शोध से जुड़े वैज्ञानिकों ने 18 मार्च को गरमा फसल के रूप में प्रोसो मिलेट्स (चिना प्रभेद-जीपीयूपी), लिटिल मिलेट्स (गुन्दली प्रभेद-बिरसा गुन्दली) एवं रागी (प्रभेद-बिरसा मडुआ-3 एवं बिरसा सफेद मडुआ-1) की बुवाई की। निदेशक अनुसंधान डॉ पीके सिंह ने कहा कि प्रदेश में खरीफ मौसम में खरपतवार की अधिकता की वजह से गुन्दली फसल का बढ़िया विकास नहीं होता है। गरमा खेती में गुन्दली फसल का बढ़िया प्रदर्शन एक शुभ संकेत है। मिलेट्स फसलों की मिश्रित खेती से भी किसान लाभ ले सकते हैं। डीन एग्रीकल्चर डॉ डीके शाही ने मिलेट्स की खेती में पोषक तत्वों की स्थिरता में वृद्धि तथा मिट्टी की उर्वरता में सुधार से उत्पादकता में बढ़ोतरी की बात कही। परियोजना अन्वेषक डॉ अरुण कुमार ने बताया कि इस शोध सफलता से गर्मियों में मिलेट्स फसलों की खेती को बढ़ावा मिलेगा। पोषक गुणों से भरपूर मिलेट्स फसलों की वैज्ञानिक खेती से किसान बढ़िया आय प्राप्त कर सकते हैं। राज्य के इच्छुक बिरसा किसान, विश्वविद्यालय के अनुवांशिकी एवं पौधा प्रजनन विभाग की परियोजना ईकाई में वैज्ञानिकों से निः शुल्क तकनीकी जानकारी ले सकते है। मिलेट्स फसलों का प्रमाणित बीज निर्धारित दर पर खरीद सकते हैं।

### आईएएस अधिकारियों की संपत्ति और स्रोतों की हो जांच : राजेश

**रांची।** सामाजिक - राजनीतिक कार्यकर्ता राजेश कुमार ने आओ कभी चौराहे पर अभियान के तहत इस शनिवार अल्बर्ट एक्का चौक पर पोस्टर के माध्यम से राज्य में कार्यरत सभी आईएएस अधिकारियों कि संपत्ति और स्रोतों की जाँच कि माँग की है। साथ हीं उन्होंने हेमंत सरकार से रोजगार पर भी सवाल पुछे। राजेश ने कहा की हाल के दिनों में पूजा सिंघल, छवि रंजन जैसे बड़े अधिकारी भ्रष्टाचार में पूरी तरह संलिप्त पाये गये हैं। जो पद और शक्ति उन्हें राज्य की सेवा के लिये दी गयी थी, उसका दुरूपयोग उन्होंने राज्य और राज्य की जनता को लूटने के लिये जिया। उन्होंने ना केवल भ्रष्टचार किया बल्कि झारखंड जैसे संसाधनों से भरपूर गरीब राज्य को लूट का चारागाह बनाने के लिये अपने शक्तियों के दुरुपयोग के द्वारा भ्रष्टाचार को संरक्षण भी दिया है।

## दिल्ली के खिलाड़ी लक्ष्मण और सिद्धांत ने दुबई में जीते 4 सिल्वर मेडल



एजेंसी

**दिल्ली:** दिल्ली के 3 खिलाड़ियों लक्ष्मण सिंह भंडारी, संजय देसवाल और संजय कथूरिया को 28 अप्रैल से 4 मई 2023 तक दुबई के अजमान में आयोजित 21वीं एशियन आर्म रेसलिंग चैंपियनशिप 2023 में भाग लेने के लिए भारतीय आर्म रेसलिंग टीम में चुना गया था, जिसमें लगभग 20 देशों ने भाग लिया था। इस चैंपियनशिप में लक्ष्मण सिंह भंडारी ने बाएं और दाएं हाथ से दो रजत पदक जीते और सिद्धांत ने भी बाएं और दाएं हाथ में दो रजत पदक जीते, संजय देसवाल ने भी कड़ी टक्कर दी लेकिन पदक हासिल करने से चूक गए। दिल्ली एसोसिएशन के महासचिव और कोच लक्ष्मण सिंह भंडारी ने भी कहा कि किसी भी अंतरराष्ट्रीय मंच में पदक लेना बहुत कठिन है और इसके लिए बहुत मेहनत की जरूरत होती है और आप बहुत कुछ सीखते भी हैं। उन्होंने कहा कि अगली बार हम भारत के लिए और पदक जीतने के लिए और एथलीटों को तैयार करेंगे। सिद्धांत कथूरा ने कहा कि यह किसी भी अंतरराष्ट्रीय चैंपियनशिप में उनका पहला मौका था और रजत जीतना वास्तव में बहुत अच्छा अनुभव है लेकिन अगली बार और अधिक कठिन प्रशिक्षण लेंगे और स्वर्ण पदक जीतेंगे।अध्यक्ष रविंदर गुप्ता, मुख्य संरक्षक रोशन लाल गोरखपुरिया व अध्यक्ष विजय मानव व उपाध्यक्ष सतीश जिंदल ने विजेताओं को बधाई दी.

## क्रिकेट की संभावनाओं को तलाशने के लिए होगा नमो क्रिकेट कैंप : संजय सेठ




प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची :** रांची के सांसद संजय सेठ ने कहा कि नमो क्रिकेट कैंप का आयोजन क्रिकेट की संभावनाओं को तलाशने के लिए होगा। सांसद शनिवार को अरगोड़ा स्थित कार्यालय में प्रेस कांफ्रेंस में बोल रहे थे।

उन्होंने कहा कि रांची में क्रिकेट की अपार संभावनाएं हैं। इसे तराश कर और बेहतर किया जा सकता है। रांची ने क्रिकेट जगत को महेंद्र सिंह धोनी जैसे सितारे दिए। भविष्य में कई महेंद्र सिंह धोनी रांची में है, उनका मनोबल बढ़ाने की आवश्यकता है। थोड़े बेहतर प्रशिक्षण की आवश्यकता है। इसी उद्देश्य से एक जून से 10 जून 2023 तक शारदा ग्लोबल स्कूल बुकरू (कांके) में 10 दिवसीय नमो क्रिकेट कैप का आयोजन किया गया है। सांसद ने कहा कि इस क्रिकेट कैंप का संचालन बिहार झारखंड के भूतपूर्व रणजी खिलाड़ी प्रदीप खन्ना के मार्गदर्शन में संपन्न होगा। यहां बच्चों को क्रिकेट के बेहतर गुर सिखाया जाएंगे। इस क्रिकेट कैप में नवोदित अंडर 17 क्रिकेटरों को प्रशिक्षण दिया जाएगा। प्रशिक्षण शिविर के लिए फॉर्म विद्यालय के माध्यम से ही स्वीकार किया जायेगा। प्रशिक्षण में भाग लेने वाले खिलाडियों की उम्र सीमा 15 से 17 वर्ष निर्धारित की गई है।

प्रशिक्षण में भाग लेने वाले बच्चों के लिए फॉर्म भरने की अंतिम तिथि 25 मई रखी गई है। इस प्रशिक्षण शिविर में जितने भी बच्चे भाग लेंगे उनका एक ट्रायल लिया जाएगा। ट्रायल के आधार पर 50 बच्चों को प्रशिक्षण के लिए सेलेक्ट किया जाएगा। ट्रायल 28 मई दिन रविवार को शारदा ग्लोबल स्कूल में संपन्न होगा। यह प्रशिक्षण सुबह 7:00 बजे से 12:00 बजे तक आयोजित की जाएगी।

### आईआईटी कानपुर के भौतिकी के पूर्व प्रोफ़ेसर डॉ. एचसी वर्मा ने दृश्यम इंस्टिट्यूट में दिया व्याख्यान

## डॉ. एचसी वर्मा के आगमन से धन्य हुई पलामू की धरती : अविनाश देव



प्रभात मंत्र संवाददाता

**मेदिनीनगर :** जेएमपी कॉम्पलेक्स स्थित दृश्यम इंस्टिट्यूट में चैट विथ चैंपियन सेमिनार का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि आईआईटी कानपुर के पूर्व भौतिकी प्रोफ़ेसर डॉक्टर एचसी वर्मा, विशिष्ट अतिथि पलामू एसपी चंदन सिन्हा, संत मरियम स्कूल के चेयरमैन अविनाश देव, संत मरियम स्कूल प्राचार्य कुमार आदर्श, और दृश्यम इंस्टिट्यूट के मैनेजिंग डायरेक्टर प्रवीण दुबे ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। दीप प्रज्वलन के पश्चात अविनाश देव ने शॉल और बुके के साथ मुख्य अतिथि के साथ मौजूद सभी अतिथियों का स्वागत किया। साथ ही संगीत शिक्षक श्याम किशोर पांडेय के नेतृत्व में कनक एंड ग्रुप के द्वारा स्वागत गान प्रस्तुत किया गया।स्वागत भाषण में अविनाश देव ने कहा कि सर के आगमन से पलामू की धरती धन्य हो गई। कहा कि निश्चित तौर पर पलामू जैसे सुदूरवर्ती क्षेत्र में डॉक्टर एचसी वर्मा से भौतिकी के विभिन्न तथ्यों पर चर्चा करके छात्र मार्गदर्शन प्राप्त कर अनेकों कठीन परिक्षाओ में बेहतर परिणाम हासिल करेगें।

मौके पर पलामू एसपी चंदन सिन्हा ने कहा की पलामू में सर का आगमन हम सभी के लिए गौरव है। हम सभी ने अपने अध्ययन काल के दौरान इनके पुस्तकों का अध्ययन किया है। आज साक्षात सर के साथ अनेकों कठीन तथ्यों पर परिचर्चा निश्चित तौर पर विद्यार्थियों के लिए मिल का पत्थर साबित होगा। मुख्य अतिथि पद्म श्री डॉक्टर एचसी वर्मा ने कहा की हम सभी बचपन से ही भौतिकी से परिचित है मगर इससे अनजान है। एक कमरे में रखी हुई पुस्तक कुछ दिनों बाद हमे पुनः वही से प्राप्त होती है। अर्थात् हमने बिना व्याख्या के न्यूटन का प्रथम नियम सिख लिया। अपने संबोधन में डॉक्टर एचसी वर्मा ने कहा की हम सभी को किसी भी परीक्षा में बेहतर परिणाम हासिल करने के लिए विभिन्न टयूशन की नही बल्कि पढ़ाई में स्वतंत्र रूप से स्वाध्याय करने की आवश्यकता है। बेहतर डॉक्टर और इंजीनियर बनने वाले बहुत सारे छात्र वैसे भी होते है। जिन्होने जीवन में कभी किसी कोचिंग का सहारा नही लिया है।

### डॉ.एचसी वर्मा ने छात्रों के कठिन प्रश्नों का दिया उत्तर

अपने संबोधन के पश्चात भौतीकी के प्रसिद्ध शिक्षक पद्म श्री डॉक्टर एचसी वर्मा ने उपस्थित छात्रों के विभिन्न कठीन प्रश्नों का सहज और सरल रूप में उत्तर दिया। उपस्थित सभी अभिभावको और छात्रों ने आज के इस सेमिनार की भूरी भूरी प्रशंसा किया। सेमिनार के बाद सभी बच्चें के चेहरे पर शानदार मुस्कान कायम था। निश्चित तौर पर इस और सफल सेमिनार के लिए दृश्यम इंस्टिट्यूट के मैनेजिंग डायरेक्टर प्रवीण दुबे और संत मरियम स्कूल के चेयरमैन श्री अविनाश देव बधाई के पात्र हैं।

### कार्यक्रम में इनकी रही उपस्थिति

कार्यक्रम में मंच संचालन दृश्यम इंस्टीट्यूट के गणित शिक्षक रिया और केमिस्ट्री शिक्षक अजीम सर ने किया। मौके पर बीपीएम ज्ञान निकेतन स्कूल के चेयरमैन बलिराम शर्मा , प्रसिद्ध सर्जन सुशील कुमार पांडेय, कैंब्रिज स्कूल के प्रिंसिपल नंद किशोर भारती, अफताब आलम, विजय दूबे, कुंदन दुबे आईआईटी खड़गपुर, फिजिक्स फैकल्टी पंकज सर, पीयूष सर, कौशल पटेल, सिद्धार्थ कुमार छोटू सहित हजारों विद्यार्थी मौजूद रहे।